खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 06 अक्टूबर, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-6 । अंक-277





# अमेरिका–ब्रिटेन ने किया यमन एयरपोर्ट पर हमला, हूती विद्रोहियों ने दी चेतावनी

**बैरूत, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।**
पश्चिम एशिया में तनाव के बीच अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन पर हवाई हमला कर दिया है। अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन की राजधानी सना और होदेइदाह एयरपोर्ट समेत यमन के कई हिस्सों पर हमले किए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि हमलों में धमार शहर के दक्षिण क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया है। अमेरिका ने यह कार्रवाई लाल सागर में एक अमेरिकी जहाज को निशाना बनाए जाने के बाद की है।

बता दें कि यमन के हूती विद्रोहियों ने विगत दिवस लाल सागर में विस्फोटकों से लैस एक ड्रोन दागा, जो एक पोत से टकराया और एक मिसाइल भी दूसरे जहाज से टकराई। इजराइल–हमास युद्ध के क्षेत्रीय टकराव में तब्दील होने की संभावना के बीच, यह हमला विद्रोहियों द्वारा वाणिज्यिक जहाजों पर पिछले कुछ सप्ताहों में किया गया। हूती विद्रोहियों ने इजराइल के ऊपर उड़ रहे एक अमेरिकी सैन्य ड्रोन को मार गिराने के बाद इजराइल को निशाना बनाकर सैन्य अभियान तेज करने की धमकी दी थी।

पोत पर हमला लाल सागर में बंदरगाह शहर होदेदा से करीब 110 किलोमीटर दूर हुआ। हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजरने वाले पोत को निशाना बनाकर हमले हाल में तेज कर दिए हैं। ब्रिटिश सेना ने चेतावनी दी कि एक पोत के कैप्टन ने अपने जहाज के पास पानी में गतिविधियां देखीं जो संभवतः पोत पर दागी गई मिसाइल या ड्रोन थे। चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं और पोत अगले बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है। मिसाइल से किया गया एक अन्य हमला एक अलग जहाज को निशाना बनाकर किया गया जो स्वेज नहर उत्तर की ओर जा रहा था और उस पर सशस्त्र सुरक्षाकर्मी सवार थे। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने बाद में एक पूर्व में रिकॉर्ड किये गए संदेश में, दोनों हमलों की जिम्मेदारी ली है।

## न्यूज ब्रीफ

### जापान ने लेबनान से 11 नागरिकों, चार फ्रांसीसी व एक अन्य को सुरक्षित जॉर्डन पहुंचाया



**टोक्यो।** जापान ने युद्ध की लपटों से घिरे लेबनान से अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालना शुरू कर दिया है। जापान सरकार ने कहा कि इजराइल और ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स के एक विमान ने शुक्रवार को 16 लोगों को लेबनान से पड़ोसी देश जॉर्डन पहुंचाया। जापान टुडे समाचार पत्र के अनुसार, इन सभी जापान के विमान से जॉर्डन पहुंचाया गया। गुरुवार सुबह पश्चिमी जापान के टोटोरी के एएसडीएफ बेस से विमान को भेजा गया। जापान के नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए रक्षामंत्री जनरल नकातानी के आदेश पर सी–2 परिवहन विमान को जॉर्डन में स्टैंडबाय पर रखा गया। जापान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, लेबनान से सुरक्षित निकाले गए लोगों में ग्यारह जापानी नागरिक, चार फ्रांसीसी नागरिक व एक अन्य विदेशी व्यक्ति को सुरक्षित जॉर्डन पहुंचा दिया गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इजराइल–हिजबुल्लाह की शुरुआती झड़प के समय लेबनान में लगभग 50 जापानी नागरिक थे। इनमें से दो व्यक्ति पहले ही सरकार के सहयोगी से चार्टर विमान से रवाना हुए। यह गुरुवार को साइप्रस पहुंचे। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा कि एक अन्य सी–2 परिवहन विमान को जापानी नागरिकों की संभावित निकासी के लिए टोटोरी से जॉर्डन भेजा गया। वह ग्रीस के लिए उड़ान भरने वाला है।

### बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति एक्यूएम बदरुद्दोजा चौधरी का 94 वर्ष की आयु में निधन



**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति एक्यूएम बदरुद्दोजा चौधरी का निधन हो गया। राजधानी के उत्तरा स्थित महिला मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वह 94 वर्ष के थे। ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार (अंग्रेजी संस्करण) प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति बदरुद्दोजा चौधरी लंबे समय से विभिन्न शारीरिक जटिलताओं से पीड़ित थे। उनके पुत्र माही बी चौधरी ने कहा कि उनका पार्थिव शरीर बारीधारा स्थित बदरुद्दोजा चौधुर के आवास पर ले जाया जाएगा। रविवार सुबह उनका पार्थिव शरीर मुंशीगंज के श्रीनगर स्थित उनके गांव ले जाया जाएगा। वहीं उन्हें दफनाया जाएगा।

### चटगांव बंदरगाह में तेल टैंकर में लगी आग, चालक दल के सदस्य की मौत



**ढाका।** चटगांव बंदरगाह में बांग्लादेश शिपिंग कॉर्पोरेशन के तेल टैंकर में आग लग गई। इससे चालक दल के सदस्यों में हड़कंप मच गया। वह तेल टैंकर से कूद गए। इस दौरान चालक दल के एक सदस्य की मौत हो गई। तेल टैंकर में लगी आग तेजी से फैल गई। उसने चटगांव बंदरगाह के बाहरी लंगरगाह पर बांग्लार शौरभ को अपनी जद में ले लिया। बांग्लार ज्योति पर घातक विस्फोट और आग लगने के पांच दिन बाद बांग्लार शौरभ में आग लगी। खबर के मुताबिक, बांग्लादेश तटरक्षक पूर्वी क्षेत्र के मीडिया अधिकारी लेफ्टिनेंट शाकिब महबूब ने चालक दल के सदस्य की मौत की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तटरक्षक दल ने कुल 46 लोगों को बचाया गया, जबकि दो अन्य तैरकर किनारे पर आ गए। तटरक्षक अधिकारी ने बताया कि टैंकर में आग लगने के बाद पानी में कूदे 22 लोगों में से एक को पटेंगा समुद्री तट के पास गंभीर हालत में पाया गया। उसे चट्टोग्राम मेडिकल कॉलेज अस्पताल (सीएमसीएच) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उल्लेखनीय है कि 30 सितंबर को चट्टोग्राम बंदरगाह पर ईंधन से भरे लाइटरेज जहाज पर विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी।

# लाहौर में पीटीआई और मरियम सरकार के बीच टकराव की आशंका

**लाहौर, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।**
पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) और मरियम नवाज शरीफ सरकार के बीच टकराव की आशंका बढ़ गई है। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र डॉन की खबर के अनुसार, लाहौर में पीटीआई और पंजाब सरकार के बीच टकराव लगभग तय लग रहा है। सरकार ने पीटीआई के महंगाई में कटौती, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और पार्टी संस्थापक इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर मीनार–ए–पाकिस्तान पर होने वाले विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।

पीटीआई के प्रदर्शन को %करो या मरो% कह रही है। उसकी कोशिश है कि प्रदर्शन निर्धारित कार्यक्रम पर हो। सरकार ने घोषणा की है कि वह धारा 144 के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेगी। उल्लेखनीय है कि सरकार रावलपिंडी और अन्य जिलों में पीटीआई प्रदर्शनकारियों को सफलतापूर्वक रोक चुकी है। अब लाहौर विरोध को कुचलने के लिए राज्य मशीनरी और सभी कानूनी शक्तियों का उपयोग करने का निर्णय लिया है।

मीनार–ए–पाकिस्तान में प्रभावशाली प्रदर्शन करने की रणनीति के हिस्से के रूप में पीटीआई नेतृत्व ने अपनी लाहौर इकाई के नेताओं को गिरफ्तारी से बचाने के लिए शुक्रवार को इस्लामाबाद डी–चौक पर विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए नहीं आने का निर्देश दिया था।

पीटीआई पंजाब के कार्यवाहक अध्यक्ष हम्माद अजहर ने उम्मीद जताई कि लाहौरवासी बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन में शामिल होंगे। अवाम मौजूदा सरकार के कथित फासीवाद को खारिज कर देगी।

पंजाब सरकार का कहना है कि लाहौर में आठ अक्टूबर तक धारा 144 लागू रहेगी। सरकार ने लाहौर, रावलपिंडी और अटक में अर्धसैनिक रेंजर्स की नौ कंपनियों को तैनात कियाहै। इस बीच पुलिस ने 600 पीटीआई कार्यकर्ताओं को उनके घरों और कार्यालयों से उठा लिया है।

मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ ने मुख्य सचिव, गृह सचिव और आईजीपी के साथ मैराथन बैठकें कीं और उनसे सड़कों पर आने वाले पीटीआई समर्थकों के



खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। गृह विभाग में स्थापित एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से पीटीआई के आंदोलन की निगरानी करने की व्यवस्था की गई है। पुलिस को धारा 144 को तोड़ने वालों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया है।

पीटीआई नेता शायन बशीर ने कहा कि मीनार–ए–पाकिस्तान में हकीकी आजादी के लिए प्रस्ताव पारित करने के साथ इमरान खान का जन्मदिन मनाया जाएगा। पीटीआई लाहौर के महासचिव अवैस यूनुस ने कहा है कि लाहौर बताएगा, लाहौर कप्तान का है।

### जाकिर नाइक का व्याख्यान कराची में, पार्किंग के लिए सड़कें रहेंगी बंद

**कराची।** भारत में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों में घिरे विवादास्पद इस्लामी उपदेशक डॉ. जाकिर नाइक पाकिस्तान के कराची में व्याख्यान देंगे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। पाकिस्तान के चैनल एआरवाई न्यूज के अनुसार,डॉ. जाकिर नाइक के व्याख्यान के मद्देनजर कराची यातायात पुलिस ने ट्रैफिक में बदलाव किया है। वाहनों की पार्किंग के लिए कुछ सड़कों को बंद करने का फैसला किया गया है। यह कार्यक्रम जिन्ना बाग के पास बारा दरी में शाम सात बजे शुरू होगा। कराची यातायात पुलिस के अनुसार, वाहनों की पार्किंग दो निर्दिष्ट स्थलों पर उपलब्ध होगी– वाईएमसीए ग्राउंड और डीजे कॉलेज ग्राउंड। यहां से लोगों को पोलो ग्राउंड तक पैदल जाना होगा। बारा दरी की तरफ जाने वाली सड़कें अवान सदर रोड और फवारा चौक से खजूर चौक तक का रास्ता बंद रहेगा। आईआई चंद्रगढ़ रोड और शाहीन चौक से आने वाले वाहनों को जियाउद्दीन रोड और खजूर चौक के रास्ते पीआईडीसी की ओर निर्देशित किया जाएगा। पीआईडीसी से यातायात को क्लब रोड और मेट्रोपोल से क्लिफ्टन या शाहराह–ए–फैसल की ओर भेजा जाएगा। आगे के डायवर्जन में शाहीन कॉम्प्लेक्स सिग्नल से यातायात शामिल है, जो एमआर कयानी चौक और जैनब मार्केट की ओर जाएगा और फव्वारा चौक से अवारी सिग्नल की ओर जाएगा, जो शाहराह–ए–फैसल और तीन तलवार की ओर जाएगा। सिंध क्लब चौक से मेट्रोपोल और फव्वारा चौक के दोनों किनारों को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है। कराची ट्रैफिक पुलिस ने निवासियों और कार्यक्रम में आने वाले लोगों को व्यवधान से बचने के लिए तदनुसार अपने मार्गों की योजना बनाने की सलाह दी है।

# नेपाल में बाढ़ प्रभावित 12 जिले आपदाग्रस्त घोषित



**काठमांडू, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।**
नेपाल सरकार ने बाढ़ प्रभावित 12 जिलों में आपदाग्रस्त घोषित किया है। सिंहदरबार में हुई कैबिनेट की बैठक में सरकार ने यह घोषणा की। इन जिलों का प्राथमिकता के आधार पर पुनर्निर्माण कराया जाएगा। कैबिनेट ने राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण कार्यकारी समिति की अनुशंसा के आधार पर इन जिलों में अगले तीन महीने के लिए आपदाग्रस्त घोषित किया है।

कैबिनेट बैठक के बाद गृहमंत्री रमेश लेखक ने बताया कि इन जिलों में ताप्लेजुड, पांचथर, संखुवासभा, काभ्रे, ललितपुर, सोलुखुम्बु, दोलखा, सिन्धुली, रामेछाप, मकवानपुर, सिन्धुपाल्चोक और धादिङ शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अब इन जिलों में राहत और पुनर्निर्माण के लिए सभी अधिकार केंद्र सरकार के पास रहेंगे। प्रदेश सरकार और स्थानीय सरकार को केंद्र सरकार के निर्णय के मुताबिक ही काम करना होगा।

उल्लेखनीय है कि 27 और 28 सितंबर को लगातार बारिश के साथ आई बाढ़ और भूस्खलन के कारण ढाई सौ लोगों की मौत हो गई । इस दौरान 169 लोग घायल हो गए। गृह मंत्रालय के मुताबिक 18 लोग अभी भी लापता हैं। बाढ़ के कारण देश में कई सड़कें अवरुद्ध हैं।

### भारत में घुसपैठ कर रहे चार लोगों को बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश ने गिरफ्तार किया

**ढाका।** बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) ने जेसोर के शरशा में पंचभुलेट सीमा के माध्यम से अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने का प्रयास करते समय तीन महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी को शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे पंचभुलेट सीमा के पास एक खेत से दबोचा गया। खबर की अनुसार, गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में 20 वर्षीय अपू दास, अर्पिता शिकदर (30), 37 वर्षीय मंजूश्री ज्वारदार और एक 14 साल की लड़की शामिल है। खुलना 21–बीजीबी बटालियन के कैप्टन लेफ्टिनेंट कर्नल खुर्शीद अनवर ने चारों की गिरफ्तारी की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि चारों को शरशा पुलिस स्टेशन को सौंप दिया गया है।

# नेपाल में भारत से तस्करी कर लाए गए 11 करोड़ का सोना जब्त, महाराष्ट्र के दो युवक गिरफ्तार



**काठमांडू, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।**
भारत से तस्करी कर लायी गयी सोने की बड़ी खेप के साथ महाराष्ट्र के सांगली जिले के दो युवकों को नेपाल पुलिस ने शनिवार तड़के गिरफ्तार किया। दोनों युवक अपने शरीर और जूतों में छिपाकर आठ किलो सोना नेपाल में बेचने जा रहे थे। जब्त सोने की कीमत 11 करोड़ रुपये आंकी गयी है।

मकवानपुर जिले के पुलिस अधीक्षक विश्वराज खड़का ने शनिवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि रक्सौल–बीरगंज सीमा से नेपाल में प्रवेश करने वाले इन युवकों को बीरगंज से करीब 55 किमी दूर हेटौड़ा के पास गिरफ्तार किया गया। सोने की तस्करी के बारे में गोपनीय सूचना मिलने के बाद यह जांच अभियान चलाया गया था। उन्होंने बताया कि भोर में करीब 03 बजे बीरगंज से हेटौड़ा की तरफ आ रही स्कूटी को रोक कर जांच की गयी। इस दौरान महाराष्ट्र के सांगली जिला निवासी अभिषेक अजीनाथ कुटी और राहुल भिट्टीहाल (27 वर्ष) के पास से 8 किलो 43.97 ग्राम सोने के बिस्कुट मिले। नेपाल के बाजार में इसकी कीमत 11 करोड़ रुपये के करीब है।

पुलिस की पूछताछ में युवकों ने बताया कि मुंबई से सोने की यह खेप वो चितवन में किसी को डिलिवरी करने जा रहे थे लेकिन किस व्यक्ति को यह देना है और चितवन में कहां देना है, इस बात की जानकारी उन्हें नहीं दी गयी थी। खड़का के मुताबिक तीन दिन पहले ही करीब एक किलो तस्करी के सोने सहित यहीं पर गिरफ्तार किए गए बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के फुलवरिया बरेवा निवासी 34 वर्षीय सुजीत सर्राफ को गिरफ्तार किया गया था। उसी के बयान के आधार पर सोने की यह बड़ी खेप पकड़ी गयी है।

# बर्ड फ्लू का प्रकोप, वियतनाम के चिड़ियाघरों में 47 बाघों की मौत ने बढ़ाई चिंता

**हनोई, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।**
दक्षिणी वियतनाम के चिड़ियाघरों में बर्ड फ्लू के कारण एक तेंदुआ, तीन शेर और 47 बाघों की मौत हो गई है। इसने स्वास्थ्य अधिकारियों के बीच चिंता बढ़ा दी है कि यह वायरस मनुष्यों को भी संक्रमित कर सकता है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह घटनाए अगस्त और सितंबर में दो चिड़ियाघरों में हुई हैं। ये चिड़ियाघर लॉन्ग एन प्रांत के प्राइवेट माई क्विन सफारी पार्क और राजधानी हो ची मिन्ह सिटी के डोंग नाई में स्थित हैं। नेशनल सेंटर फॉर एनिमल हेल्थ डायग्नोसिस के परीक्षण परिणामों ने पुष्टि की है कि जानवरों की मौत एच5एन1 टाइप ए वायरस के कारण हुई है। चिड़ियाघरों के कर्मचारियों में अभी तक बर्ड फ्लू के लक्षण नहीं मिले हैं। चिड़ियाघरों ने इस घटना पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। वाइल्ड लाइफ संरक्षण पर केंद्रित एक गैर सरकारी संगठन के मुताबिक 2023 के आखिर तक वियतनाम में कुल 385 बाघ चिड़ियाघरों में रह रहे थे।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि 2022 के बाद से एच5एन1 सहित इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण स्तनधारियों में घातक प्रकोप के मामले बढ़ रहे हैं। डब्ल्यूएचओ ने चेतावनी दी है कि एच5एन1 संक्रमण मनुष्यों में हल्के से गंभीर तक हो सकता है और कुछ मामलों



में यह घातक भी हो सकता है। वियतनाम ने मार्च में डब्ल्यूएचओ को इस वायरस के कारण एक इंसानकी मौत की सूचना दी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि चिड़ियाघरों में जानवरों को संक्रमित मुर्गी का मांस खाने से वायरस का संक्रमण फैला होगा। बाघों में पहले भी एवियन इन्फ्लूएंजा का प्रकोप देखा गया है। 2003 और 2004 में जब यह बीमारी दक्षिण–पूर्व एशिया में फैली थी, तब 24 लोग इससे संक्रमित हो गए थे। 2004 में, थाईलैंड में दुनिया के सबसे बड़े प्रजनन फार्म में दर्जनों बाघ की बर्ड फ्लू से मौत् हो गई थी या उन्हें मार दिया गया था। इस स्थिति ने वियतनाम में स्वास्थ्य अधिकारियों को सतर्क कर दिया है, और भविष्य में इस वायरस के संभावित खतरे को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

### नेतन्याहू टॉयलेट गए, कुछ देर बाद बाहर आए...फिर ब्रिटेन में मचा हड़कंप

**जेरुसलेम।** इजरायल पिछले एक साल से हमास के साथ युद्ध में व्यस्त है और फिलिस्तीन में हमास, लेबनान में हिज्बुल्ला, और ईरान के खिलाफ कई मोर्चों पर संघर्ष कर रहा है। हालांकि, इस छोटे देश के लिए इतनी लंबी अवधि तक युद्ध में बने रहना आसान नहीं है, लेकिन अमेरिका सहित पश्चिमी देश इजरायल के साथ खड़े हैं।हाल ही में, ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पर जासूसी का आरोप लगाया है। उन्होंने अपनी किताब अनलीशेड में 2017 के एक घटनाक्रम का उल्लेख किया है, जब नेतन्याहू ने ब्रिटेन की यात्रा की थी। जॉनसन ने कहा कि नेतन्याहू के वॉशरूम जाने के बाद उनके कार्यालय में एक सुनने वाला उपकरण, जिसे थंडरबॉक्स कहा जाता है, पाया गया। यह नेतन्याहू का लंदन में पहला दौरा था और उन्होंने जॉनसन से बाथरूम का उपयोग करने की अनुमति मांगी थी। जॉनसन ने यह भी उल्लेख किया कि यह एक संयोग हो सकता है।इजरायल पर पहले भी अपने मित्र देशों की जासूसी के आरोप लग चुके हैं।

# विश्व बैंक को कार्बन बेचने से नेपाल को मिलेंगे 1600 करोड़ रुपए

**काठमांडू, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।**
विश्व बैंक के साथ हुए समझौते के मुताबिक नेपाल को इस महीने के भीतर कार्बन की बिक्री से 1600 करोड़ रुपये मिलेंगे। वन तथा पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार 2018 से 2024 तक तराई के 13 जिलों के जंगलों के माध्यम से कार्बन डाइऑक्साइड को कम करने के लिए नेपाल को यह राशि मिलने वाली है।

तराई भूमि परिधि कार्यक्रम के तहत मधेश के सर्लाही जिले में बागमती नदी से लेकर सुदूरपश्चिम प्रदेश के भारतीय सीमा में रहे महाकाली नदी तक 24 लाख टन कार्बन भंडारण के लिए नेपाल को 1600 करोड़ रुपये मिलेंगे। वन मंत्रालय के प्रवक्ता बद्रीराज ढुंगाना के मुताबिक अक्टूबर के अंत तक विश्व बैंक ने नेपाल को यह राशि भुगतान करने की सूचना दी है।

उन्होंने बताया कि जब विश्व बैंक के साथ शुरुआत में इस संबंध में समझौता हुआ था, तो




यह सहमति बनी थी कि पैसा वन मंत्रालय अंतर्गत रहे वन विकास कोष के माध्यम से आएगा। लेकिन वित्त मंत्रालय ने देश के कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए इस तरह के फंड को किसी मंत्रालय में लाने के बजाए केन्द्रीय रिजर्व फंड में सीधे जमा करने की शर्त रखी है। वित्त मंत्रालय ने अपनी टिप्पणी में कहा है कि केन्द्रीय रिजर्व फंड में पैसा आने के बाद ही उसे वन विकास कोष में स्थानांतरित किया जाना चाहिए। विश्व बैंक ने सरकार से इस मामले को स्पष्ट करने का अनुरोध करते हुए पत्राचार किया है।

विश्व बैंक के नियमों में कार्बन ट्रेडिंग से प्राप्त आय का 80 प्रतिशत स्थानीय लाभार्थी जनजातीय/आदिवासी समुदायों पर खर्च करने का प्रावधान है। वन मंत्रालय के प्रवक्ता ढुंगाना ने बताया कि इसके लिए सरकार ने एक योजना को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि 2018 में नेपाल की राष्ट्रीय रेड प्लस रणनीति, राष्ट्रीय वन आधार स्तर को विशेष रूप से कार्बन व्यापार के संबंध में मंजूरी दी गई थी। फिर 2019 से 2024 तक तराई क्षेत्र के 13 जिलों में कार्बन ट्रेडिंग के लाभों को साझा करने के लिए कार्बन उत्सर्जन न्यूनीकरण कार्यक्रम तैयार किया गया है

इस केंद्र के प्रमुख एवं संयुक्त सचिव नवराज पुडासैनी ने बताया कि कार्यक्रम 13 जिलों के 17 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लागू किया गया है। नेपाल के वन क्षेत्र से प्रति हेक्टेयर औसतन 167 टन कार्बन भंडारण किया गया है। संयुक्त सचिव पुडासैनी के अनुसार नेपाल के तराई क्षेत्र के 13 जिलों में कार्बन उत्सर्जन न्यूनीकरण कार्यक्रम चलाया गया है और 2028 तक कार्बन डाइऑक्साइड गैस उत्सर्जन को 34.2 मिलियन टन कम करने का लक्ष्य लिया गया है। पहले चरण में 2023 में मापे जाने पर 2.3 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन कम किया जा चुका है।

NA
Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MOU Holder and Distributors
RN
METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 06 अक्टूबर, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-6 । अंक-277

## ड्रग्स के लिए मणिपुर को आग में झोंक रहा अमेरिकी एजेंट स्टीफन कॉर्नी

# राहुल गांधी के हैं स्टीफन कॉर्नी से गहरे कनेक्शन!

भारत में मोदी सरकार को अस्थिर करने के लिए आतंकी गतिविधियों को हवा देने, अवैध हथियारों की सप्लाई और ड्रग्स का गोरखधंधा फैलाने में लगे अमेरिकी एजेंट डैनियल स्टीफन कॉर्नी के कांग्रेस नेता राहुल गांधी से नजदीकी संबंधों का खुलासा हुआ है। अफीम की खेती और ड्रग्स के धंधे पर चोट पहुंचने के बाद अमेरिकी एजेंट स्टीफन कॉर्नी और अमेरिकी डीप स्टेट ने मणिपुर को आग में झोंकने का काम किया। राहुल गांधी, कांग्रेस पार्टी और कुछ पिट्ठू नेताओं ने स्टीफन कॉर्नी जैसे लोगों का साथ दिया। ईसाईयत फैलाने के बहाने अमेरिकी एजेंट देशभर में अराजकता का माहौल सृजित करने में लगे हुए हैं।

### ड्रग्स से लेकर हथियार सप्लाई तक में कॉर्नी सक्रिय



खुफिया एजेंसियां कहती हैं कि दक्षिण एशिया में उग्रवाद और उग्रवादी गतिविधियों का समन्वय करने वाले संचालकों में डैनियल स्टीफन कॉर्नी का नाम प्रमुख है। क्या आपने कभी उसका नाम सुना है? तो सुन लें। डैनियल स्टीफन कॉर्नी वह शख्स है अमेरिकी षडयंत्रकारियों और स्थानीय नेताओं के साथ मिल कर बांग्लादेश, भारत, नेपाल और म्यांमार सहित दक्षिण एशिया के अन्य देशों को निशाना बना रहा है। इस कृत्य के लिए पश्चिमी ईसाई मिशनरियों और पूंजीपतियों द्वारा भारी फंडिंग की जा रही है। ज्यादातर अमेरिकी बैपटिस्ट चर्चों द्वारा इसे समर्थन मिल रहा है, जो कुकी समुदाय सहित विभिन्न जातीय समूहों को संरक्षण और धन देने के खतरनाक एजेंडे पर काम कर रहे हैं। बांग्लादेश में चटगांव हिल ट्रैक्ट्स, मणिपुर और भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और म्यांमार में रखाइन राज्य के कुछ हिस्सों को काटकर एक अलग ईसाई राज्य स्थापित करने का कुचक्र इसी खतरनाक साजिश का हिस्सा है।

### शुभ-लाभ चिंता

### कॉर्नी के खिलाफ कार्रवाई में सरकार नाकारा साबित

डैनियल स्टीफन कॉर्नी का नाम हाल ही में खुफिया एजेंसियों के रडार पर आया है। स्टीफन कॉर्नी एक तेलुगु महिला से शादी करने के बाद 15 साल के लिए आंध्र प्रदेश में बस गया। उसने पर्यटक वीजा के साथ भारत में प्रवेश किया और स्थानीय अधिकारियों को चकमा देकर भारत में रहता रहा।

▶10 पर

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कांग्रेस पर करारा हमला

# ड्रग्स के धन से चुनाव लड़ना चाहती है कांग्रेस

**मुंबई, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के नांदेड़ में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर करारा प्रहार किया। पीएम मोदी ने कहा, हाल ही में दिल्ली में हजारों करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की गई है। कांग्रेस के एक नेता पर इसका सरगना होने का संदेह है। कांग्रेस युवाओं को नशे की ओर धकेलकर ड्रग्स से मिलने वाले पैसे से चुनाव लड़ना चाहती है। हमें ऐसे एजेंडों से सावधान रहना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने पोहरादेवी में जगदंबा माता मंदिर में पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी ने संत सेवालाल महाराज और पोहरादेवी में संत रामराव महाराज की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और बंजारा विरासत म्यूजियम का उद्घाटन किया। इसके बाद पीएम मोदी ने यहां एक रैली को संबोधित किया। बंजारा समाज को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उसे मोदी पूजता है। पीएम मोदी ने कांग्रेस को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर शहरी नक्सलियों का राज है। उन्हें लगता है कि अगर हम सब एक हो गए तो देश को बांटने का उनका एजेंडा फेल हो जाएगा। हर कोई देख सकता है कि कांग्रेस उन लोगों के साथ कितनी





निकटता से खड़ी है, जो भारत के लिए अच्छे इरादे नहीं रखते।

बंजारा समुदाय को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आज नवरात्रि में मुझे माता जगदम्बा के मंदिर में उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। मैंने संत सेवालाल महाराज और संत रामराव महाराज की समाधि पर जाकर उनका आशीर्वाद भी लिया है। मैं इन दोनों महान संतों को शीश झुकाकर नमन करता हूं। आज महान योद्धा और गोंडवाना की रानी दुर्गावती जी की जन्म जयंती भी है। पिछले वर्ष देश ने उनकी 500वीं जयंती मनाई थी, मैं रानी दुर्गावती को भी नमन करता हूं। नवरात्रि के पवित्र समय में मुझे अभी पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी करने का अवसर मिला है। देश के साढ़े नौ करोड़ किसानों के खातों में आज 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक ट्रांसफर किए गए हैं। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा, महाराष्ट्र की डबल इंजन की सरकार तो यहां महाराष्ट्र के किसानों को डबल फायदा पहुंचा रही है।

▶10 पर

## कांग्रेस ने उत्तर भारत को ड्रग्स का केंद्र बना दिया: शाह



**नई दिल्ली, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** कांग्रेस नेता की सरगनाई में चलने वाले अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स रैकेट का पर्दाफाश होने के बाद सियासी गलियारे में बवाल मचा हुआ है। दिल्ली पुलिस के ऑपरेशन में लगभग 5,600 करोड़ रुपए मूल्य की कोकीन और हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की बरामदगी हुई थी। पुलिस ने इस मामले में सरगना तुषार गोयल को गिरफ्तार किया, जो कांग्रेस का पूर्व नेता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर कड़ा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेलने का काम कर रही है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, जब मोदी सरकार नशामुक्त भारत के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, तब कांग्रेस के एक प्रमुख नेता का 5,600 करोड़ की ड्रग्स खेप में शामिल होना बेहद खतरनाक और शर्मनाक है। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस युवाओं को ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में धकेल रही है, जबकि मोदी सरकार उन्हें खेल, शिक्षा और इनोवेशन की ओर ले जा रही है। शाह ने कांग्रेस के नेताओं पर अपने राजनीतिक रसूख का ▶10 पर

## एक अगस्त के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर फिर लगी मुहर

# एससी-एसटी आरक्षण में क्रीमी लेयर का वर्गीकरण उचित




**नई दिल्ली, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने एससी-एसटी आरक्षण के भीतर वर्गीकरण को लेकर हाल ही में दिए गए फैसले पर पुनर्विचार करने से साफ मना कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में दाखिल की गई याचिका खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इस फैसले पर दोबारा विचार करने को लेकर कोई मजबूत दलील नहीं रखी गई है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की 7 सदस्यीय न्यायिक पीठ ने इस याचिका को खारिज किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसे फैसले में कोई गलती नहीं दिखाई पड़ती है। ऐसे में यह याचिकाएं रद्द की जाती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 1 अगस्त 2024 को अपने फैसले में कहा था कि एससी-एसटी को दिए जाने वाले आरक्षण के भीतर ऐसी जातियों को ज्यादा तरजीह दी जानी चाहिए, जो आर्थिक एवं सामाजिक रूप से अत्यधिक पिछड़े हुए हैं। आरक्षण में आरक्षण देने के दौरान जातियों को सूची से अंदर-बाहर करने का निर्णय तुष्टिकरण के तहत नहीं लिया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी, जस्टिस पंकज मिथल, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस सतीशचंद्र शर्मा शामिल थे। इस 7 सदस्यीय संविधान पीठ ने 1 अगस्त 2024 को निर्णय दिया था, जिसमें केवल एक जज जस्टिस बेला त्रिवेदी ने अपनी असहमति दर्ज कराई थी। सुप्रीम कोर्ट ने दोबारा स्पष्ट कहा है कि अनुसूचित जाति के उपवर्गीकरण से जुड़े मामले में उसके आदेश में कोई गलती नहीं है। लिहाजा, राज्यों को अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को उपवर्गीकृत करने की अनुमति दिए जाने का फैसला कायम रहेगा। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को अनुसूचित जातियों (एससी) और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) को उपवर्गीकृत करने की अनुमति दी थी ताकि सरकारी नौकरियों और शिक्षा में उनके बीच वंचित समूहों को तरजीह दी जा सके। ▶10 पर

### ईरान के भारत स्थित राजदूत इराज इलाही ने कहा

## तनाव कम करने में सक्रिय भूमिका निभा सकता है भारत



**नई दिल्ली, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** इज़राइल और हिजबुल्ला के बीच शुरू हुए संघर्ष में ईरान भी शामिल हो गया है। इससे पश्चिम एशिया में तनाव चरम सीमा पर पहुंच गया है और इसके व्यापक युद्ध में बदलने का खतरा पैदा हो गया है। ईरान के राजदूत इराज इलाही का कहना है कि एक बड़ी ताकत और ग्लोबल साउथ की आवाज होने के नाते भारत तनाव को कम करने में सक्रिय भूमिका निभा सकता है। भारत में ईरान के राजदूत इलाही ने तनाव कम करने के लिए दूसरे देशों से संपर्क साधने के सवाल पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि रूस और चीन के साथ तो ईरान सीधे संपर्क में है, लेकिन भारत के साथ नहीं। लेकिन उन्होंने कहा कि ईरान ने भारत के साथ-साथ प्रभाव रखने वाले अन्य देशों को भी आमंत्रित किया है कि वह अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए ▶10 पर

### पाकिस्तान जाने से पहले विदेश मंत्री जयशंकर का महत्वपूर्ण बयान

## कश्मीर मसला यूएन ले जाने के खिलाफ थे सरदार पटेल

**नई दिल्ली, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** विदेश मंत्री जयशंकर एससीओ बैठक में शामिल होने के लिए 15-16 अक्टूबर को पाकिस्तान दौरे पर रहेंगे। किसी भी भारतीय मंत्री का यह बीते नौ साल में पहला पाकिस्तान दौरा होगा। इस मसले पर विदेश मंत्री ने कहा, यह एससीओ बैठक एक बहुपक्षीय कार्यक्रम है और मैं भारत-पाकिस्तान संबंधों पर चर्चा के लिए नहीं जा रहा हूं। मैं सिर्फ शंघाई सहयोग संगठन के अच्छे सदस्य के तौर पर वहां जा रहा हूं। चूंकि मैं एक सभ्य और विनम्र व्यक्ति हूं तो मैं उसी के अनुसार व्यवहार करूंगा।

आईसी सेंटर फॉर गवर्नेंस द्वारा प्रशासन पर आयोजित सरदार पटेल व्याख्यान में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पूर्व गृह मंत्री सरदार



### कांग्रेस ने सरदार पटेल की राय बेसाख्ता ठुकरा दी थी

पटेल की पाकिस्तान नीति की सराहना की। उन्होंने कहा, सरदार पटेल संयुक्त राष्ट्र में जाने के खिलाफ थे। उन्होंने जूनागढ़, हैदराबाद के मामले में भी इसका विरोध किया था। वह इस बात को लेकर बहुत साफ थे कि भारत को अपने मुद्दे को अन्य शक्तियों के भरोसे नहीं छोड़ना चाहिए। हम सभी के लिए दुख की बात है कि उनकी सावधानी को नजरअंदाज कर दिया गया। जो जम्मू और कश्मीर प्रश्न के रूप में शुरू हुआ था, उसे सुविधाजनक रूप से भारत और पाकिस्तान प्रश्न में बदल दिया गया। मामले को संयुक्त राष्ट्र में ले जाने की उनकी अनिच्छा इस विश्वास से आई कि पाकिस्तान से सीधे निपटना बेहतर था, बजाय इसके कि पाकिस्तान को हेरफेर करने की अनुमति दी जाए। किसी भी अन्य पड़ोसी की तरह, भारत पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध रखना चाहता है, लेकिन सीमा पार आतंकवाद को नजरअंदाज करके नहीं।

▶10 पर

## तिरुपति में सीएम नायडू ने किया वेंगाम्बा सेंट्रलाइज्ड किचन का उद्घाटन



**अमरावती, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने श्रीवारी वर्षिका ब्रह्मोत्सवम के मौके पर तिरुमाला के तिरुमाला देवस्थानम में वेंगाम्बा सेंट्रलाइज्ड किचन का उद्घाटन किया। तिरुपति मंदिर पिछले कुछ दिनों से विवादों में है। मंदिर के प्रसाद में इस्तेमाल की जाने वाली घी में पशु चर्बी की पुष्टि होने के बाद से ही मंदिर विवादों के घेरे में आ गया। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने जांच के लिए एक नई स्वतंत्र एसआईटी गठित करने का आदेश दिया है। ▶10 पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $32^0$
न्यूनतम : $23^0$

### जम्मू कश्मीर के शांतिपूर्ण विधानसभा चुनाव को लेकर लोग खुश

# कश्मीर के लोगों के साथ हो रही सुरक्षा बलों की तारीफ

**नई दिल्ली, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनावों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तीन चरणों में वोट डाले गए। राहत की बात ये रही कि चुनाव के तीनों चरण शांतिपूर्वक बीते। इसके लिए कश्मीर के लोगों के साथ सुरक्षाबलों की तारीफ करनी होगी, जिन्होंने चुनावी माहौल के दौरान आतंकवाद पर लगाम कसने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। जम्मू में भी जहां पिछले कुछ समय से आतंकी वारदातों में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी, सुरक्षा बलों की चौकसी के चलते कई आतंकियों को मुठभेड़ों में मार गिराया गया, वहीं घाटी में भी शांति रही। सैन्य सूत्रों का कहना है कि सुरक्षा बलों की इस कामयाबी के पीछे बड़ी वजह आतंकियों के नेटवर्क में बड़ी सेंध है। आतंकवादी कम्युनिकेशन के लिए जिस अभेद्य चीनी तकनीक का इस्तेमाल कर रहे थे, सुरक्षा बलों ने उसका भी तोड़ निकाला और जिसके बाद लगातार कई मुठभेड़ों में आतंकियों को ठिकाने लगा दिया।

कश्मीर घाटी में तैनात सेना के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया



### आतंकियों की मददगार चीनी तकनीक सेना ने फेल की

### आतंकी नेटवर्क में सुरक्षाबलों ने लगाई कामयाब सेंध

कि सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। सेना लंबे समय से आतंकवादियों ग्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले चीन के बनाए अल्ट्रा हैंडसेट को एनक्रिप्टेड करने की कोशिश कर रही थी और काफी हद तक सेना को इसे क्रेक करने में कामयाबी भी मिली है। इस बार आतंकी आम वॉकी टॉकी या सेलफोन का इस्तेमाल नहीं कर रहे थे। बल्कि वे कम्युनिकेशन के लिए चीन के बने अल्ट्रा हैंडसेट का यूज कर रहे हैं, जो इन्क्रिप्टेड हैं और उसका तोड़ अभी तक सिक्योरिटी एजेंसियों के पास नहीं था। लेकिन अब काफी हद तक सुरक्षा बलों को इसका कोड क्रेक करने में कामयाबी हासिल हुई है। उन्होंने बताया कि हाल ही में जो कई आतंकी अलग-अलग मुठभेड़ों में मार गिराए गए हैं, उसकी सफलता के पीछे यही सबसे बड़ी वजह है। सुरक्षा बलों ने आंतकियों का पूरा नेटवर्क ध्वस्त कर दिया है।

पाकिस्तान चीन के साथ मिलकर अपनी फौज के साथ-साथ आतंकी संगठन को भी नई-नई तकनीक मुहैया करवा उन्हें भारत में घुसपैठ करवा रहा था। हाल के कुछ दिनों में जम्मू में हुए आतंकी हमले के बाद जो कम्युनिकेशन सेट मिले, वे न सिर्फ इनक्रिप्टेड थे ▶10 पर

TIBCON
CAPACITORS
It`s all about
SAVING ENERGY
AND MONEY
GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59

शुभ लाभ खबरें जो सोच बदल दे
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# आज का राशिफल

## मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ
आज के दिन आप ऊर्जा से लबरेज़ रहेंगे और मुमकिन है कि अचानक अनदेखा मुनाफ़ा भी मिले। फूल देकर अपने प्यार का इज़हार करें। आपका कम्यूनिकेशन और काम करने की क्षमता असरदार सिद्ध होंगे। यह दिन शादीशुदा ज़िन्दगी के सबसे ख़ास दिनों में से एक रहेगा। दिन के पहले भाग में ख़ुद को थोड़ा अलसाहट भरा महसूस कर सकते हैं, लेकिन अगर आप घर से बाहर निकलने की हिम्मत जुटाएँ तो काफ़ी काम किया जा सकता है।

## वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो
आज आपको किसी अज्ञात स्रोत से पैसा प्राप्त हो सकता है जिससे आपकी कई आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। अपने परिवार को बताकर और अपने कामों से जताकर महसूस कराते रहें कि आप उनकी कितनी परवाह करते हैं। इससे उन्हें ख़ुशी मिलेगी और इस ख़ुशी को दोगुना करने के लिए उनके साथ अच्छा वक़्त बिताएँ। आप आज प्रेमपूर्ण मनोभाव में होंगे, इसलिए अपने प्रिय के साथ कुछ अच्छा समय बिताने की योजना बनाएँ। पैसा, प्यार, परिवार से दूर होकर आज आप आनंद की तलाश में किसी आध्यात्मिक गुरु से मिलने जा सकते हैं।

## मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह
आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई ख़ुशनुमा पल लेकर आएगा। अपने अतिरिक्त धन को सुरक्षित जगह पर रखिए, जो आने वाले वक़्त में आप फिर पा सकें। आपके माता-पिता की सेहत पर ज़्यादा ध्यान दिए जाने की ज़रूरत है। आज का दिन रोमांस से भरपूर होने की पूरी संभावना है। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाक़ात होगी। मुमकिन है कि आपके माता-पिता आपके जीवनसाथी को कुछ शानदार आशीर्वाद दें, जिसके चलते आपके वैवाहिक जीवन में और निखार आएगा। अपने घर से बाहर निकलते समय अपने जरूरी सामान को एक बार जरूर देख लें।

## कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो
आज ख़ास दिन है,आज सिर्फ़ बैठने की बजाय कुछ ऐसा कीजिए जो आपकी कमाई में इज़ाफ़ा कर सके। रिश्तेदारों के यहाँ छोटी यात्रा आपके भागदौड़ भरे दिन में आराम और सुकून देने वाली साबित होगी। आपका महबूब आज आपको बड़ी ख़ूबसूरती से कुछ ख़ास करके चौंका सकता है। जो चीजें आपके लिए आवश्यक नहीं हैं उनपर आज अपना अधिकतर समय आप जाया कर सकते हैं। जो बात सच्ची होती हैं उन्हें कहने में आपके शब्द भी कम जाया होते हैं ।

## सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे
आपके मन में जल्दी पैसे कमाने की तीव्र इच्छा पैदा होगी। परिवार के सदस्यों की अच्छी सलाह आपके मानसिक तनाव को कम करने में दवा की तरह असरदार साबित होगी। यदि आपको व्यस्त दिनचर्या के बाद भी अपने लिए समय मिल पा रहा है तो आपको इस समय का सदुपयोग करना सीखना चाहिए। ऐसा करके अपने भविष्य को आप सुधार सकते हैं। संभावना है कि आपके और आपके जीवनसाथी के बीच तनाव और बढ़ सकता है। इससे बचाव न करने की स्थिति में इसके दूरगामी परिणाम अच्छे नहीं होंगे। अपने भविष्य की योजना बनाने के लिए बिलकुल उपयुक्त दिन है

## कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो
आज आपके पास अपनी सेहत और लुक्स से जुड़ी चीज़ों को सुधारने के लिए पर्याप्त समय होगा। धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे। आपको आज ही अपने प्रिय को दिल की बात बताने की ज़रूरत है, क्योंकि कल बहुत देर हो जाएगी। अपने समय की कीमत समझें, उन लोगों के बीच रहना जिनकी बातें आपके समझ में नहीं आती हैं गलत है। ऐसा करना भविष्य में आपको परेशानियों के अलावा कुछ नहीं देगा। आप अपने वैवाहिक जीवन की सारी ख़राब बातें भूल जाएंगे और आज का भरपूर लुत्फ़ लेंगे। ठंडा पानी पीना आज आपके स्वास्थ्य को खराब कर सकता है।

## तुला – र,री,रु,रे,रो,ता,ति,तू,ते
आज कोई लेनदार आपके दरवाजे पर आ सकता है और आपसे पैसे उधार मांग सकता है। उन्हें पैसे लौटाकर आप आर्थिक तंगी में आ सकते हैं। आपको सलाह दी जाती है कि उधार लेने से बचें। अपने परिवार के सदस्यों की ज़रूरतों पर ध्यान देना आज आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। आज आप अपने प्रिय से अपने जज़्बात का इज़हार करने में मुश्किल महसूस करेंगे। ज़रूरतमंदों की मदद करने की आपकी ख़ासियत आपको सम्मान दिलाएगी। काम को करने से पहले ही उसके बारे में अच्छा बुरा न सोचें, बल्कि खुद को एकाग्र करने की कोशिश करें इससे सारे काम अच्छी तरह हो पाएंगे।

## वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू
दिन की शुरुआत आप योग ध्यान से कर सकते हैं। ऐसा करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा और सारे दिन आपमें ऊर्जा रहेगी। दीर्घावधि निवेश से बचिए और अपने दोस्तों के साथ बाहर जाकर कुछ ख़ुशी के पल बिताएँ। किसी ऐसे के साथ परस्पर संवाद की कमी जिसका आपको बहुत ख़याल है, आपको तनाव दे सकती है। आज खाली वक्त का सही उपयोग करने के लिए आप अपने पुराने मित्रों से मिलने का प्लान बना सकते हैं। अपने जीवनसाथी के चलते आप महसूस करेंगे कि स्वर्ग धरती पर ही है। बिना किसी का साथ पाये भी आजके दिन का आप भरपूर आनंद उठा पाएंगे।

## धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे
दोस्तों की मदद से वित्तीय कठिनाईयाँ हल हो जाएंगी। शाम को दोस्तों के साथ घूमें-फिरें, क्योंकि यह आपके लिए इस वक़्त बहुत ज़रूरी है। सावधान रहें, क्योंकि प्यार में पड़ना आज के दिन आपके लिए दूसरी कठिनाइयाँ खड़ी कर सकता है। आज के दिन अधिकांश समय ख़रीदारी और दूसरी गतिविधियों में जाएगा। सेहत को लेकर थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। परिवार के साथ मिलकर किसी ज़रूरी फ़ैसले को अन्तिम रूप दिया जा सकता है। ऐसा करने के लिए यही सही वक़्त भी है। आगे चलकर यह निर्णय काफ़ी लाभदायक साबित होगा।

## मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि
आज के दिन निवेश करने से बचना चाहिए। आपको समझना चाहिए कि यह केवल समय की बर्बादी है और इससे कुछ हासिल नहीं होता है। बेहतर रहेगा कि आप अपनी यह आदत बदल दें। रोमांस के लिहाज़ से बहुत अच्छा दिन नहीं है,समय का पहिया बहुत तेजी से चलता है इसलिए आज से ही अपने कीमती समय का सही इस्तेमाल करना सीख लें। मुमकिन है कि आपका जीवनसाथी आज आपके लिए पर्याप्त समय न निकाल पाए। आज का दिन किसी भी धार्मिक स्थल के लिए समर्पित करना अपनी मानसिक शांति बनाए रखने का सर्वश्रेष्ठ साधन हो सकता है।

## कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द
आपके तनाव और परेशानी की एक बड़ी वजह बचपन की मासूमियत को जीने की चाह है, इसलिए खुलकर जिएँ। जिन लोगों ने किसी अनजान शख़्स की सलाह पर कहीं निवेश किया था आज उन्हें उस निवेश से फ़ायदा होने की पूरी संभावना है। घर के माहौल की वजह से आप उदास हो सकते हैं। दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा। आपका जीवनसाथी आपको ख़ुश करने के लिए आज काफ़ी कोशिशें करता नज़र आएगा। आपके पिता आज आपके लिए कोई तोहफ़ा ला सकते हैं।

## मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची
एक आध्यात्मिक व्यक्ति आशीर्वाद की वर्षा करेगा और मन की शांति लेकर आएगा। हालाँकि धन आपकी मुट्ठियों से आसानी से सरक जाएगा, लेकिन आपके अच्छे सितारे तंगी नहीं आने देंगे। आज आपको दूसरों की ज़रूरतों पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। हालाँकि बच्चों को ज़्यादा छूट देना आपके लिए समस्या खड़ी कर सकता है। आपका कम्यूनिकेशन और काम करने की क्षमता असरदार सिद्ध होंगे। जीवन में सरलता तभी रहती है जब आपका व्यवहार सरल रहता है। आपको भी अपने व्यवहार में सरलता लाने की जरुरत है।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 06 अक्टूबर 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : आश्विन , शुक्ल पक्ष
तिथि : तृतीया प्रातः 07:51 तक
नक्षत्र : विशाखा रात्रि 12:11 तक
योग : विष्कुंभ प्रातः 06:07 तक
करण : गर प्रातः 07:51 तक
चन्द्रराशि : तुला सायं 05:34 तक
सूर्योदय : 06:07, सूर्यास्त 06:00 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:09 , सूर्यास्त 06:06 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:02 , सूर्यास्त 05:58 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:58 , सूर्यास्त 05:52 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : विनायक चतुर्थी व्रत , कूष्माण्डा पूजनम् , भद्रा रात्रि 08:52 से

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# हरियाणा में 61 प्रतिशत से अधिक मतदान, मतगणना मंगलवार को

**चंडीगढ़, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों के लिए 20 हजार से अधिक मतदान केन्द्रों पर शनिवार छह बजे मतदान शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो गया। राज्य में 61.38 प्रतिशत मतदान हुआ। वोटों की गिनती मंगलवार को की जाएगी।

चुनाव आयोग द्वारा जारी आँकड़ों के मुताबिक राज्य के 90 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में शाम साढ़े सात बजे तक कुल पंजीकृत 2.04 करोड़ मतदाताओं में से 61.38 प्रतिशत ने मताधिकार का प्रयोग किया था। चुनाव में 1031 उम्मीदवारों ने अपना भाग्य आजमाया, जिसमें 101 महिलाएं हैं। कुछ एक जगह छोटी-मोटी झड़प की शिकायतों को छोड़ कर पूरे राज्य में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हिसार जिले के खांडा खेड़ी गांव में एक मतदान केंद्र के पास भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु और कांग्रेस प्रत्याशी जस्सी पेटवाड़ के बीच थोड़ी झड़प हो गई थी।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू के साथ निर्वाचन सदन में स्थापित नियंत्रण कक्ष के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया पर कड़ी नजर रखी। आयोग के निर्देशानुसार, चुनाव कार्यवाही पर सख्त और निरंतर निगरानी के लिए सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई थी। फील्ड पर निगरानी और निरंतर



फीडबैक के लिए आयोग द्वारा 97 केंद्रीय पर्यवेक्षकों को तैनात किया गया था।

आयोग से शाम सात बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार राज्य के 17 जिलों में 60 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ और चार जिलों में 50 से अधिक तथा एक जिले में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ। मेवात जिले में सबसे अधिक 68.28 प्रतिशत और गुरुग्राम में सबसे कम 49.97 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके अलावा अम्बाला में 63.35 प्रतिशत, भिवानी में 63.06, चरखी दादरी में 58.10, फरीदाबाद में 51.90, फतेहबाद में 67.05, हिसार में 65.70, झज्जर में 60.52, जींद में 66.02, कैथल में 62.53, करनाल में 60.42, कुरुक्षेत्र में 65.55, महेन्द्रगढ़ में 65.76, पलवल में 67.69, पंचकुला में 54.71, पानीपत में 60.52, रेवाड़ी में 62.85, रोहतक में 61.59, सिरसा में 65.37, सोनीपत में 56.69 और यमुनानगर जिला में 67.93 प्रतिशत मतदान हुआ।

राज्य में जगाधरी सीट पर सबसे अधिक 73.90 प्रतिशत और सबसे कम बडखल सीट में 19.00 प्रतिशत मतदान हुआ है।

# प्रमुख नेताओं और प्रत्याशियों ने सुबह-सुबह किया मतदान

**चंडीगढ़, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार सुबह शुरू हुए मतदान में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं और प्रत्याशियों ने सुबह-सुबह ही मतदान किया। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम सात बजे तक चला।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर (करनाल में) के अलावा भाजपा से फतेहाबाद प्रत्याशी दुड़ाराम, यमुनानगर से घनश्याम अरोड़ा, गुहला से कुलवन्त बाजीगर, नारायणगढ़ से पवन सैनी, अटेली से आरती सिंह आदि मतदान करने वालों में शामिल थे। श्री सैनी ने इस अवसर पर कहा कि हम जीत रहे हैं और बड़े मैंडेट से सरकार बना रहे हैं। उधर, पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया कि



लोगों को लोकतंत्र के पर्व-विधानसभा चुनाव की शुभकामनाएं, आपका एक-एक वोट प्रदेश के भविष्य और उसकी दिशा को तय करेगा। आप सभी प्रदेश की उन्नति और खुशहाली के लिए वोट अवश्य करें और अपने आस-पास लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

सिरसा से कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने हिसार में मतदान किया। मतदान के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि साफ दिखाई दे रहा है, हरियाणा में काँग्रेस आ रही है। भाजपा को 10 साल सत्ता मिली थी और कुशासन के दस साल अपनी कहानी खुद बयान कर रहे हैं। काँग्रेस ही विकल्प है। जननायक जनता पार्टी के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने वोट करने के बाद ट्वीट किया, हमने अपना फर्ज निभाया आप भी अपना फर्ज निभाएंगे... सभी मतदान करने जाएं।

# रैली में कांग्रेस की महिला कार्यकर्ता से छेड़छाड़ की घटना दुर्भाग्यपूर्ण: सैनी

**चंडीगढ़, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को कहा कि रैली में कांग्रेस की एक महिला कार्यकर्ता से छेड़छाड़ की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है।

सोशल मीडिया में कांग्रेस की एक रैली में एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक महिला को गलत तरीके से छूने की कोशिश करते एक व्यक्ति दिख रहा है। रैली कहां की और कब की है पता नहीं चल सका है, लेकिन कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने उक्त महिला से बात करने के बाद घटना की पुष्टि की है और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उधर, श्री सैनी ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा जैसे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के स्टेज पर होते हुए भी अगर महिला के साथ छेड़-छाड़ होती है तो यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है, इससे कांग्रेस की मानसिकता पता चलती है। उन्होंने कहा कि अगर छेड़छाड़ की शिकायत हमें मिलती है तो जरूर कार्रवाई करवाएंगे किसी को बख्शने का सवाल नहीं है।

# कैप्टन अभिमन्यु और जस्सी पेटवाड़ के समर्थक आपस में भिड़े

**हिसार, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के दौरान हिसार के खांडा खेड़ी गांव में पूर्व वित्त मंत्री एवं भाजपा प्रत्याशी कैप्टन अभिमन्यु और कांग्रेस प्रत्याशी जस्सी पेटवाड़ के समर्थकों के बीच झगड़ा हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों के समर्थक एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसाने लगे। पुलिस ने बीच-बचाव करते हुये दोनों पक्षों को अलग किया और स्थिति को नियंत्रित किया। यह घटना शहीद भगत सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बूथ पर हुई।

फतेहाबाद से मिली खबरों के अनुसार वार्ड क्रमांक छह में वोटों की खरीद-फरोख्त के आरोपों को लेकर हंगामा हुआ। निर्दलीय प्रत्याशी काका चौधरी ने आरोप लगाया कि एक पूर्व पार्षद प्रतिनिधि वोटों की खरीद कर रहा है। इस सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। इसके अलावा, नांगल चौधरी में धोखेरा गांव में मतदान के दौरान भी झगड़ा हुआ। वोट डालने को लेकर शुरू हुआ विवाद इतनी बढ़ गया कि दो पक्षों के बीच थप्पड़-मुक्के चलने लगे। पुलिस ने फिर से बीच-बचाव करते हुए स्थिति को नियंत्रित किया। हिसार में आईटीआई बूथ पर सुबह भाजपा से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ रहीं सावित्री जिंदल वोट डालने पहुंचीं। उन्होंने परिवार सहित मतदान किया। वहीं, निर्दलीय उम्मीदवार गौतम सरदाना ने परिवार के साथ मतदान किया। भाजपा प्रत्याशी कमल गुप्ता ने भी वोट डाला। कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा ने अर्बन एस्टेट में वोट डाला। हिसार में मतदान प्रक्रिया शुरू होने के बाद सुबह तक मतदान प्रक्रिया धीमी गति से चली। कुछ बूथों पर पैसों में वोट खरीदने के आरोप भी लगाये गये हैं। इसको लेकर शिकायत भी दी गयी है। आदमपुर की अनाज मंडी के 54 नंबर बूथ पर भाजपा प्रत्याशी भव्य बिश्नोई अपने पिता कुलदीप बिश्नोई और माता रेनुका बिश्नोई के साथ मतदान करने पहुंचे।

# पार्टी आलाकमान तय करेगा मुख्यमंत्री : सैलजा

**हिसार, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हरियाणा में सिरसा लोकसभा सीट से सांसद कुमारी सैलजा ने शनिवार को दोहराया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री का फैसला पार्टी आलाकमान नवनिर्वाचित विधायकों से चर्चा के बाद करेगा। कांग्रेस महासचिव सैलजा ने वोट देने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा चूंकि सत्ता में है, उनके लिये मुख्यमंत्री का चेहरा पेश करना स्वाभाविक है, लेकिन कांग्रेस विपक्ष में होने के कारण ऐसा नहीं कर सकती। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने मुख्यमंत्री प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है, लेकिन हरियाणा में विपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री एवं विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री पद का अघोषित चेहरा माने जा रहे हैं। भारतीय



जनता पार्टी के नेता एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के उन्हें भाजपा में बुलाने के सवाल पर कुमारी सैलजा ने कहा कि पहले भाजपा अपना घर संभाले। आश्चर्यजनक रूप से, उन्होंने डॉ. अशोक तंवर के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आने को कोई तूल न देते हुए कहा, यह कोई बड़ा घटनाक्रम नहीं है, लोग आते-जाते रहते हैं। श्री तंवर और सुश्री सैलजा दोनों दलित समाज से आते हैं, दोनों हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके हैं और मार्च में हुए लोकसभा चुनाव में सिरसा से प्रतिद्वंदी के रूप में चुनाव लड़ चुके हैं।

# किसानों की समृद्धि से ही होगा विकसित एवं खुशहाल राजस्थान : शर्मा

**जयपुर, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार किसानों के हित में निरन्तर कल्याणकारी फैसले कर रही है। श्री भजनलाल ने शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम में आयोजित समारोह में जयपुर से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कहा कि केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से राज्य के किसान लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार द्वारा भी किसान कल्याण की दिशा में कई कदम उठाये गए, क्योंकि किसान की समृद्धि से ही विकसित एवं खुशहाल राजस्थान का सपना साकार होगा।

उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों को पीएम किसान योजना के छह हजार रुपये के अतिरिक्त मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दो हजार रुपए प्रतिवर्ष दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में गेहूं के 2275 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के



ऊपर 125 रुपए का बोनस प्रदान करके 2400 रुपए प्रति क्विंटल पर गेहूं खरीद की गई है। राज्य में 10 हजार सौर ऊर्जा संयंत्रों, 41 हजार हैक्टेयर क्षेत्रफल में ड्रिप और मिनी स्प्रिंकलर और 44 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में स्प्रिंकलर संयंत्रों की स्थापना की गयी है।

श्री शर्मा ने कहा कि बड़ी संख्या में नए कृषि कनेक्शन, किसानों को बिजली के बिलों में अनुदान, अल्पकालीन फसली ऋण का वितरण और कस्टम हायरिंग केन्द्रों की स्थापना जैसे निर्णय भी किसानों के उत्थान में महत्वपूर्ण निर्णय हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने और राज्य को बिजली सरप्लस राज्य बनाने के लिये सवा दो लाख करोड़ रुपये के करार किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत शनिवार को जारी की गयी 18वीं किस्त के माध्यम से राजस्थान के 70 लाख 36 हजार 501 किसानों को कुल 1546.6 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए हैं।

वाशिम में आयोजित इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार एवं देवेन्द्र फड़नवीस सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# देश के विकास में ग्रामीणों की भागीदारी हो यही सपना था चौ चरण सिंह का : जयंत

**बीकानेर, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री जयंत चौधरी ने शनिवार को कहा कि देश के विकास में ग्रामीणों की भागीदारी हो और गांव का हर व्यक्ति मुख्य धारा से जुड़े, यही चौधरी चरण सिंह का सपना था। श्री चौधरी ने तिलक नगर स्थित चौधरी चरण सिंह कन्या छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के समान अवसर देकर ही हम समग्र विकास के सपने को साकार कर सकते हैं। समाज के भामाशाहों के सहयोग से यह कन्या छात्रावास संचालित किया जा रहा है, यह सराहनीय प्रयास है। इसके माध्यम से गांव के बच्चों, विशेष तौर पर बालिकाओं को शिक्षा के अवसर मिल पा रहे हैं। इस तरह के प्रयास अन्य लोगों को भी समाज को सेवा की दिशा



में प्रेरित करते हैं। श्री चौधरी ने कहा कि संस्थान में आवश्यकतानुसार और भी संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने संचालित छात्रावास के लिये चौधरी चरण सिंह शिक्षण एवं सेवा समिति के कार्यों की सराहना की और इसे अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा से जुड़ी सभी सुविधाएं मुहैया करवा रही हैं। इसमें भामाशाहों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। श्री दिलावर ने बीकानेर को दानवीरों की भूमि बताया और कहा कि इस परंपरा को आगे बढ़ाने के लिये सभी संकल्पबद्ध होकर कार्य करें।

# भाजपा राज्य में उपचुनावों के लिए पूरी तरह से तैयार है : राठौड़

**जयपुर, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** राजस्थान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि भाजपा राज्य में होने वाले उप चुनावों को लेकर पूर्ण रूप से तैयार है। श्री राठौड़ ने शनिवार को यहां पत्रकारों से कहा कि पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में लगा दिया है। पाटी हर कार्यकर्ता को काम और हर काम के लिये कार्यकर्ता के ध्येय वाक्य पर निरंतर कार्य कर रही है। ऐसे में संगठन स्तर पर आगामी सभी विधानसभा उपचुनावों को लेकर रणनीति तैयार कर ली गयी है। भाजपा अपनी सीट पर तो जीत दर्ज करेगी ही, कांग्रेस से उनकी सीट भी छीन लेंगी और सभी सात सीटों पर कमल खिलेगा।

उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा के बयानों पर कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार लगातार जनहितैषी कार्य कर रही है। राज्य सरकार मजबूत, सुदृढ़ और अपने एजेंडे पर कार्य करनी वाली सरकार है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को अपनी पार्टी को संभालना चाहिये। कांग्रेस की हो रही दुर्गति को संभालने की बजाए डोटासरा ताक झांक कर रहे हैं यह अच्छी आदत नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी है। कोई भी दलित नेता अगर आगे बढ़ता है, तो कांग्रेसी उसे निशाना बनाते हैं। कांग्रेस हल्की और स्तरहीन राजनीति पर उतर आई है।श्री राठौड़ ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं, जो दलित, वंचित और शोषित वर्ग के उत्थान के लिये निरंतर कार्य कर रहे हैं और इन वर्गों को समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।

# मंदिर सभी सनातनियों की आस्था एवं समरसता का केंद्र होना चाहिए : भडाणा

**अजमेर, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** राजस्थान में देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाणा ने कहा है कि मंदिर सभी सनातनियों की आस्था और समरसता का केंद्र होना चाहिए।

अजमेर में शनिवार को देवनारायण सेवा समिति माखुपुरा की ओर से भगवान देवनारायण मंदिर के 223 वर्ष पुराने प्राचीन मंदिर के भव्य भवन निर्माण के लिये आयोजित भूमि पूजन के समारोह में श्री भडाना ने मंत्रोचार के साथ ईंट पूजन करके भवन की नींव रखी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के छठवें अवतार के रूप में लोक कल्याण के लिये अवतरित भगवान देवनारायण का यह स्थान केवल एक मंदिर न होकर हमारे सांस्कृतिक, आध्यात्मिक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र होगा। उन्होंने कहा कि इस मंदिर में मत्था टेकने पर शांति और सद्भाव का संचार होगा। जिस प्रकार कंस का अंत करने के लिये भगवान श्रीकृष्ण अवतरित हुए इस प्रकार तत्कालीन कंस रूपी राणा के संहार के लिए भगवान देवनारायण प्रकट हुए। उन्होंने कहा की यह मंदिर केवल एक समाज का न होकर सभी सनातनियों की आस्था और समरसता का केंद्र बने।

# घोड़े पर सवार होकर मतदान करने आए नवीन जिंदल

**चंडीगढ़, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हरियाणा में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद नवीन जिंदल घोड़े पर बैठकर मतदान करने पहुंचे। सफेद कुर्ते पाजामे पर नीली जैकेट पहने श्री जिंदल ने मतदान की अपनी तस्वीरें साझा करते हुये सोशल मीडिया पर लिखा, मैंने अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करते हुए




मतदान किया ताकि हमारा लोकतंत्र और मजबूत हो। आप सभी से आग्रह है कि जायें, वोट दें और सही चुनाव करें। यह निश्चित है कि हरियाणा में भाजपा ही सरकार बनायेगी, इसलिये अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें क्योंकि आपका प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है। उल्लेखनीय है कि श्री जिंदल की मां सावित्री जिंदल भी लोकसभा चुनाव से ही पहले भाजपा में शामिल हुई थीं, लेकिन टिकट न मिलने के कारण पार्टी से बगावत कर हिसार से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही हैं।

# किस स्थान पर कैसे बने देवी सती के शक्तिपीठ

## अस्तित्व में आने की क्या है वजह, जानिए

देवी के प्रसिद्ध और पावन मंदिरों में 52 शक्तिपीठ शामिल हैं। वैसे तो 51 शक्तिपीठ माने जाते हैं, लेकिन तंत्र चूड़ामणि में 52 शक्तिपीठ बताए गए हैं। इन शक्तिपीठ के अस्तित्व में आने के पीछे एक खास वजह मिलती है। हिंदू धर्म में देवी सती के 51 शक्तिपीठ का बेहद महत्त्व है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन सभी शक्ति पीठ बनने के पीछे की वजह क्या है और माता सती के 51 कहां-कहां स्थित हैं? ऐसे में आइए आपको इस लेख में पौराणिक कथा के अनुसार देवी के शक्ति पीठों के बनने की वजह के बारे में बताते हैं। साथ ही यह भी बताते हैं कि ये 51 शक्तिपीठ कहां-कहां हैं।

देवी पुराण में 51 शक्तिपीठ, देवी भागवत में 108 और देवी गीता में 72 शक्तिपीठों का वर्णन मिलता है। देवी पुराण में जो 51 शक्तिपीठ बताए गए हैं, उनमें से कुछ विदेश में भी स्थापित हैं। भारत में कुल 42 शक्तिपीठ हैं। जबकि बांग्लादेश में 4, नेपाल में 2 और श्रीलंका-पाकिस्तान और तिब्बत में 1-1 शक्तिपीठ हैं।



### माता सती के 51 शक्तिपीठ के नाम

देवी बाहुला- एक प्रतीक माता सती का बायां हाथ अजेय नदी के पास पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले में गिरा था, जहां देवी बाहुला के रूप में पूजी जाती हैं।

**मंगल चंद्रिका-** माता की दाईं कलाई पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले में उज्जनि में गिरी थी। माता का मंगल चंद्रिका रूप यहां है।

**भ्रामरी देवी-** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, माता का बायां पैर पश्चिम बंगाल के जलपाइगुड़ी में गिरा था, जहां मां सती का भ्रामरी रूप पूजा जाता है।

**जुगाड्या-** माता सती का दाएं पैर का अगूंठा पश्चिम बंगाल के वर्धमान जिले में गिरा था। माता सती यहां जुगाड़ी रूप में विराजमान है।

**माता कालिका-** मां का बाएं पैर का अगूंठा पश्चिम बंगाल के कोलकाता के कालीघाट में गिर गया था। यहां माता को कालिका कहा जाता है।

**महिषमर्दिनी-** मां सती का भ्रूण भी पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में गिरा था। इसलिए माता को यहां महिषमर्दिनी भी कहा जाता है।

**देवगर्भ-** पश्चिम बंगाल के बीरभुम जिले में माता सती की अस्थियां गिरी होती हैं। यहां देवी को देवगर्भ कहा जाता है।

**देवी कपालिनी-** मां सती की बायीं एड़ी पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में गिरी थी। यहां माता का कपालिनी रूप पूजा जाता है।

**फुल्लरा-** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में मां सती का ओष्ठ भी मिल गया है। इस जगह माता सती की पूजा फुल्लरा रूप में की जाती है।

**अवंति-** मध्य प्रदेश के उज्जयिनी में क्षिप्रा नदी तट पर माता सती का ऊपरी होंठ गिरा। यहां वे अवंति कहलाती हैं।

**नंदिनी-** बीरभूम, पश्चिम बंगाल में माता सती का नंदिनी रूप पूजा जाता है। यह भी कहा जाता है कि यहीं देवी सती के गले का हार गिरा था।

**देवी कुमारी-** माता सती का दायां कंधा पश्चिम बंगाल में रत्नाकर नदी के पास गिरा था, जहां वे देवी कुमारी कहलातीहैं।

**देवी उमा-** मां सती का बायां (कंधा) स्कंध भारत-नेपाल बॉर्डर पर गिरा था। जहां माता उमा विराजमान हैं।

**कालिका देवी-** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में माता सती के पैर की हड्डी गिरी थी। यहां उन्हें कालिका देवी के नाम से पूजा जाता है।

**विमला जी-** बांग्लादेश के मुर्शिदाबाद जिले में माता सती की पूजा विमला नाम से की जाती है, जहां उनके माथे का मुकुट गिरा था।

**मां भवानी-** मां की दायीं भुजा बांग्लादेश के चिट्टागौंग जिले में चंद्रनाथ पर्वत के शिखर पर गिरी थी। यहां मां सती को भवानी कहते हैं।

**सुनंदा-** माना जाता है कि माता सती की नाक बांग्लादेश के बरिसल में गिरी थी। यहां माता का सुनहरा रूप है।

**देवोत्सव-** मां सती की बायीं जांघ बांग्लादेश के जयंतिया परगना में गिरी थी, जिसे देवी जयंती कहा जाता है।

**महालक्ष्मी देवी-** बांग्लादेश के जैनपुर गांव में मां सती के पार्थिव शरीर को शिव जी उठाकर ले जा रहे थे, तब माता सती का गला यहां गिरा था। यहां देवी की पूजा महालक्ष्मी के रूप में की जाती है।

**योगेश्वरी-** माना जाता है कि मां सती के हाथ और पैर बांग्लादेश के खुलना जिले में गिरे थे। यहां उन्हें योगेश्वरी कहा जाता है।

**अर्पण-** माता सती की बाएं पैर की पायल बांग्लादेश के भवानीपुर गांव में गिरी थी। जहां उनकी अर्पण रूप में पूजा होती है।

**इन्द्रक्षी-** श्रीलंका में माता के इंद्रक्षी रूप की पूजा की जाती है क्योंकि इस स्थान पर माता के दाएं पैर की पायल गिरी है।

**मां ललिता-** उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में मां सती की हाथ की अंगुली प्रयाग संगम में गिरी थी। यहां माता सती को ललिता रूप में पूजा जाता है।

**मणकर्णी-** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में मां को विशालाक्षी या मणकर्णी नाम से पूजा जाता है क्योंकि वहां उनकी कान की मणि गिरी थी।

**देवी शिवानी-** एक पौराणिक कहानी कहती है कि उत्तर प्रदेश के चित्रकूट रामगिरी में मां सती का दायां वक्ष गिर गया था। यहां देवी शिवानी का नाम है।

**चूड़ामणि-** एक खनिज उत्तर प्रदेश के वृंदावन में मां सती के केश की चूड़ामणि मिली। जहां माता सती को उमा कहा जाता है।

**श्रावणि-** तमिलनाडु के भद्रकाली मंदिर में मां सती की पीठ गिरी। यहां उन्हें श्रावणी कहा जाता है।

**सावित्री-** एक देवी हरियाणा के कुरुक्षेत्र में मां सती की एड़ी गिरी। इस जगह माता का सावित्री रूप विराजमान है।

**देवी गायत्री-** राजस्थान के अजमेर में मां सती को गायत्री पर्वत पर पूजा जाता है, जहां उनकी कलाई गिरी थी।

**मां काली-** मध्य प्रदेश के अमरकंटक में मां सती का बायां नितंब गिरा था। यहां काली पूजा जाती है।

**देवी नर्मदा-** मध्य प्रदेश के अमरकंटक में मां सती का दायां नितंब नर्मदा नदी तट पर गिरा था। यहां देवी को नर्मदा कहा जाता है।

**देवी नारायणी-** पौराणिक कथाओं के अनुसार, तमिलनाडु के कन्याकुमारी-तिरुवंतपुरम मार्ग पर मां सती की ऊपरी दाड़ गिरी थी। यह देवी का नारायणी रूप है।

**वाराही-** उत्तर प्रदेश के गोंडा में स्थित इस मंदिर में माता सती की निचली दाढ़ गिरी थी। यहां देवी की वाराही रूप में पूजा जाता है।

**श्री सुंदरी-** आंध्र प्रदेश के कुरनूल श्रीशैलम में मां सती का दाएं पैर की पायल गिरी होती है। जहां वे श्री सुंदरी नाम से पूजी जाती हैं।

**चंद्रभागा-** भगवान शिव ने माता सती का पार्थिव शरीर उठाते समय सोमनाथ मंदिर के पास गुजरात के जूनागढ़ जिले में मां का अमाशय गिरा था। यहां देवी को चंद्रभागा कहा जाता है।

**भ्रामरी देवी-** एक पौराणिक कथा के अनुसार, मां सती की ठोड़ी गोदावरी घाटी में महाराष्ट्र के नासिक में गिरी थी। माता यहां भ्रामरी कहलाती हैं।

**राकिनी देवी-** आंध्र प्रदेश के कोटिलिंग्शेवर मंदिर में मां सती का गाल गिरा था। जहां राकिनी माता की पूजा की जाती है

**देवी अंबि-** मां सती के बायें पैर की उंगली राजस्थान के भरतपुर में गिरी थी। यहां पर माता सती को अंबि नाम से पूजा जाता है।

**महाशिरा-** ऐसा माना जाता है कि नेपाल में पशुपतिनाथ मंदिर के पास गुजयेश्वरी मंदिर में मां सती के दोनों घुटनें गिरे हैं। इस स्थान पर मां का महाशिरा रूप की पूजा की जाती है।

**गण्डकी चंडी-** मुक्तिनाथ मंदिर नेपाल के पोखरा में गण्डकी नदी के तट पर है। माना जाता है कि मां सती का मस्तक इस जगह गिरा था। यहां मां को गंडकी चंडी की तरह पूजा जाता है।

**जयदुर्गा-** कर्नाटक में स्थित इस मंदिर में मां सती के दोनों कान गिरे थे। यह स्थान जयदुर्गा कहलाता है।

**कोट्टरी-** हिंगलाज माता का शक्तिपीठ लारी तहलीस, बलूचिस्तान, पाकिस्तान में है। माना जाता है कि इस जगह मां सती का सिर गिरा था। यहां मां को कोट्टरी कहते हैं।

**महिष मर्दिनी-** माता सती का नैना देवी मंदिर हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में है। इस स्थान पर माना जाता है कि यहां माता सती की आखें गिरी थीं। इस जगह पर माता की महिष मर्दिनी के रूप में पूजा की जाती है।

**देवी अंबिका-** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में मां सती की जीभ गिरी थी। यहां माता सती का अंबिका रूप पूजा जाता है।

**देवी महामाया-** मां सती का गला कश्मीर के पहलगाम स्थित अमरनाथ में गिरा था। यहां देवी को महामाया कहा जाता है।

**त्रिपुरमालिनी-** माता सती का दायां वक्ष पंजाब के जालंधर में गिरा था। यहां देवी को त्रिपुरमालिनी के रूप में पूजा जाता है।

**माता अंबाजी-** देवी सती का हृदय गुजरात के अंबाजी मंदिर में गिरा था। इस स्थान पर माता को अंबाजी कहते हैं।

**मां दाक्षायनी-** तिब्बत के पास कैलाश पर्वत पर माता सती का दायां हाथ गिरा था। यहां माता सती को दाक्षायनी के रूप में पूजा जाता है।

**देवी विमला-** माता सती की नाभि उड़ीसा में भुवनेश्वर में गिरी थी। आज मां सती को विमला रूप में पूजा जाता है।

**त्रिपुर सुंदरी-** एक महिला मान्यता है कि माता सती का दायां पैर त्रिपुरा के माताबढ़ी शिखर उदयपुर में गिरा था। यहीं माता को त्रिपुर सुंदरी का नाम मिलता है।

**कामाख्या देवी-** असम के गुवाहाटी के कामगिरी में माता सती की योनि गिरी है। यहां कामाख्या देवी की पूजा करने के लिए कामाख्या मंदिर बनाया गया है।

## यहां देवी की नहीं बल्कि पालना की होती है पूजा



धर्म और आस्था की नगरी तीर्थराज प्रयाग में एक ऐसा मंदिर है जहां देवी की नहीं बल्कि मां अलोप शंकरी देवी मंदिर में पालना की पूजा श्रद्धालु करते हैं। शारदीय नवरात्र चल रहा है। यहां भोर से ही मंदिर के अंदर बने पालने का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगती है। श्रद्धालु झूलते पालना का दर्शन करते हैं। 52 द्वादश शक्तिपीठों में एक है। यहां देश के कोने-कोने से विशेष कर दक्षिण भारत से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। नवरात्र में माता रानी का श्रृंगार तो नहीं होता लेकिन उनके सभी स्वरूपों का पाठ किया जाता है।

श्री अलोप शंकरी शक्तिपीठ मंदिर और पंचायती अखाड़ा के महंत यमुनापुरी ने बताया कि यह 52 शक्तिपीठों में से एक है। मान्यता है कि जब देवी सती अपने पिता दक्ष के बिना बुलाए यज्ञ में पहुंच गई तो वहां उनका और उनके पति महादेव का अपमान हुआ। इससे नाराज होकर देवी सती यज्ञ की अग्नि में कूद गईं और प्राण त्याग दिए।

महादेव क्रोधित हो गए और देवी सती की मृत शरीर के साथ आकाश में यात्रा की। उन्हें इस पीड़ा से राहत देने के लिए भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र चलाकर सती के शरीर के टुकड़े कर दिए, जो भारत में विभिन्न स्थानों पर गिरे और देवी के शरीर के अंगों से स्पर्श होने के बाद तीर्थ यात्रा के लिए पवित्र स्थान हो गए और शक्ति पीठ बने। मां भगवती के दाहिने हाथ की छोटी उंगली प्रयागराज में इसी स्थान गिरी थी। देवी पुराण और पद्मपुराण में मां अलोप शंकरी देवी का वर्णन मिलता है। यह पौराणिक शक्ति पीठ है।


उन्होंने बताया कि देवी के शरीर के अंग जहां-जहां गिरे वहां शक्तिपीठ स्थापित हुई। प्रयागराज में देवी सती के दाहिने हाथ की अंगुली गिरी थी और इसी स्थान पर मां अलोप शंकरी मंदिर शक्तिपीठ बन गई थी। अंगुली जिस कुंड में गिरी थी उसमें गिरते ही वह अलोप हो गई। इसलिए इसे अलोपी देवी मंदिर भी कहा जाता है। मंदिर में कुंड के ऊपर लकड़ी का पालना लटकता रहता है और वह लाल वस्त्र से ढ़का रहता है। दक्षिण भारत में इसे अष्टादश मांधेश्वरी के रूप में मानते हैं। बड़ी संख्या में यहां पर वे आकर पूजा पाठ करते हैं।

महंत ने बताया कि अलोप शंकरी का मतलब है जिसका कभी लोप नहीं हो भगवती यहां अपनी ऊर्जा शक्ति से विराजमान रहती हैं। नवरात्रि में यहां मां के सभी स्वरूपों का पाठ किया जाता है। यह पालना माता और पुत्र के बीच का संबंध बताता है। पालना के नीचे एक बेदी है और उसके नीचे एक कुंड है जिसमें गंगाजल भरा रहता है।

## थावे दुर्गा मंदिर में पूरी होती हैं श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं

बिहार में गोपालगंज जिले के थावे दुर्गा मंदिर में सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों और श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती है। गोपालगंज के सुप्रसिद्ध थावे दुर्गा मंदिर दो तरफ से जंगलों से घिरा है और इस मंदिर का गर्भगृह काफी पुराना है। इस मंदिर में नेपाल, उत्तर प्रदेश, बिहार के कई जिले से श्रद्धालु पूजा-अर्चना एवं दर्शन करने आते हैं। वैसे यहां सालों भर भक्तों की कतार लगी रहती है, लेकिन चैत्र और शारदीय नवरात्र में पूजा करने का विशेष महत्व है। नवरात्रि के नौ दिनो में यहां विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्र में यहां खास मेला भी लगाया जाता है। इसके अलावा इस मंदिर में सोमवार और शुक्रवार को विशेष पूजा होती है।

सावन के महीने में भी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इस मंदिर को लोग थावे वाली माता का मंदिर, सिंहासिनी भवानी के नाम से भी जानते हैं। यहां नवरात्र में पशुबलि देने की भी परम्परा है। लोग मां के दरबार में खाली हाथ आते हैं लेकिन मां के आशीर्वाद से भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। थावे दुर्गा मंदिर को सिद्धपीठ माना जाता है।





थावे दुर्गा मंदिर की स्थापना की कहानी काफी रोचक है। चेरो वंश के राजा मनन सिंह खुद को मां दुर्गा का बड़ा भक्त मानते थे, तभी अचानक उस राजा के राज्य में अकाल पड़ गया। उसी दौरान थावे में माता रानी का एक भक्त रहषु था। रहषु के द्वारा पटेर को बाघ से दौनी करने पर चावल निकलने लगा। यही वजह थी कि वहां के लोगों को खाने के लिए अनाज मिलने लगा। यह बात राजा तक पहुंची लेकिन राजा को इस बात पर विश्वास नहीं हो रहा था। राजा रहषु के विरोध में हो गया और उसे ढोंगी कहने लगा और उसने रहषु से कहा कि मां को यहां बुलाओ। इस पर रहषु ने राजा से कहा कि यदि मां यहां आईं तो राज्य को बर्बाद कर देंगी लेकिन राजा नहीं माना। रहषु भगत के आह्वान पर देवी मां कामाख्या से चलकर पटना और सारण के आमी होते हुए गोपालगंज के थावे पहुंची। राजा के सभी भवन गिर गए। इसके बाद राजा मर गया।

एक अन्य मान्यता के अनुसार, हथुआ के राजा युवराज शाही बहादुर ने वर्ष 1714 में थावे दुर्गा मंदिर की स्थापना उस समय की जब वे चंपारण के जमींदार काबुल मोहम्मद बड़हरिया से दसवीं बार लड़ाई हारने के बाद फौज सहित हथुआ वापस लौट रहे थे। इसी दौरान थावे जंगल मे एक विशाल वृक्ष के नीचे पड़ाव डाल कर आराम करने के समय उन्हें अचानक स्वप्न में मां दुर्गा दिखीं। स्वप्न में आये तथ्यों के अनुरूप राजा ने काबुल मोहम्मद बड़हरिया पर आक्रमण कर विजय हासिल की और कल्याण पुर, हुसेपुर, सेलारी, भेलारी, तुरकहा और भुरकाहा को अपने राज के अधीन कर लिया। विजय हासिल करने के बाद उस वृक्ष के चार कदम उत्तर दिशा में राजा ने खुदाई कराई, जहां दस फुट नीचे वन दुर्गा की प्रतिमा मिली और वहीं मंदिर की स्थापना की गई।

# रणबीर कपूर की धूम 4 में धमाकेदार एंट्री




बॉलीवुड की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म फ्रेंचाइज़ी धूमऴ को लेकर लंबे समय से चर्चाएं हो रही थीं, और अब यह तय हो गया है कि धूम 4 में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका निभाने जा रहे हैं। 2004 में जब आदित्य चोपड़ा ने जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन और उदय चोपड़ा के साथ धूम बनाई थी, तब इसने बॉलीवुड में एक नए तरीके की कहानी कहने की शुरुआत की थी। जॉन अब्राहम ने ग्रे शेड्स वाले किरदार को बड़े पर्दे पर बेहद कूल अंदाज में प्रस्तुत किया था। इसके बाद 2006 में रितिक रोशन और फिर 2013 में आमिर खान की एंट्री से यह फ्रेंचाइज़ी और भी सफल होती चली गई। अब रणबीर कपूर इस सीरीज़ के चौथे भाग में खलनायक के किरदार में नजर आएंगे।धूम 4 के लिए रणबीर कपूर को नकारात्मक भूमिका में लिया गया है, और यह पूरी तरह से एक रिबूट फिल्म होगी। इसका मतलब है कि पिछली फिल्मों के कोई भी मुख्य कलाकार इस बार नजर नहीं आएंगे। फिल्म में दो नए युवा सुपरस्टार्स को पुलिस की जोड़ी के रूप में कास्ट किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, इस बार धूम 4 सिर्फ सबसे बड़ी धूम फिल्म ही नहीं होगी, बल्कि भारतीय सिनेमा की ग्लोबल स्टैंडर्ड पर बनी एक भव्य फिल्म होगी।धूम 4 अब प्री-प्रोडक्शन स्टेज में प्रवेश कर चुकी है, और यह आदित्य चोपड़ा के नेतृत्व में वाईआरएफ (यशराज फिल्म्स) के बैनर तले तैयार की जा रही है। आदित्य चोपड़ा ने पिछले सभी हिस्सों की तरह इस बार भी विजय कृष्ण आचार्य के साथ मिलकर धूम 4 की स्क्रिप्ट तैयार की है। फिल्म की कहानी और विजऩ को ऐसा रखा जा रहा है जिससे दर्शकों को एक नया सिनेमाई अनुभव मिल सके।रणबीर कपूर के साथ लंबे समय से बातचीत चल रही थी, और अब यह तय हो गया है कि वह इस फिल्म का नेतृत्व करेंगे। रणबीर पहले से ही धूम 4 का हिस्सा बनने में रुचि दिखा रहे थे और अब वह इसके मुख्य अभिनेता के रूप में कंफर्म हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, आदित्य चोपड़ा का मानना है कि रणबीर इस फ्रेंचाइज़ी को आगे बढ़ाने के लिए एकदम सही विकल्प हैं।धूम 4 की शूटिंग 2025 के अंत या 2026 की शुरुआत में शुरू होने की संभावना है। रणबीर कपूर फिलहाल लव एंड वॉर और रामायण 1 और 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं, और इन्हें पूरा करने के बाद वह धूम 4 पर काम शुरू करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि धूम 4 रणबीर कपूर के करियर की 25वीं फिल्म होगी और इसे वह एक खास फिल्म बनाने की पूरी तैयारी कर रहे हैं। इसके बाद वह एनिमल पार्क पर काम करेंगे, जिससे उनका यह दशक शानदार होने वाला है।यशराज फिल्म्स के पास आने वाले 5 सालों में वॉर 2, अल्फा, मर्दानी 3, पठान 2, टाइगर वर्सेज पठान और धूम 4 जैसी कई बड़ी फिल्में हैं, जो भारतीय सिनेमा में एक नई पहचान बनाएंगी।रणबीर कपूर इस दशक के अंत तक धूम 4, लव एंड वॉर, रामायण फ्रेंचाइज़ी और एनिमल पार्क जैसी फिल्मों के जरिए बॉलीवुड के शीर्ष स्थान पर अपनी जगह पक्की करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। धूम फ्रेंचाइज़ी की बात करें तो इसकी पहली फिल्म एक कल्ट क्लासिक मानी जाती है, और इसके बाद की फिल्में धूम 2 और धूम 3 ने बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर हिट दी थी।




# अदा शर्मा की नई वेब सीरीज रीता सान्याल का ऐलान

## रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

अभिनेत्री अदा शर्मा आगामी सीरीज रीता सान्याल में एक वकील का किरदार निभाती नजर आएंगी और उन्होंने कहा कि उन्हें सिर्फ एक शो में 10 भूमिकाएं निभाने का मौका मिला।अभिरूप घोष द्वारा निर्देशित यह सीरीज प्रशंसित लेखक अमित खान द्वारा रचित चरित्र पर आधारित है।अदा ने कहा, मैं हमेशा से रीता सान्याल जैसा किरदार निभाना चाहती थी। मैं भाग्यशाली रही हूं कि मुझे टाइपकास्ट नहीं किया गया और मुझे कुछ सराहनीय, कुछ डरावने, कुछ प्यारे किरदार निभाने को मिले। लेकिन जिस पल मैंने रीता सान्याल की स्क्रिप्ट पढ़ी, मुझे लगा कि यह शो मेरे लिए ही है।उन्?होंने कहा कि कलाकार के रूप में हमें अलग-अलग किरदार निभाने के लिए अलग-अलग प्रोजेक्ट करने पड़ते हैं। यहां मुझे एक शो में 10 लोगों का किरदार निभाने का मौका मिला।उन्होंने बताया कि इस शो में एक्शन, कॉमेडी, ड्रामा, रोमांच, अपराध सब कुछ है।अदा ने बताया, यह सीरीज एक लड़की के सामने आने वाली चुनौतियों का सार प्रस्तुत करती है जो एक वकील और जासूस के रूप में बड़ा नाम बनाने की कोशिश कर रही है। जो चीज इसे पहले देखी गई चीजों से अलग बनाती है, वह यह है कि रीता सान्याल कॉमिक बुक पढऩे जैसा है। यह मजेदार और रोमांचकारी है।इस सीरीज में राहुल देव, अंकुर राठी और माणिक पपनेजा जैसे स्टार कलाकार भी शामिल होंगे।कीलाइट प्रोडक्शंस के निर्माता और सह-संस्थापक राजेश्वर नायर ने कहा, कहानी सुनाने की कला में मुझे जो कुछ भी पसंद है, वह सब कुछ इसमें है। यह बेहद ही मनोरंजक है। यह दर्शकों को सीटों पर बांधे रखेंगी। अदा ने रीता के किरदार को सहजता से निभाया है और उसे जीवंत कर दिया है। वह एक बेहतरीन अदाकारा हैं और उन्होंने किरदार के साथ पूरा न्याय किया है।कीलाइट प्रोडक्शंस के बैनर तले राजेश्वर नायर और कृष्णन अय्यर द्वारा निर्मित रीता सान्याल 14 अक्टूबर से डिज्नी पलस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

# सलमान खान की फिल्म किक 2 का हुआ ऐलान




साजिद नाडियाडवाला ने अपनी आगामी फिल्म किक 2 का ऑफिशियल एलान किया है। इतना ही नहीं, प्रोड्यूसर ने फिल्म के सेट से सलमान खान का फर्स्ट लुक भी जारी किया है। इसके लिए उन्होंने सोशल मीडिया का सहारा लिया है।प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर किक 2 से सलमान खान तस्वीर शेयर की है। उन्होंने डेविल की मोनोक्रोम तस्वीर पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा है, यह एक शानदार किक 2 फोटोशूट था सिकंदर। फ्रॉम ग्रैंड, साजिद नाडियाडवाला।किक 2 से सलमान खान का फर्स्ट लुक सामने आते ही फैंस का रिएक्शन आना शुरू हो गया। एक फैन ने लिखा है, सिकंदर के बाद डेविल। एक दूसरे फैन ने लिखा है, आइकोनिक बैकपोज। एक और फैन ने लिखा है, असली शो अब चालू होने वाला है, क्योंकि अब डेविल आने वाला है। अन्य फैंस ने पोस्ट के कमेंट सेक्शन को फायर इमोजी से भर दिया है।किक 2 सलमान खान की 2014 की फिल्म किक का सीक्वल है। किक नाडियाडवाला की निर्देशन में पहली फिल्म थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सफल रही। सलमान खान की एक्शन फिल्म फैंस और दर्शकों को काफी पसंद आई थी। फिल्म ने 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा छुआ था और इसी के साथ यह उस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक फिल्म साबित हुई।सलमान खान इन दिनों एआर मुरुगादॉस की फिल्म सिकंदर की शूटिंग में व्यस्त हैं एआर मुरुगादॉस की फिल्म में रश्मिका मंदाना और काजल अग्रवाल भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। सिकंदर ईद 2025 पर रिलीज के लिए तैयार है।




# बिग बॉस 18 में नजर आएंगी उर्फी जावेद की बहन उरुसा

चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस के नए सीजन के साथ सलमान खान एक बार फिर से वापसी के लिए तैयार हैं।6 अक्टूबर से बिग बॉस 18 शुरू होने जा रहा है, जिसका प्रशंसक भी काफी समय से इंतजार कर रहे थे।अब तक इसके कई प्रोमो सामने आ गए हैं, वहीं निया शर्मा इस सीजन की पहली प्रतियोगी हैं।अब खबर आ रही है कि उर्फी जावेद की बहन उरुसा भी बिग बॉस 18 में नजर आ सकती हैं।कहा जा रहा है कि निर्माताओं ने कुछ दिन पहले बिग बॉस 18 के लिए उरुसा से संपर्क किया था और उन्होंने इसके लिए हामी भर दी है। एक सूत्र ने कहा, उरुसा बिग बॉस 18 में नजर आ सकती हैं। चीजें अभी तय नहीं हुई हैं और वह निर्माताओं के साथ बातचीत के अंतिम चरण में हैं।अब दर्शक उन्हें शो में देखने के लिए उत्साहित हो रहे हैं।बता दें कि उरुसा साल 2021 में आया रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी के पहले सीजन में नजर आई थीं, जिससे उनकी लोकप्रियता में काफी इजाफा हुआ।उर्फी ने हाल ही में ओटीटी की दुनिया में कदम रखा है। उनके करियर की पहली वेब सीरीज फॉलो कर लो यार को आप अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।इस सीरीज में उर्फी की बहन उरुसा की भी झलक दिखी थी।

# बॉर्डर 2 में सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी की एंट्री

## सनी देओल संग सीमापार दुश्मनों से लेंगे लोहा

बॉर्डर 2 में सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के बाद अब सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी की एंट्री हो गई है। फिल्म बॉर्डर में सुनील शेट्टी ने शानदार काम किया था और वह फिल्म में अपने रोल में शहीद हो गए थे। अब फिल्म बॉर्डर 2 में सुनील शेट्टी की कमी को पूरा करने के लिए उनके बेटे अहान शेट्टी को फौजी बनाकर उतारा गया है। सनी देओल और अहान शेट्टी ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फैंस को इसकी जानकारी दी है। साथ ही एक टीजर भी जारी किया है।बॉर्डर 2 के सामने आए टीजर में फिल्म बॉर्डर से सुनील शेट्टी की झलक दिख रही हैं, जिसमें सुनील शेट्टी दुश्मनों से लोहा लेते दिख रहे हैं। वहीं, अब यही काम बॉर्डर 2 में उनके बेटे अहान शेट्टी करने जा रहे हैं। इस फिल्म का बीती जून में एलान हुआ था। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ की एंट्री हो चुकी है और अब फिल्म में अहान शेट्टी फौलादी फौजी के रोल में नजर आएंगे।बता दें, बॉर्डर 2 को जेपी दत्ता, निधि दत्ता, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। बॉर्डर 2 को अनुराग सिंह डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म बॉर्डर 2 के लिए दर्शकों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि फिल्म 23 जनवरी 2026 को वर्ल्डवाइड रिलीज होगी। बता दें, 13 जून 1997 को फिल्म बॉर्डर रिलीज हुई थी, जिसे जेपी दत्ता ने डायरेक्ट किया था। बॉर्डर हिंदी सिनेमा में वॉर फिल्मों की कैटेगरी में सबसे हिट फिल्मों की लिस्ट में टॉप पर आती है। अब देखना होगा कि क्या बॉर्डर 2 वो मुकाम हासिल कर पाएगी, जो बॉर्डर ने किया था।




# पर्पल साड़ी पहन गजब की खूबसूरत लगीं श्वेता तिवारी



टीवी और भोजपुरी इंडस्ट्री की हॉट क्वीन श्वेता तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद ही स्टनिंग फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉटनेस भरा अंदाज देखकर लोगों के होश उड़ गए हैं।अपनी एक्टिंग, फिटनेस और खूबसूरती को लेकर चर्चाओं में रहने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अक्सर सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों पर वायरल होने लगती हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।बता दें इंडियन हो या फिर वेस्टर्न लुक एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अपने हर अंदाज में कहर ढाती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर पोस्ट होते ही लोगों के बीच ट्रेंड करने लगता है।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने पर्पल कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो किलर पोज देते हुए फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींचती हुई नजर आ रही हैं।एक्ट्रेस की उम्र 43 साल हो चुकी हैं, लेकिन हॉटनेस के मामले में आज भी वो बॉलीवुड की स्टार अभिनेत्रियों को मात देती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस दो बच्चों की मां हैं। उनकी बड़ी बेटी पलक 23 साल की है।श्वेता तिवारी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी ज्यादा जबरदस्त है। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए रिएक्शंस देते हैं।

खबरें जो सोच बदल दे शुभ लाभ

# पुलिस कार्मिकों को मिलेगा ई-पेंशन प्रणाली का लाभ: मुख्यमंत्री





### सिपाही भर्ती परीक्षा का परिणाम इस माह के अंत तक जारी होगा

**लखनऊ, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का परिणाम इस माह के अंत तक जारी करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जाए और परीक्षाओं की शुचिता हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने पुलिस कार्मिकों को ई-पेंशन से जोड़ने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर पुलिस कार्मिक को समय पर पदोन्नति मिले, उनकी चरित्र पंजिका पर सही विवरण अंकित हो, उनकी योग्यता और प्रतिभा के अनुरूप पदस्थापना मिले और सेवानिवृत्ति के समय देयकों का भुगतान समय से हो, यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने पुलिस कार्मिकों को आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने और बेहतरीन प्रशिक्षण के लिए व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के भी निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक स्तर के सभी अधिकारियों के साथ विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने एक- एक कर सभी एडीजी से उनकी वर्तमान पदस्थापना अवधि में किये गए कार्यों, अपनाए गए नवाचारों और उपलब्धियों के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस की सभी इकाइयों के बीच बेहतर संवाद और समन्वय होना चाहिए। लॉजिस्टिक इकाई हो, अभिसूचना इकाई हो अथवा, एसआईटी, क्राइम, पीआरवी 112 आदि, इकाइयां भले ही अलग-अलग हैं, लेकिन सभी का लक्ष्य एक ही है, प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखना। इसलिए सभी के बीच बेहतर तालमेल होना आवश्यक है।

वरिष्ठ अधिकारी समय पर कार्यालय आएं। किसी भी कार्यालय में कोई फाइल तीन दिन से अधिक लंबित न हो। यदि किसी तरह की समस्या हो तो डीजीपी कार्यालय, गृह विभाग अथवा सीधे मुझसे समय लेकर मिल सकते हैं, लेकिन अनिर्णय की स्थिति न होनी चाहिए। फाइल लंबित नहीं रहनी चाहिए। बहुत सारी इकाइयों में फील्ड विजिट बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। एडीजी स्तर के अधिकारी के जिलों में जाने से अच्छा अधीनस्थ पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जिलों में जाएं अपनी इकाई से जुड़े कामकाज की समीक्षा करें, जहां सुधार की आवश्यकता हो, उस अनुरूप काम किया जाए। सीएम ने कहा कि पुलिस बल में लॉजिस्टिक्स का अभाव न हो। समय-समय पर इसकी समीक्षा करते रहें। हमारा पुलिस बल आधुनिक उपकरणों से लैस होनी चाहिए। अभी 40 अश्वों की आवश्यकता और है, कुंभ में इसकी आवश्यकता पड़ेगी। इनकी क्रय और प्रशिक्षण की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूरी की जाए। प्रदेश में पहली बार होने जा रही कंडम वीपन्स के निस्तारण की प्रक्रिया को सावधानी से पूरा किया जाए।

सीएम ने कहा, बदलते समय के साथ साइबर क्राइम की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। हमें इसके लिए हर स्तर पर सतर्क होना होगा। साइबर फ्रॉड के संबंध में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। शिक्षक, उद्यमियों, व्यापारियों, चिकित्सकों सहित अलग-अलग वर्गों के साथ समय-समय पर गोष्ठियां की जाएं, लोगों को साइबर अपराध की घटनाओं से अवगत कराएं, सुरक्षा के तौर-तरीकों से अवगत कराएं।

सभी जिलों में साइबर क्राइम थाने स्थापित किए जा रहे हैं। इनके भवन निर्माण की कार्यवाही में अनावश्यक देर न की जाए। आवश्यकतानुसार मानव संसाधन की व्यवस्था करें। भारत सरकार द्वारा साइबर फॉरेंसिक लैब की स्थापना का प्रस्ताव है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करें। हर जिले के हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क क्रियाशील रखें। किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर तत्काल रिस्पॉन्स होना चाहिए। फ़ॉरेंसिक इंस्टिट्यूट, लखनऊ को साधन-संपन्न बनाने के लिये सरकार हर आवश्यक सहयोग देगी। इसके निर्माण संबंधी अवशेष कार्यों को यथाशीघ्र पूरा कराएं।

देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में लागू तीनों नए कानून अब पूरी तरह अमल में आ चुके हैं। इस संबंध में विधिवत प्रशिक्षण जारी रखा जाए। हाल के दिनों में रेलवे ट्रैक पर सिलेंडर, रॉड आदि चीजें मिली हैं। इसी तरह ट्रेनों पर पत्थर फेंके जाने की घटनाएं भी हुई हैं। यह चिंताजनक है। इसके लिए जीआरपी, आरपीएफ, रेलवे प्रशासन और सिविल पुलिस को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। लोकल इंटेलिजेंस को और मजबूत किया जाना चाहिए।

## यूपी के 25 जिलों में खुलेंगे नए राजकीय नर्सिंग कॉलेज

**लखनऊ, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।**



योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक वर्क फोर्स तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इसके तहत योगी सरकार मेडिकल की यूजी और पीजी की सीटें बढ़ाने के बाद पैरामेडिकल (नर्सिंग) की सीटों में बड़े पैमाने में वृद्धि करने जा रही है। इसी क्रम में, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 25 जिलों में नये राजकीय नर्सिंग कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। इसके माध्यम से प्रदेश के कई छोटे शहरों में भी छात्र न सिर्फ सरकारी फीस पर नर्सिंग की पढ़ाई कर सकेंगे, बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने में अपना योगदान दे सकेंगे। सीएम योगी की पहल पर 20 जिलों में नये राजकीय नर्सिंग कॉलेजों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, जबकि 5 जिलों में निर्माण कार्य स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। वहीं, सीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को कॉलेजों का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है, ताकि अगले एकेडमिक सेशन से पढ़ाई शुरू हो सके।

डीजीएमई किंजल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रदेश के स्वास्थ्य इंफ्रास्क्चर को मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इसके साथ ही प्रदेश के छात्रों को मेडिकल और पैरामेडिकल की पढ़ाई के लिए उचित संसाधन उपलब्ध कराने के लिए भी युद्धस्तर पर काम कर रहे हैं। इसी के तहत सीएम योगी ने प्रदेश के 25 जिलों में नये राजकीय नर्सिंग कॉलेज खोलने की स्वीकृति दी है, जहां अगले एकेडमिक सेशन में पढ़ाई शुरू हो जाएगी। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप 20 जिलों में कॉलेजों का निर्माण कार्य चल रहा है जबकि पांच जिलों में निर्माण की स्वीकृति दे दी गयी। उन्होंने बताया कि इन कॉलेज के निर्माण कार्य के लिए प्रदेश की चार संस्थाओं को नामित किया गया। इनमें उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज (सी एंड डीएस), यूपी स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (यूपी सिडको) और उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) शामिल हैं।

20 जिलों में नए राजकीय नर्सिंग कॉलेज का निर्माण हो रहा है। इनमें अयोध्या, बहराइच, शाहजहांपुर, सिद्धार्थनगर, फतेहपुर, गोंडा, सुल्तानपुर, मीरजापुर, लखीमपुर खीरी, बस्ती, फिरोजाबाद, हरदोई, एटा, अमेठी, ललितपुर, बिजनौर, कौशांबी, गाजीपुर, प्रतापगढ़ और चंदौली शामिल हैं। इनके अलावा पांच जिलों में निर्माण कार्य प्रारंभ करने की स्वीकृति दी गई है, जिनमें देवरिया, कानपुर देहात, सोनभद्र, कुशीनगर और पीलीभीत शामिल हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी ने जारी की पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त**

## नवरात्रि में धन-धान्य से भरा यूपी के 2.25 करोड़ किसानों का घर

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के प्रति जताया आभार

**लखनऊ, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।**



शारदीय नवरात्रि की तृतीया तिथि पर देश के साथ ही उत्तर प्रदेश के किसानों का घर भी धन-धान्य से परिपूर्ण हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम से पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी की। इससे देश के 9.4 करोड़ किसानों के साथ ही उत्तर प्रदेश के 2.25 करोड़ किसानों को इसका लाभ मिला। प्रदेश के किसानों के खाते में 4985.49 करोड़ रुपए पहुंच गए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के किसानों को शारदीय नवरात्रि में यह उपहार दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम से देश के किसानों के खाते में पीएम सम्मान निधि की 18वीं किस्त स्थानांतरित की। इसमें उत्तर प्रदेश के दो करोड़ 25 लाख 91,884 किसानों के खाते में 4985.49 करोड़ रुपए भेजे गए। वहीं देश के 9.4 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपए से अधिक भेजकर लाभान्वित किया गया। गौरतलब है कि इससे पहले लोकसभा चुनाव जीतने के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से 18 जून को 17वीं किस्त का वितरण किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसानों के खाते में पीएम सम्मान निधि की राशि हस्तांतरित होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया।

किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करती इस कल्याणकारी योजना की 18वीं किस्त के अंतर्गत हस्तांतरित 20,000 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 2.25 करोड़ से अधिक किसानों समेत देश के 9.4 करोड़ से अधिक कृषक लाभान्वित हुए हैं।

**अखाड़ा परिषद की बैठक में अफसरों पर भड़के संत**

## अधिकारी बेलगाम, सीएम की भी नहीं सुन रहे

**प्रयागराज, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।**



अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की दारागंज स्थित पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी में चल रही बैठक में दूसरे दिन सांधु-संतों के निशाने पर जिले के अफसर रहे। संतों ने कहा कि अधिकारी बेलगाम हो गए हैं। वह सीएम योगी की भी नहीं सुन रहे हैं। परिषद की बैठक में अखाड़ा परिषद के बड़े संतों को भारत रत्न देने की मांग की गई। दारागंज स्थित पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की बैठक में कई प्रस्ताव पारित किए गए। प्रमुख रूप से लव जेहाद, संतों की सुरक्षा, गो हत्या का प्रतिबंध, कुंभ मेला क्षेत्र को हरा भरा और स्वच्छ बनाने सहित कुंभ मेले के दौरान सभी की सुरक्षा पर सरकार की ओर से विशेष ध्यान दिया जाए।

अखाड़े की बैठक में निर्णय लिया गया कि अबकी बार के कुंभ में शाही और पेशवाई जैसे नाम नहीं होंगे। आपसी सहमति से नया नाम जल्द ही सरकार को दिया जाएगा। मांगे नहीं माने जाने पर मेले का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। संतों ने अधिकारियों के खिलाफ सीएम से शिकायत करने का फैसला किया। कहा कि अफसर बेलगाम हो गए हैं वह सीएम की भी नहीं सुन रहे हैं। अखाड़े की बैठक में बड़े संतों को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पास किया गया।

बैठक में फर्जी संतों की कुंभ मेला क्षेत्र में प्रतिबंध के साथ पूर्ण बहिष्कार की भी घोषणा की गई। सभी तेरह अखाड़े की संतों को सरकार की ओर से विशेष सुरक्षा की मांग की गई। अखाड़ा परिषद की ओर से सभी अखाड़ों से अनुरोध किया गया कि अपने संतों को आई कार्ड भी उपलब्ध कराएं जिससे सभी संतों की पहचान हो सके। अखाड़ा परिषद की बैठक में संतों की समस्याओं पर चर्चा की गई। साधु-संतों ने कहा कि सभी अखाड़ों को बराबर बजट आवंटित हो। बड़ा उदा-सीन,निर्मल अखाड़े के सामने सड़क खराब होने से छावनी में आने जाने वालों को परेशानी हो रही है। मेला क्षेत्र में पानी होने के कारण कामकाज प्रभावित हो रहा है। प्रदेश में संत के सीएम होने के बावजूद अखाड़े की मांग अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। संतों ने सभी अखाड़ों को पांच-पांच करोड़ रुपए देने की मांग की। संतों ने कहा कि कुंभ मेले में पूरी छावनी सरकारी होनी चाहिए। संतों ने अधिकारियों की कार्यशैली पर असंतोष जताया। कहा कि अधिकारी सीएम योगी के भी नियंत्रण में नहीं है। अधिकारी अखाड़े के संतों से मुलाकात तक नहीं कर रहे हैं। यह घोर चिंता का विषय है।

## पूर्व एमएलसी इकबाल के भाई-बेटों पर रेप केस दर्ज

**सहारनपुर, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** बसपा के पूर्व एमएलसी इकबाल का परिवार एक और घिनोंने मामले में फंस गया है। इकबाल के भाई महमूद और चार बेटों के खिलाफ एक महिला ने सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला का पति इकबाल की ग्लोकल यूनिवर्सिटी में नौकरी करता था। पीड़िता का कहना है कि 2021 में हैवानियत के बाद से वह आतंकित थी और अब शिकायत करने की हिम्मत जुटा सकी। सहारनपुर पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

पुलिस के अनुसार, दुष्कर्म पीड़िता बागपत जिले की रहने वाली है। उसका पति सहारनपुर की ग्लोकल यूनिवर्सिटी में काम करता था और वहां के मिर्जापुर में किराये पर कमरा लेकर रहता था। महिला ने पुलिस को बताया कि नवंबर नवंबर 2021 में उसके पति की अचानक तबियत खराब हो गई। इस वजह से उसको बागपत से पति की देखभाल को मिर्जापुर आना पड़ा था।

बीमार पति के इलाज के लिए पैसे लेने को वह यूनिवर्सिटी में इकबाल के बेटे वाजिद के पास गई थी, तो उसने महिला को पानी पिलाने के काम पर रख लिया। आरोप है कि वाजिद ने मौका पाकर उसे कमरे में बंधक बना लिया और उससे रेप किया। इकबाल के भाई महमूद अली ने भी बाद में उसके साथ हैवानियत की।

10 दिन बाद वाजिद के छोटे भाई जावेद, इकबाल के छोटे बेटे अलीशान, उसके भाई अफजाल ने भी उसे शिकार बनाया।

## बेसहारा बच्चों का पालनहार बन रही योगी सरकार

### स्पॉन्सरशिप योजना से खिल रहा बचपन

**लखनऊ, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ उत्तर प्रदेश के कमजोर और वंचित बच्चों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। योगी सरकार द्वारा शुरू की गई स्पॉन्सरशिप योजना वंचित, बेसहारा और दिव्यांग बच्चों के कल्याण में मील का पत्थर साबित हो रही है। एक अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग एक अभियान के तहत दिसंबर माह तक दिव्यांग बच्चों की पहचान कर योजना की पात्रता पूरी करने वाले बच्चों की आर्थिक सहायता करेगी।

स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत प्रति बच्चे को मासिक 4,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। वित्तवर्ष 2024-25 में 20 हजार बच्चों की सहायता के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही योगी सरकार की यह पहल राज्य के वंचित बच्चों के प्रति उसकी समर्पित प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो समावेशी विकास के व्यापक एजेंडे का हिस्सा है।

यह योजना केंद्र सरकार की मिशन वात्सल्य पहल का हिस्सा है और इसका उद्देश्य ऐसे बच्चों को सहायता प्रदान करना है जो कठिन परिस्थितियों में अपने विस्तारित परिवारों के साथ रह रहे हैं। योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्पॉन्सरशिप योजना के तहत 11,860 बच्चों को 1,423.20 लाख रुपए की सहायता राशि वितरित की है। इसके माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कठिन परिस्थितियों में जी रहे किसी भी बच्चे को सहायता से वंचित न रहना पड़े।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में भर में एक विशेष अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों की पहचान की जा रही है। दिसंबर महीने तक चलने वाले इस अभियान के तहत जनपद स्तर पर योजनबद्ध तरीके से दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इन बच्चों में से जो बच्चे स्पॉन्सरशिप योजना की पात्रता पूर्ण कर रहे हैं उन्हें तत्काल समयबद्ध तरीके से योजना में शामिल किया जाएगा।

स्पॉन्सरशिप योजना के तहत दी गई वित्तीय सहायता से इन बच्चों की उचित देखभाल, शिक्षा और अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। योजना की पात्रता मापदंड इस प्रकार तय किए गए हैं कि सबसे ज्यादा जरूरतमंद बच्चों को इसका लाभ मिल सके। ग्रामीण क्षेत्रों में अभिभावकों की वार्षिक आय सीमा 72,000 रुपए और शहरी क्षेत्रों में 96,000 रुपए तय की गई है। ऐसे मामलों में जहां दोनों अभिभावकों या कानूनी संरक्षकों का निधन हो चुका है, आय सीमा की बाध्यता समाप्त कर दी गई है।

इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए अभिभावकों को आवश्यक दस्तावेज, जैसे आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, उम्र प्रमाण पत्र, अभिभावकों के निधन का प्रमाण पत्र, और बच्चे का शैक्षणिक संस्थान में पंजीकरण प्रमाण, जिला बाल संरक्षण इकाई या जिला प्रोबेशन अधिकारी के कार्यालय में जमा करना होगा। इस योजना के अंतर्गत प्रति बच्चे को मासिक 4,000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। सहायता राशि का 60 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार द्वारा और 40% हिस्सा राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है। उत्तर प्रदेश कैबिनेट द्वारा 17 जुलाई 2022 को स्वीकृत स्पॉन्सरशिप योजना ने अपने दायरे का काफी विस्तार किया है। महिला बाल विकास विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस योजना के तहत 7,018 बच्चों को 910.07 लाख रुपए वितरित किए गए थे। वहीं, वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 11,860 बच्चों को 1,423.20 लाख रुपए की सहायता दी जा चुकी है।

इस योजना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर बच्चा स्कूल जाए और एक पूर्ण जीवन जी सके। इस वित्तीय वर्ष में लाभार्थियों और फंडिंग, दोनों में ही उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस साल के अंत तक 20,000 बच्चों तक इस योजना का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य है। यह विशेष पहल उन बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित है, जो विभिन्न कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। योजना के तहत उन बच्चों को सहायता दी जाती है, जिनकी मां विधवा, तलाकशुदा या परित्यक्त हैं, जिनके माता-पिता गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं, या जो बेघर, अनाथ, विस्थापित परिवारों से हैं।



# कोच से अलग होने के बाद इगा स्विएटेक ने वुहान ओपन से नाम वापस लिया



**वारसॉ, 05 अक्टूबर (एजेंसियां) ।** विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्विएटेक ने कोच टॉमस विक्टरोवस्की के साथ सहयोग समाप्त करने के बाद वुहान ओपन से नाम वापस ले लिया। शुक्रवार को स्विएटेक ने एक बयान में उक्त जानकारी दी।

पोलिश खिलाड़ी ने डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के लिए पंजीकरण कराया था, लेकिन शुक्रवार को, इसके शुरू होने से तीन दिन पहले, आयोजकों को उनके नाम वापस लेने की सूचना दी गई। विश्व की नंबर 1 खिलाड़ी एक नए कोच की तलाश में लगी हुई हैं।

स्विएटेक ने शुक्रवार को एक बयान में लिखा, अपने करियर में तीन साल तक सबसे बड़ी सफलताएँ हासिल करने के बाद, कोच टॉमस विक्टरोवस्की और मैंने अपना सहयोग समाप्त करने का फैसला किया। विक्टरोवस्की ने पोलिश खिलाड़ी को चार ग्रैंड स्लैम खिताब दिलाए। स्विएटेक ने कहा, कोच विक्टरोवस्की तीन सीज़न पहले मेरी टीम में शामिल हुए, जब मुझे वास्तव में बदलाव और एक नए दृष्टिकोण की आवश्यकता थी। उनके अनुभव, विश्लेषणात्मक और रणनीतिक दृष्टिकोण और टेनिस के विशाल ज्ञान का मतलब था कि कुछ महीनों बाद मुझे ऐसी सफलताएँ मिलने लगीं, जिनके बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। हमारा लक्ष्य दुनिया में नंबर एक बनना था। 4 अप्रैल, 2022 को, स्विएटेक ने इतिहास में पहली पोलिश महिला के रूप में डब्ल्यूटीए विश्व रैंकिंग के लीडर के रूप में पदार्पण किया। उन्होंने 75 सप्ताह तक बढ़त बनाए रखी, और 11 सितंबर, 2023 को बेलारूसी आर्यना सबलेंका से हार गई।

आठ सप्ताह के बाद, वह शीर्ष पर लौट आई और तब से वह अग्रणी है। सितंबर की शुरुआत में, 23 वर्षीय खिलाड़ी यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जेसिका पेगुला से हार गई। फिर वह सियोल और बीजिंग में होने वाले टूर्नामेंट से हट गई। स्विएटेक ने कहा, मेरे लिए इस महत्वपूर्ण बदलाव के कारण, मैं खुद को अगले कुछ सप्ताह एक नए कोच के साथ काम करना शुरू करने के लिए दे रही हूँ।


## न्यूज ब्रीफ

### शंघाई मास्टर्स के तीसरे दौर में पहुंचे अल्कराज

**शंघाई।** चार बार के ग्रैंड स्लैम विजेता कार्लोस अल्कराज ने शनिवार को चीन के शांग जुनचेंग को सीधे सेटों में हराकर शंघाई मास्टर्स के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अल्कराज ने पहले गेम में ब्रेक लिया और 6-2, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। पिछले महीने चेंगदू ओपन में एटीपी टूर एकल खिताब जीतने वाले केवल दूसरे चीनी खिलाड़ी बने शांग, दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी के खिलाफ कुछ ज्यादा हासिल नहीं कर सके। अल्कराज ने मैच के बाद कहा, मैं हाल ही में वास्तव में अच्छा टेनिस खेल रहा हूं इसलिए मैं इसे जारी रखना चाहता हूं और इसे महसूस करना चाहता हूं, मैंने सिर्फ एक अभ्यास किया था और फिर सीधे इस मैच में पहुंच गया, इसलिए पहले मैच में यह स्तर दिखाने में सक्षम होने पर मुझे वास्तव में गर्व है। अल्कराज ने नौ मैचों की जीत के साथ टूर्नामेंट में प्रवेश किया, उन्होंने हाल ही में बीजिंग में चाइना ओपन जीता, और फाइनल में शीर्ष क्रम के इतालवी जैनिक सिनर को हराया।



### फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल हुए एलेक्स टेल्स



**रियो डी जेनेरियो।** बोटाफोगो के लेफ्ट-बैक एलेक्स टेल्स को चिली और पेरू के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की टीम में शामिल किया गया है, ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 31 वर्षीय टेल्स एटलेटिको माइनिरो के गुइलहर्मे अराना की जगह लेंगे, जिन्हें कोपा डो ब्रासिल में वास्को दा गामा पर 2-1 के घरेलू जीत के दौरान बाएं हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। टेल्स, जिनके करियर में मैनचेस्टर यूनाइटेड, इंटर मिलान और सेविला सहित अन्य क्लबों के लिए खेल चुके हैं, 2019 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से ब्राजील के लिए 12 बार खेल चुके हैं। एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट के फटने के कारण ग्लीसन ब्रेमर को टीम से बाहर किए जाने के 24 घंटे से भी कम समय बाद उनकी वापसी हुई। पेरिस सेंट-जर्मन के लुकास बेराल्डो ने जुवेंटस के सेंट्रल डिफेंडर की जगह ली। ब्राजील 10 अक्टूबर को सैंटियागो में चिली से और पांच दिन बाद ब्रासीलिया में पेरू से भिड़ेगा। पांच बार का विश्व चैंपियन वर्तमान में दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में पांचवें स्थान पर है, जिन्होंने अपने पहले आठ मैचों में से केवल तीन जीते हैं। चिली और पेरू क्रमशः नौवें और 10वें स्थान पर हैं ।

### 2024-25 की पहली कोलकाता डर्बी में भिड़ेंगे मोहन बागान और मोहम्मडन एससी

**कोलकाता।** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 सीजन की पहली कोलकाता डर्बी आज शाम खेली जाएगी, जब मोहन बागान सुपर जायंट और मोहम्मडन एससी साल्ट लेक स्टेडियम में भिड़ेंगे। इन दोनों टीमों ने अब तक तीन-तीन मैच खेलकर चार-चार अंक बटोरे हैं। इस मैच के बाद आईएसएल मैचवीक 4 का अंत हो जाएगा और लीग अंतरराष्ट्रीय ब्रेक पर चली जाएगी। ये दोनों टीमें आईएसएल में पहली बार भिड़ेंगी। मैरिनर्स ने लीग में जिन टीमों का पहली बार सामना किया है, उनके खिलाफ अपने 11 मैचों में सात जीते हैं और दो ड्रा खेले और दो हारे हैं। चेन्नइयन एफसी पर जीत के साथ ही मोहम्मडन एससी आईएसएल में अपना पहला अवे मैच जीतने वाली पांचवीं टीम बन गई। अगर ब्लैक पैंथर्स मैरिनर्स को हरा देते हैं, तो वे शुरुआती दोनों अवे मैचों में जीतने वाली आईएसएल इतिहास की दूसरी टीम बन जाएंगे। मैरिनर्स ने अब तक तीन मैचों में सात गोल खाए हैं जिससे स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना चिंतित हैं। उन्होंने टीम की अटैकिंग फॉर्मेशन में एक खामी का पता लगाया है, जो इस समस्या की वजह है। मोलिना ने कहा, हम बहुत ज्यादा गोल खा रहे हैं। कुछ गोल डिफेंस की गलतियों के कारण खा रहे हैं, लेकिन ज्यादातर गोल अटैकिंग फॉर्मेशन में खामियों के कारण खा रहे हैं। लिहाजा, हमें सुधार करने की जरूरत है। मोहम्मडन एससी के रूसी हेड कोच एंड्री चेर्निशोव का मानना है कि चेन्नइयन एफसी के खिलाफ अपनी पहली जीत से उनकी टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ा है। उन्होंने कहा, मैरिनर्स मजबूत टीम हैं। हम उनका सम्मान करते हैं। लेकिन हम भी मजबूत हैं; हम इस लीग में अच्छा फुटबॉल खेलना चाहते हैं। हमने पिछले तीन मैचों में यह दिखाया है। शुरुआती दो मैचों के बाद, खिलाड़ी समझ गए थे कि वे अच्छी फुटबॉल खेल सकते हैं। अब उन्हें समझ आ गया है कि वे आईएसएल में मैच जीत सकते हैं और यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# हॉकी इंडिया लीग की वापसी पर हरमनप्रीत सिंह ने कहा भारतीय हॉकी के लिए इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता

**बेंगलुरू, 05 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

**हॉकी इंडिया ने गुरुवार को नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सात साल के अंतराल के बाद हॉकी इंडिया लीग के वापसी की घोषणा की। संशोधित एचआईएल 2024-25 में 8 पुरुष टीमें और 6 महिला टीमें शामिल होंगी, जो देश में पहली स्टैंडअलोन महिला लीग होगी जो पुरुषों की प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी। लीग 28 दिसंबर को दो स्थानों रांची, झारखंड में मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और राउरकेला, ओडिशा के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेले जाने वाले मैचों के साथ शुरू होगी।**



महिला लीग का समापन 26 जनवरी 2025 को रांची में होगा जबकि पुरुषों का फाइनल 1 फरवरी 2025 को राउरकेला में होगा।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह पिछले संस्करण में एक उभरते सितारे थे, और उन्होंने अपने खेल को बेहतर बनाने के लिए दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का अध्ययन करने के अवसर का उपयोग किया। उन्होंने कई मौकों पर भारत में हॉकी के स्तर को बढ़ाने के लिए लीग को श्रेय दिया है और इसकी घोषणा के बाद बेहद खुशी हैं।

हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, भारतीय हॉकी के लिए हॉकी इंडिया लीग से बेहतर कुछ नहीं हो सकता। पिछली बार यह सीखने का एक शानदार अनुभव था और मुझे यकीन है कि सभी हॉकी खिलाड़ी लीग में भाग लेने के लिए उत्साहित हैं। यह युवाओं के लिए भी दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने, उनके सोचने के तरीके, उनके खेलने के तरीके में सूक्ष्म अंतरों को देखने और उन अच्छी आदतों को अपनाने का प्रयास करने का एक शानदार अवसर होगा जो वे नोटिस करते हैं।

हरमनप्रीत सिंह ने 2017 हॉकी इंडिया लीग के दौरान छह गोल किए और उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। तब से उन्होंने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए 234 मैचों में 205 गोल करके हॉकी जगत में तहलका मचा दिया है।

उन्होंने कहा, हॉकी इंडिया लीग मेरे विकास का एक बड़ा हिस्सा था। लीग ने मुझे अलग-अलग कोचों के तहत अलग-अलग खेल शैलियों से अवगत कराकर अपने कौशल को बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान किया। लीग में खेलना, विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना आपके दिमाग को खोलता है और आपको कई दृष्टिकोण और सोचने के तरीके प्रदान करता है। यह सब भारतीय हॉकी के पुनरुत्थान में अभिन्न था और इसने निश्चित रूप से टोक्यो ओलंपिक में हमारे प्रदर्शन को प्रभावित किया जहां हमने कांस्य पदक जीता।

एचआईएल 2024-25 के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 से 15 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होगी। प्रत्येक फ्रेंचाइजी 24 खिलाड़ियों की एक टीम बनाएगी, जिसमें कम से कम 16 भारतीय खिलाड़ी (4 जूनियर खिलाड़ियों को अनिवार्य रूप से शामिल करना) और 8 अंतरराष्ट्रीय सितारे शामिल होंगे। नीलामी में खिलाड़ियों को 2, 5 और 10 लाख के आधार मूल्य के साथ तीन स्लैब में विभाजित किया जाएगा।

उन्होंने कहा, हॉकी इंडिया लीग इस बार बहुत बड़ी होगी; एक महिला लीग भी होगी जो दोनों स्थानों पर एक ही समय पर चलेगी। मुझे विश्वास है कि यह अनुभव भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक बनने की यात्रा में अमूल्य साबित होगा। नीलामी जल्द ही होने वाली है और मैं भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देना चाहता हूं। जहां तक मेरी बात है, मैं यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता कि मैं किस टीम का प्रतिनिधित्व करूंगा और हॉकी क्रांति कब फिर से शुरू करूंगा।

# प्रो कबड्डी लीग ने 11वें संस्करण के कार्यक्रम में किए कुछ मामूली बदलाव



**नई दिल्ली, 05 अक्टूबर (एजेंसियां) ।** आगामी प्रो कबड्डी लीग सीजन 11, जो 18 अक्टूबर से शुरू होने वाला है, ने शुक्रवार को अपने कार्यक्रम में कुछ मामूली बदलाव किए हैं। मैचों के कार्यक्रम या तारीखों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, केवल कुछ तारीखों के पहले और दूसरे मैच के बीच अदला-बदली की गई है। पीकेएल का 11वां संस्करण 18 अक्टूबर को हैदराबाद में तेलुगू टाइटन्स और बेंगलुरु बुल्स के बीच होने वाले पहले मैच के साथ शुरू होगा। इस मैच में घरेलू टीम तेलुगू टाइटन्स और उसके स्टार रेडर पवन सेहरावत का मुकाबला बेंगलुरु बुल्स के लिए वापसी करने वाले प्रदीप नरवाल से होगा। इस बार, पीकेएल तीन शहरों के प्रारूप में लौटेगा, जिसका 2024 संस्करण 18 अक्टूबर से 9 नवंबर तक हैदराबाद के गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में शुरू होगा। इसके बाद यह 10 नवंबर से 1 दिसंबर तक दूसरे चरण के लिए नोएडा इंडोर स्टेडियम में स्थानांतरित होगा। तीसरा चरण 3 दिसंबर से 24 दिसंबर तक पुणे के बालेवाड़ी बैडमिंटन स्टेडियम में शुरू होगा।

प्रो कबड्डी लीग 11 के शेड्यूल में ये बदलाव हैं: 23 अक्टूबर: मैच 11 - तमिल थलाइवाज बनाम पुनेरी पलटन; मैच 12 - गुजरात जायंट्स बनाम यू मुंबा, 2 नवंबर: मैच 29 - यूपी योद्धा बनाम पटना पाइरेट्स; मैच 30 - बेंगलुरु बुल्स बनाम तेलुगु टाइटंस, 3 नवंबर: मैच 31 - बंगाल वारियर्स बनाम हरियाणा स्टीलर्स; मैच 32 - पुनेरी पल्टन बनाम यू मुंबा, 4 नवंबर: मैच 33 - पुनेरी पल्टन बनाम गुजरात जायंट्स; मैच 34 - बेंगलुरु बुल्स बनाम तमिल थलाइवाज , 5 नवंबर: मैच 35 - जयपुर पिंक पैंथर्स बनाम यूपी योद्धा; मैच 36 - यू मुंबा बनाम दबंग दिल्ली के.सी., 6 नवंबर: मैच 37 - पटना पाइरेट्स बनाम यू मुंबा; मैच 38 - तमिल थलाइवाज बनाम तेलुगु टाइटंस , 7 नवंबर: मैच 39 - बंगाल वॉरियर्स बनाम दबंग दिल्ली के.सी.; मैच 40 - हरियाणा स्टीलर्स बनाम गुजरात जायंट्स , 18 नवंबर: मैच 61 - तेलुगु टाइटंस बनाम हरियाणा स्टीलर्स; मैच 62 - बेंगलुरु बुल्स बनाम यू मुंबा , 21 नवंबर नवंबर: मैच 67 - बंगाल वॉरियर्स बनाम तेलुगू टाइटन्स; मैच 68 - बेंगलुरु बुल्स बनाम हरियाणा स्टीलर्स , 22 नवंबर: मैच 69 - तमिल थलाइवाज बनाम यूपी योद्धाज; मैच 70 - जयपुर पिंक पैंथर्स बनाम दबंग दिल्ली के.सी., 25 नवंबर: मैच 75 - पुणेरी पल्टन बनाम जयपुर पिंक पैंथर्स; मैच 76 - यू मुंबा बनाम बेंगलुरु बुल्स।

# पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर हुए बेन स्टोक्स

**नई दिल्ली, 05 अक्टूबर (एजेंसियां) ।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। कथित तौर पर वह अभी भी हैमस्ट्रिंग की चोट से उबर रहे हैं। स्टोक्स की अनुपस्थिति में ओली पोप टीम की कप्तानी करेंगे।



अगस्त में हंड्रेड के दौरान हैमस्ट्रिंग में चोट लगने के बाद स्टोक्स श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में घरेलू सीरीज से बाहर हो गए थे, उनके अब और क्रिसमस के बीच पाकिस्तान और न्यूजीलैंड में छह टेस्ट मैचों में के लिए कप्तानी फिर से शुरू करने की उम्मीद थी।

स्टोक्स शुक्रवार को मुल्तान में लगभग 40 डिग्री की गर्मी में प्रशिक्षण के दौरान एक या दो ओवर फेंके। उनकी अनुपस्थिति से इंग्लैंड को एक बार फिर इस पर काम करने की जरूरत है।

सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली ने कहा, वह अपनी चोट से अच्छी तरह उबर रहा है, लेकिन हमें अभी तक पता नहीं है।

टीम के संतुलन के बारे में पूछे जाने पर, क्रॉली ने जवाब दिया, हमारे पास गेंद और बल्ले के साथ बहुत सारे विकल्प हैं, हमारे पास ऐसे गेंदबाज हैं जो वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं, जैसा कि गर्मियों में साबित हुआ। जो भी टीम आएगी, हम तैयार हैं।

# महिला टी 20 विश्व कप: भारत की निराशाजनक शुरुआत, न्यूजीलैंड ने 58 रन से हराया

**दुबई, 05 अक्टूबर (एजेंसियां) ।** रोज़मेरी मैयर के चार विकेट की मदद से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को दुबई में आईसीसी महिला टी 20 विश्व कप के अपने पहले मैच में भारत पर 58 रन की शानदार जीत हासिल की। ??161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, भारतीय बल्लेबाजों के पास व्हाइट फर्न्स की गेंदबाजी का कोई जवाब नहीं था और कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को नहीं छू सका। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, भारत की शुरुआत खराब रही और ईडन कार्सन ने शेफाली वर्मा (2) और स्मृति मंधाना (13 गेंदों में 12 रन, दो चौकों की मदद से) को पवेलियन भेज दिया। भारतीय टीम ने 4.4 ओवर में केवल 28 रन पर दो विकेट खो दिये। कप्तान हरमनप्रीत कौर, जो शानदार पारी खेलकर भारत की नंबर तीन की स्थिति की दुविधा को हल करना चाह रही थीं, 11 गेंदों में एक चौके की मदद से 13 रन बनाकर रोजमेरी मैयर की गेंद पर पगबाधा आउट हो गईं। भारत ने पावरप्ले से पहले 42 रन पर अपने तीन सबसे महत्वपूर्ण बल्लेबाजों को खो दिया था। छह ओवर में पावरप्ले की समाप्ति पर, भारत का स्कोर 43/3 था, जिसमें ऋचा घोष (1*) और जेमिमा रोड्रिग्स (6*) नाबाद थीं। भारत ने 7.4 ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया। भारतीय टीम बड़ी साझेदारी करने में विफल रही, क्योंकि ली ताहूहू ने रोड्रिग्स (13) और ऋचा घोष (19 गेंदों में 12) को जल्दी-जल्दी पवेलियन भेज दिया। भारत ने 11 ओवर में 70 रनों पर अपने 5 विकेट खो दिये।



इसके बाद अरुंधति रेड्डी को एक रन पर सूजी बेट्स ने एक्स्ट्रा कवर पर कैच कर लिया, यह मैयर का मैच में दूसरा विकेट था। भारतीय टीम 12.2 ओवर में 75 रन पर 6 विकेट खो चुकी थी। ली ने दीप्ति को 13 रन पर आउट करके अपना तीसरा विकेट हासिल किया, जबकि अमेलिया केर ने पूजा वस्त्रकार को मात्र आठ रन पर आउट कर दिया। भारत 15.3 ओवर में 90/8 पर पहुंच गया। मैयर ने बाकी बल्लेबाजी लाइन-अप को भी ध्वस्त कर दिया और भारतीय टीम 19 ओवर में 102 रन सिमट गई। मैयर ने 19 रन देकर 4 विकेट लिया, जबकि ली ताहुहु ने 15 रन देकर 3 विकेट लिये। कार्सन ने भी दो विकेट मिले। इसके पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान सोफी डिवाइन के शानदार अर्धशतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने 4 विकेट पर 160 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर और सूजी बेट्स ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। न्यूजीलैंड ने सिर्फ 5.4 ओवर में 50 रन का आंकड़ा पार कर लिया।

# श्रीलंका के खिलाफ टी-20 श्रृंखला से हटे आंद्रे रसेल, पूरन और हेटमायर, एंड्रयू वनडे टीम में शामिल

**नई दिल्ली, 05 अक्टूबर (एजेंसियां) ।**

**आंद्रे रसेल, निकोलस पूरन, शिमरोन हेटमायर और अकील होसेन ने व्यक्तिगत कारणों से श्रीलंका के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला से नाम वापस ले लिया है। सलामी बल्लेबाज एविन लुईस, जिन्होंने आखिरी बार 2022 में विश्व कप के दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय खेला था, की टीम में वापसी हुई है। लुईस को श्रीलंका दौरे के वनडे चरण के लिए भी चुना गया है।**



ब्रैंडन किंग भी साइड की चोट से उबरने के बाद टी20अंतरराष्ट्रीय टीम में लौट आए, जिसके कारण उन्हें इस शुरुआत में टी20 विश्व कप और सीपीएल 2024 से चूकना पड़ा था। रसेल की अनुपस्थिति में, वेस्टइंडीज ने ट्रिनबागो नाइट राइडर्स टीम के साथी टेरेंस हिंड्स और एंटीगिया और बारबुडा फाल्कन्स के शमर स्प्रिंगर को टीम में शामिल किया है।

रोवमैन पॉवेल टी-20 टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे, जबकि रोस्टन चेज़, जिन्होंने इस सप्ताह के शुरू में वेस्टइंडीज का केंद्रीय अनुबंध अर्जित किया था, को उनके डिप्टी के रूप में बरकरार रखा गया है। चयन प्रणाली में सुधार के बाद लुईस की वापसी हुई है और कोच डेरेन सैमी अब पैनल का नेतृत्व कर रहे हैं।

सैमी ने सीडब्ल्यूआई के एक बयान में कहा, श्रीलंका का दौरा हमें अपनी गहराई का परीक्षण करने और विभिन्न परिस्थितियों में खिलाड़ियों का आकलन करने का मौका देता है, खासकर जब कई वरिष्ठ खिलाड़ी आराम की आवश्यकता और चोट से पुनर्वास के कारण टीम से बाहर रहे हैं। हमें श्रीलंका के खिलाफ मजबूती से प्रतिस्पर्धा करने की टीम की क्षमता पर भरोसा है।

### ज्वेल एंड्रयू को वेस्टइंडीज वनडे टीम में शामिल किया गया

सत्रह वर्षीय ज्वेल एंड्रयू को पल्लेकेले में तीन मैचों की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है। वह एकदिवसीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले सबसे कम उम्र के वेस्टइंडियन बन सकते हैं; केवल डेरेक सीली और गैरी सोबर्स ने 17 साल की उम्र में वेस्टइंडीज के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था।

एंड्रयू ने अब तक केवल तीन लिस्ट ए गेम और सात सीपीएल मैच खेले हैं, लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से पहले ही वेस्ट इंडीज के कुछ दिग्गज खिलाड़ियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया है, जिनमें विव रिचर्ड्स, शिवनारायण चंद्रपॉल, और इयान बिशप शामिल हैं।

सीपीएल में अब तक के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी, एंड्रयू ने सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स आक्रमण के खिलाफ नाबाद 50 रन बनाकर अपनी शुरुआत की, जिसमें एनरिक नॉर्टजे और तबरेज़ शम्सी जैसे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल थे।

### वेस्टइंडीज टी20 टीम

रोवमैन पॉवेल (कप्तान), रोस्टन चेज़ (उप-कप्तान), फैबियन एलन, एलिक अथानाज़, आंद्रे फ्लेचर, टेरेंस हिंड्स, शाई होप, अल्ज़ारी जोसेफ, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड, शमर स्प्रिंगर।

वेस्टइंडीज का श्रीलंका का सफेद गेंद दौरा 13 अक्टूबर से शुरू होगा और 26 अक्टूबर तक चलेगा।

### वेस्टइंडीज वनडे टीम

शाई होप (कप्तान), अल्ज़ारी जोसेफ (उप-कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, एलिक अथानाज़, कीसी कार्टी, रोस्टन चेज़, मैथ्यू फोर्डे, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, एविन लुईस, गुडाकेश मोती, शेरफेन रदरफोर्ड, जेडेन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, हेडन वॉल्श जूनियर।

## क्या आप जानते हैं?



- कोआला के फिंगरप्रिंट्स (पैर्टन, शेप और साइज) इंसान के फिंगरप्रिंट्स जैसे ही होते हैं।
- म्यूजिक क्रॉनिक पेन को 20 फीसदी और डिप्रैशन को 25 फीसदी कम कर सकता है।
- ऊंट का दूध अरब देशों में काफी पिया जाता है। इसमें गाय के दूध के मुकाबले 10 गुना अधिक आयरन पाया जाता है।
- हिमालय ने पृथ्वी की सतह का 1/10 हिस्सा ढंका हुआ है।
- यदि व्हेल का ईको सिस्टम फेल हो जाए, तो उसकी मौत हो जाती है।
- पेट में करीब साढ़े तीन करोड़ डाइजैस्टिव ग्लैंड्स होते हैं।
- 1850 से पहले गोल्फ की गेंद चमड़े से बनाई जाती थी और इसमें पंख भरे जाते थे।
- चाइनीज सक्रिप्ट में 40,000 से अधिक कैरेक्टर्स हैं।
- पीटर द ग्रेट के शासन के दौरान दाढ़ी रखने वाले रशियन आदमियों को एक खास टैक्स देना पड़ता था।

## दिमाग की बत्ती

# पानी की बूंदें गोल होती हैं क्यों?



**पानी** के अणु इसे गतिशील रखते हैं, परंतु ये पूर्णत: अलग नहीं होते, क्योंकि ये लगातार एक-दूसरे को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। पानी की सतह के अणु एक प्रकार की झिल्ली का निर्माण करते हैं, जो कम भार की वस्तुओं को सहारा दे सकती है। जो बल इन अणुओं को आपस में जोड़े रखता है, उसे 'सतहीय दबाव' कहते हैं। जब आप गिलास को पानी से ऊपर तक भरें, तब उसकी सतह को पास से देखें। ऊपरी सतह के किनारों पर पानी जरा-सा वक्राकार मुड़ा होता है। इन घुमावों को ही सतहीय दबाव कहते हैं। पानी को एक बैग की तरह जोर से खींचे, अगर यह कम मात्रा में होगा, तो सतहीय दबाव उसे गोल बूंद में बदल देगा।

# पानी पर तैरता शहर वीनस



## युद्ध की विभीषिकाओं और समुद्री लुटेरों से इतिहास संजोने वाला वीनस शहर आज कला-संस्कृति और प्रेम की प्रतिमूर्ति के रूप में जाना जाता है ...

**विश्व** के खूबसूरत व प्राचीन शहरों की बात करें, तो इटली के वीनस शहर का नाम बरबस ही होंठो पर आ जाता है। इसे पानी पर तैरता शहर कहा जाता है, क्योंकि यह छोटे-छोटे कई टापुओं का समूह है, जिन्हें विभिन्न पुलों से आपस में जोड़ा गया है। वीनस में 160 नहरें हैं, जिन्हें 409 पुलों से आपस में जोड़ा गया है। यह शहर लकड़ी के पोलस पर बनाया गया है।

आप यहां के खूबसूरत लगून देखने के लिए वाटर बस और वाटर टैक्सी ले सकते हैं। शहर के बीच से बहने वाली नदियों के मोड़ों पर बने हुए ओपन कैफैटेरिया में कॉफी पीने का अपना ही आनंद है।

वीनस के संरक्षक सेंट मार्क के जन्म दिवस 25 अप्रैल 421 ईस्वी को वीनस की स्थापना की गई। उस समय समुद्र के बीच स्थित वीनस एक छोटा-सा गांव टोर्सैलो था। सेंट मार्क का शहर होने की वजह से इसका अपना धार्मिक महत्व भी है। शहर के करीब हर मोड़ पर बने हुए गिरजाघर लोगों की आस्था की कहानी ब्यान करते हैं। सेंट मार्क स्कवायर में लगे हुए घंटे की आवाज के आते ही लोगों में गिरजाघरों में जाकर प्रार्थना करने की जैसे होड़-सी लग जाती है।

पानी पर तैरते शहर की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं पानी में चलने वाले गिंडोले (चप्पुओं से चलने वाली स्थानीय किश्ती)। इन गिंडोलों को चलाने वाले स्थानीय भाषा में लोक गीत सुनाकर लोगों का मन मोह लेते हैं। इन लोक गीतों में वीनस के महान प्रेमी के रूप में मशहूर कासानोवा की



प्रेम कहानियां और कुछ स्थानीय कहानियां शामिल रहती हैं। स्थानीय लोक गायक गिटार से मिलता- जुलता एक स्थानीय वाद्य-यंत्र बजाते हैं, जो वीनस की पहचान बन चुका है।

वीनस के संग्रहालयों में रखी हुई कलाकृतियां विश्व की अनमोल धरोहरों में से हैं, जिनमें पिकासो की पेंटिग्ज और मार्क के तांबे के चार घोड़े का अपना महत्व है।

**वीनस का इतिहास**

वीनस का पुराना नाम सेरेनिस्सिमा रिपब्लिका था। यह एक शक्तिशाली साम्राज्य हुआ करता था। आठवीं सदी के अंत से लेकर 1792 तक यह एक आजाद रिपब्लिक था। 1797 में वीनस गणराज्य पर नैपोलियन ने कब्जा कर लिया और यह हैम्पसबर्ग गणराज्य (आस्ट्रिया) का हिस्सा बन गया। 1848 में वीनस वासियों ने अपनी मातृ-भूमि को स्वतंत्र करवाने के प्रयास शुरू किए। 1860 में गूसोप गरीबल्दी की फौज ने सवोया साम्राज्य के नियंत्रण में इटली को राज्य का दर्जा दिलाने में कामयाबी हासिल कर ली, तीसरे स्वतंत्रता युद्ध के बाद 1866 में वीनस इटली का भाग बन गया।

**प्राकृतिक आपदाएं**

1348 में महामारी के कारण वीनस की जनसंख्या आधी रह गई। इसके बावजूद वह मैडिट्रेनियन समुद्र की चार महाशक्तियों में अपना नाम दर्ज करवाने में सफल रहा। अन्य तीन महाशक्तियों के नाम अमाल्फी गणराज्य, जिनोवा तथा लॉ स्पेजिया थे। 1630 में दूसरी बार वीनस में महामारी फैली और इसका पतन आरंभ हो गया। द्वितीय विश्व युद्ध के कारण सांस्कृतिक गतिविधियों में अवरोध उत्पन्न हो गया। 1966 में आई बाढ़ ने शहर को काफी क्षति पहुंचाई। तब पानी का स्तर दो मीटर तक बढ़ गया था। आज भी कई गिरजाघरों व अन्य स्थानों पर पानी के निशान देखे जा सकते हैं।

**सेंट मार्क स्कवायर**

सेंट मार्क स्कवायर का निर्माण 814 ईस्वी में हुआ। 1902 में इसका बैल टॉवर ढह गया। 1912 में इसका पुर्ननिर्माण किया गया।

**मार्को पोलो की चीन यात्रा**

वीनस के व्यापारी मार्को पोलो ने वीनस से चीन तक की यात्रा मध्यकाल (1271-95 ई.) में की। '11 मिलियन ' नामक पुस्तक में चंगेज खान से उसकी मुलाकात के हैरतअंगेज किस्से दर्ज हैं।

# जिराफ नहीं है यह

**ओकापी** जिराफ की तरह दिखाई देता है। इसे छोटी गर्दन वाला जिराफ भी कहते हैं। देखने में अत्यंत खूबसूरत ओकापी अफ्रीका महाद्वीप के देश जायर के उत्तर-पूर्व के ट्रॉपिकल जंगलों में पाए जाते हैं। चॉकलेट ब्राउन रंग के ओकापी की टांगों पर मटमैले सफेद रंग की आड़ी लाइनें होती हैं।

ओकापी की खोज 1901 में हुई, पर प्राचीन मिस्त्रवासियों को इसकी जानकारी काफी पहले से ही थी। इनकी लंबाई 1.9 से 2.5 मीटर तक होती है और कंधों तक ऊंचाई डेढ़ से दो मीटर तक होती है। इनकी पूंछ की लंबाई 30- 42 सेंटीमीटर होती है।

नर ओकापी के बालों से ढंके सींग होते हैं, जो 15 सेंटीमीटर से अधिक लंबे नहीं होते। मादा ओकापी के सींग नहीं होते, पर यह नर से औसतन 4.2 सेंटीमीटर लंबी होती है। इनके कान काफी बड़े आकार के होते हैं, जो परभक्षी का पता लगाने में इनकी मदद करते हैं।


इनकी जीभ 14 से 18 इंच लंबी होती है। काले रंग की इस नुकीली जीभ का इस्तेमाल ये पेड़ों की शाखाओं से कोंपलें, पत्ते और फल तोड़ने के लिए करते हैं। यह एकमात्र ऐसा जानवर है, जो अपनी जीभ से अपने कान साफ कर सकता है।



# समय का सफर

**दिन-रात** और समय के चक्करों को समझने के लिए मनुष्य ने घड़ी का अविष्कार किया। घड़ी के आज के स्वरूप तक की यात्रा पर एक नजर-

- 500-300 ईपू मिस्त्र में पहली बार सूर्य घड़ी का उपयोग किया गया।
- 400 ईपू - ग्रीस के लोग पत्ती की घड़ी से समय का पता लगाने लगे।
- 980ई- राजा एफ्रेड जलती मोमबत्ती से समय का निर्धारण करते थे।
- 1657 ई- क्रिस्टिएन हाइगंस ने पहली पेंडुलम घड़ी बनाई।
- 1838 ई- लुईस ऑडीमार्स ने पेंचदार घड़ी और उसकी यांत्रिकी की खोज की।
- 1868 ई- पैटेक फिलिपी ने पहली रिस्टवॉच का आविष्कार किया।
- 1888 ई - कॉर्टियर ने पहली लेडीज रिस्टवॉच बनाई।
- 1902 ईस्वी- पहली ओमेगा रिस्टवॉच बनी। जर्मनी में 93000 घड़ियां बिकीं।
- 1914 ई. - पहली अलार्म रिस्टवॉच एटरना द्वारा बनाई गई।
- 1923ई- पहली ऑटोमेटिक रिस्टवॉच जॉन हार्डवुड ने बनाई।
- 1957 ई. - हैमिल्टस ने पहली इलैक्ट्रानिक वॉच का निर्माण किया। आज ढेरों प्रकार की इलैक्ट्रॉनिक डिजिटल घड़ियां मौजूद हैं, जिनमें कई तरह की ऐसी सुविधाएं शामिल हैं।



# इस पुस्तक मेले में भी आएं जरूर

**बच्चो,** आज आप हमारे साथ जालंधर के देश भक्त यादगार हाल चलें। मालूम है क्यों? क्योंकि वहां आजकल जालंधर पुस्तक मेला चल रहा है। इस मेले में बच्चों के लिए खासतौर पर नैशनल बुक ट्रस्ट ने बच्चों की पुस्तकों के 2000 टाइटिल प्रदर्शित किए हैं। अकेले पंजाबी में 200 से ज्यादा पुस्तकें बच्चों के लिए प्रकाशित की हैं।



इस बारे में ट्रस्ट के संयुक्त निर्देशक बलदेव सिंह बदन ने बताया कि लगभग 13 भारतीय भाषायों के बाल साहित्य को हमने प्रकाशित किया है। इसके अलावा 7 आसमी जनजातियों के बाल साहित्य को भी अंग्रेज़ी और हिंदी में अनुवाद करवाया गया है।

बच्चो, आपको इस मेले में दुनिया भर का बाल साहित्य मिलेगा। इसमें जैको, लोकगीत और दीपक पब्लिशर्ज द्वारा प्रकाशित किया गया बाल साहित्य भी आपको मिलेगा। हर तरह की जानकारियों से भरा हुआ साहित्य, आपकी पढ़ाई से जुड़ा हुआ साहित्य, आपके बारे में लिखा हुआ साहित्य, पक्षियों के बारे में, देशों के बारे में, फूलों के बारे में और आपके मनपसंद खेलों के बारे में। बहुत कुछ और भी है, इसलिए आप अपने बड़ों को भी साथ ले जाना न भूलें। मेले में देश भर से प्रकाशक आए हैं और दुनिया भर का साहित्य आपका स्वागत करेगा। यह मेला 10 अप्रैल तक चलेगा और आप कभी भी वहां जा सकते हैं। वहां किसी तरह का टिकट भी नहीं लगता। हर रोज़ साहित्य पर कार्यक्रम भी होते हैं। आप वहां अपने प्रिय लेखकों से भी मिल सकते हैं।

## हम बताएं, आप बनाएं



## लघुकथाएँ

# मन्नत

**उसी** फूलवाली से हमेशा फूलमाला, पूजा का सामान खरीदने से पहचान-सी हो गई है। उसके ठेले के नीचे चप्पलें उतारकर वे बड़ी बेफिक्र हो देर तक पूजा-अर्चना करती रहती हैं। कल फूलवाली के साथ उसका आठेक साल का बेटा भी माला पिरो रहा था, तो वह भी पूजा की टोकरी ले उनके साथ मंदिर में चला आया। गणपतिजी का प्राचीन मंदिर। चौखट पर पेड़ों की डालों पर घंटियों पर सैकड़ों नाड़े बँधे थे मन्नतों के। दीवारों पर, खंबों पर चॉक से, पेंसिल से मानताएँ माँगे भी लिखी थीं। लोग जोर-जोर से पढ़कर परस्पर सुना रहे थे और कुछ अपनी मन्नत लिख भी रहे थे, इसी विश्वास के साथ कि ईश्वर उनकी पुकार अवश्य सुनेंगे।



बालक सब देखता, सुनता रहा और मंदिर से बाहर आते ही बोला- 'आंटीजी, आप मुझे लिखना-पढ़ना सिखा दो। दिन में तो मैं चाय की गुमटी पर मजूरी पर जाता हूँ... शाम को पढ़ने आया करूँ... मैं भी अपनी मन्नत लिखकर भेजूँगा भगवानजी के पास।'

'तुझे क्या माँगना है भगवान से, जिसके लिए तूने पढ़ना-लिखना सीखने की ठान ली?'

'मैं भगवान को लिखकर विनती करूँगा कि वे मेरे पापा की शराब पीने की लत छुड़ा दें और मुझे कुछ नहीं चाहिए।'

सुनकर वे थर्रा गईं। बच्चे की माँग ठुकराने का प्रश्न ही नहीं था। वे बालक को पढ़ना-लिखना सिखा रही हैं और उन्हें उम्मीद है कि जिस दिन बालक अपनी माँग लिखकर अपने पिता को और परमात्मा को चिट्ठी लिखेगा... पिता और परमपिता दोनों ही उसकी मन्नत अवश्य पूरी करेंगे।

# समुद्रीय रेगिस्तान

## समुद्र में जहां प्लैंकटन बहुत कम होता है, वहां पानी बहुत साफ दिखाई देता है, यहां जीवों केलिए जिंदा रहना एक बहुत बड़ी चुनौती होती है...

**प्रशांत** महासागर का नाम लैटिन नाम 'टेपरे पैसिफिकम' से लिया गया है, जिसका अर्थ है- शांत समुद्र। प्रशांत महासागर पांच महासागरों में से सबसे बड़ा और गहरा महासागर है। यह पृथ्वी के एक-तिहाई हिस्से पर फैला हुआ है। यह अमेरिका से 18 गुणा बड़ा है। इतने विशाल क्षेत्र में फैले होने के कारण यहां रहने वाले जीवों में पृथ्वी के अन्य भागों के सागरों की अपेक्षा बड़ी विभिन्नता है।

प्रशांत महासागर उत्तर में आर्कटिक से दक्षिण में अंटार्कटिका, पश्चिम में एशिया व ऑस्ट्रेलिया और पूर्व में अमेरिका तक फैला हुआ है। इसमें लगभग 20,000 टापू हैं। इसकी औसत गहराई 14,000 फुट है। पश्चिम-उत्तर प्रशांत महासागर में 'द मरियाना ट्रेंच' दुनिया का सबसे गहरा प्वाइंट है। इसकी गहराई 35,800 फुट (10,911 मीटर) है। प्रशांत महासागर उत्तरी प्रशांत महासागर और दक्षिणी प्रशांत महासागर में बंटा हुआ है।

वैज्ञानिक अन्वेषकों और साहसिक नाविकों द्वारा गत सैंकड़ों सालों में महासागर के विषय में ज्ञान प्राप्त करने की अनेक कोशिशें की गईं। अब भी निरंतर प्रशांत महासागर के गर्भ के बारे में ज्ञान प्राप्त करने के लिये खोजें जारी हैं। यहां अभी भी नित नए जीवों की खोज होती रहती है।

प्रशांत महासागर दुनिया विशेषकर उन देशों की



अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाता है, जिन्हें इसका पानी छूता है। यह पूर्व और पश्चिम के बीच सस्ती ट्रांसपोर्टेशन मुहैय्या कराता है। इसके ऑयल और गैस रिजर्व्स अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, चीन और पेरू की एनर्जी सप्लाई में अहम भूमिका निभाते हैं।

ऑस्ट्रेलिया के पास दक्षिण प्रशांत महासागर का पानी खूबसूरत नीले रंग का है। यहां पानी जितना साफ है, उतना शायद ही कहीं हो। इसका कारण यह है कि यहां प्लैंकटन कम है। इसलिए इसे समुद्रीय रेगिस्तान भी कहते हैं। इसीलिए यहां जिंदा रहना बहुत बड़ी चुनौती है। इस इलाके में मछलियां और दूसरे समुद्री जीव बहुत कम संख्या में पाए जाते हैं।

किलर व्हेल को पकड़ने निकले एक 87 फुट लंबे जहाज को जब व्हेल ने समुद्र में पलट दिया, तो उसमें सवार 21 नाविक किसी तरह जान बचाने में कामयाब हो गए। दक्षिण प्रशांत महासागर में जिंदा रहने के लिए उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपने संस्मरणों में लिखा है कि समुद्र के बीच पानी की प्यास इंसान को बेइंतहा तोड़ देती है, पर वे इस बात से हैरान थे कि इस इलाके में उन्हें एक भी मछली नहीं मिल रही थी, हालांकि वे बहुत माहिर नाविक थे।

दक्षिण प्रशांत महासागर में जिंदा रहने के लिए कई जीव हजारों किलोमीटर की लंबी दूरी तय करके दूसरी जगह चले जाते हैं। वहीं दूसरी ओर, स्पर्म व्हेल कई हजार किलोमीटर की दूरी तय करके अंटार्कटिका से प्रजनन के लिए यहां के गर्म पानी में आती हैं।

शुभ लाभ खबरें जो सोच बदल दे
हिंदी दैनिक समाचार पत्र



# स्विगी की 10 मिनट में खाना डिलीवर करने की सेवा 'बोल्ट' शुरू

**नई दिल्ली, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंपनी स्विगी ने घोषणा की कि वह कुछ चुनिंदा फूड आइटम्स को 10 मिनट में डिलीवर करने की सेवा 'बोल्ट' शुरू कर रही है। स्विगी की इस नई सेवा का उद्देश्य ग्राहकों को और तेज़ और सुविधाजनक सेवा प्रदान करना है। फिलहाल, यह सेवा भारत के 6 प्रमुख शहरों हैदराबाद, मुंबई, दिल्ली, पुणे, चेन्नई और बेंगलुरु के चुनिंदा स्थानों पर शुरू की गई है। आने वाले हफ्तों में इसे और भी जिलों में विस्तार दिया जाएगा। कंपनी ने कहा है कि इसका मकसद ग्राहकों को बिना किसी इंतजार के लंच, डिनर या ब्रेकफास्ट के लिए जल्दी से खाना उपलब्ध कराना है। 'बोल्ट' सेवा के तहत, स्विगी दो किलोमीटर के दायरे में मौजूद चुनिंदा रेस्तरां से त्वरित फूड डिलीवरी करेगी। इस सेवा के तहत बर्गर, बिरयानी, नाश्ते के सामान, और पेय पदार्थ जैसे आइटम्स पेश किए जाएंगे, जिन्हें बनाने में कम समय लगता है। इसके साथ ही, आइसक्रीम, मिठाई, और स्नैक्स जैसी वस्तुओं की भी डिलीवरी दी जाएगी जो पहले से पैक होकर तैयार होती हैं। स्विगी के फूड मार्केटप्लेस के सीईओ रोहित कपूर ने कहा, बोल्ट हमारे मिशन का अगला कदम है, जो उपभोक्ताओं को बेजोड़ सुविधा प्रदान करता है। दस साल पहले, स्विगी ने फूड डिलीवरी का औसत समय 30 मिनट तक कम करके एक नई क्रांति लाई थी, और अब हम इस समय को और भी घटाने जा रहे हैं।

कंपनी ने स्पष्ट किया कि उनके डिलीवरी पार्टनर्स को बोल्ट और नियमित ऑर्डर के बीच कोई जानकारी नहीं दी जाएगी, ताकि सेवा की गुणवत्ता में कोई अंतर न हो। स्विगी की यह नई पहल प्रतिद्वंदी जोमैटो को कड़ी चुनौती देने वाली है, और कंपनी इसे अपने आगामी आईपीओ से पहले एक बड़ा कदम मान रही है। बता दें कि ऑनलाइन फूड डिलीवरी कंनियों के बीच तेज डिलीवरी की होड़ बढ़ती जा रही है। अभी तक ई-कॉमर्स कंपनियां 10 मिनट में सामान डिलीवरी पर जोर दे रही थीं, वहीं अब स्विगी ने इस दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### नया इलेक्ट्रिक स्कूटर एलएमएल स्टार जल्द होगा लांच



**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी एलएमएल ने अपने नए इलेक्ट्रिक स्कूटर एलएमएल स्टार की लॉन्चिंग की घोषणा की है। एलएमएल स्टार का डिजाइन एक अनुभवी इटालियन डिजाइन टीम द्वारा तैयार किया गया है, जिन्होंने पहले डुकाटी, फरारी, यामाहा और कावासाकी जैसे प्रमुख ब्रांडों के साथ काम किया है। कंपनी अब पेट्रोल स्कूटर या बाइक की बजाय पूरी तरह इलेक्ट्रिक स्कूटर पर ध्यान केंद्रित कर रही है। एलएमएल ने इलेक्ट्रिक स्कूटरों की मैन्युफैक्चरिंग और रिसर्च के लिए सायरा इलेक्ट्रिक ऑटो प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। एलएमएल स्टार का डिज़ाइन अत्याधुनिक होगा, जिसमें फ्लैट फ्लोर बोर्ड और मैक्सी स्कूटर डिज़ाइन शामिल है। सीट के नीचे और पिलियन ग्रैब हैंडल पर लाल रंग के एक्सेंट इसे आकर्षक बनाते हैं। फ्रंट एप्रन में डीआरएलएस और ऑटोमैटिक हेडलैंप के साथ डुअल-टोन डिजाइन की विशेषताएँ दी गई हैं। हालांकि, स्कूटर की बैटरी, रेंज और प्रदर्शन के बारे में अधिक जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है। लेकिन तस्वीरों से यह स्पष्ट होता है कि इसमें एक मिड-माउंटेड मोटर है, जो बेल्ट ड्राइव सिस्टम के जरिए रियर व्हील को पावर देती है। इसके अलावा, स्कूटर को टेलिस्कोपिक फोर्क और साइड माउंटेड मोनोशॉक पर लटकाया गया है, जिससे इसकी सवारी का अनुभव बेहतर होगा। ब्रेकिंग के लिए इसमें आगे और पीछे डिस्क ब्रेक्स हैं, और इसमें सिंगल चैनल एबीएस जैसे फीचर्स भी शामिल हो सकते हैं।एलएमएलका यह नया इलेक्ट्रिक स्कूटर एथर और ओला जैसी प्रतिस्पर्धी कंपनियों के लिए चुनौती पेश करेगा। कंपनी की योजना है कि एलएमएल स्टार को आगामी फेस्टिव सीजन में भारतीय बाजार में लॉन्च किया जाए, जिससे उत्सव के दौरान ग्राहकों को आकर्षित किया जा सके।

### सेबी प्रमुख को लोक लेखा समिति ने 24 को किया तलब



**नई दिल्ली।** देश के प्रमुख नियामक प्राधिकरणों के कामकाज की समीक्षा के लिए संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) ने सेबी प्रमुख को तलब किया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) और भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के प्रमुखों को 24 अक्टूबर को समिति के समक्ष पेश होने के लिए बुलाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस बैठक में वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग और संचार मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों को भी बुलाया गया है। सेबी की अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और ट्राई के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी के प्रतिनिधि भी समिति के समक्ष अपनी संस्थाओं के कामकाज पर रिपोर्ट दे सकते हैं। यह समीक्षा उस समय हो रही है जब अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद के बाद नियामक संस्थाओं की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। इस संदर्भ में समिति का यह निर्णय महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### भारतीय विशेषज्ञों को लाकर कार्यबल को सुदृढ़ करेगा रूस

**मॉस्को।** यूक्रेन के साथ वार में उलझा रूस अब भारतीय विशेषज्ञों को अपने देश में लाकर अपने कार्यबल को सुदृढ़ करने जा रहा है। इस पहल की घोषणा नेशनल एसोसिएशन ऑफ बिल्डर्स (नोस्ट्रॉय) ने की। इसके तहत भारत से विशेषज्ञों को रूसी निर्माण स्थलों पर काम करने के लिए आकर्षित किया जाएगा। नोस्ट्रॉय के अध्यक्ष एंटोन ग्लुश्कोव ने येकातेरिनबर्ग में एक अंतरराष्ट्रीय निर्माण फोरम के दौरान बताया कि भारत कुशल श्रम बाजार में विशाल संभावनाएं प्रदान करता है, और रूस भारत के साथ साझेदारी विकसित कर रहा है। इसका उद्देश्य निर्माण उद्योग में श्रम शक्ति की गुणवत्ता और विशेषज्ञता को बढ़ाना है। यह योजना रूसी अधिकारियों द्वारा विदेशी श्रमिकों, विशेष रूप से भारत और उज्बेकिस्तान से आने वाले श्रमिकों की योग्यता को प्रमाणित करने पर आधारित है। नोस्ट्रॉय इन श्रमिकों के आवास, परिवहन और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने में सहायता करेगा। इस पहल का उद्देश्य रूस में कार्यरत अयोग्य श्रमिकों की संख्या को घटाकर कुल कार्यबल का 20 प्रतिशत करना है, जो वर्तमान में 80 प्रतिशत तक है। रूसी उप प्रधान मंत्री मारत खुसनुल्लिन के अनुसार, यह पहल देश में चल रही श्रम की कमी को दूर करने के लिए की जा रही है। रूसी निर्माण स्थलों पर 200,000 श्रमिकों की कमी है, जिसे यह परियोजना पूरा करने में मदद करेगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### राहुल गांधी के ...

वर्ष 2017 में भारतीय अधिकारियों द्वारा निर्वासित और काली सूची में डाले जाने के बाद, कॉर्नी नेपाल चला गया। लेकिन वह नेपाल और भारत के बीच वीजा-मुक्त आवाजाही का लाभ उठाकर नियमित रूप से भारत आता रहता है। उसे कांग्रेस नेता राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी और ऐसे ही कुछ अन्य नेताओं का संरक्षण मिला हुआ है। इन राजनीतिक दलों की शह पर डैनियल स्टीफन कॉर्नी हिंदुओं के खिलाफ चारो तरफ घूम घूम कर लोगों में नफरत बोने और अफवाहें फैलाने का काम कर रहा है। कॉर्नी विभिन्न सोशल मीडिया और वीडियो-शेयरिंग प्लेटफार्मों के माध्यम से नियमित रूप से भारत और हिंदू धर्म के खिलाफ झूठा प्रचार कर रहा है।

खुफिया एजेंसियां जानती हैं कि मई 2022 में डैनियल स्टीफन कॉर्नी ने नेपाल के गार्डन गेस्ट हाउस में राहुल गांधी से कम से कम दो बार गुप्त रूप से मुलाकात की थी। इससे पहले भारत में रहने के दौरान कॉर्नी राहुल और सोनिया गांधी से नियमित संपर्क में था। राहुल गांधी मई 2022 में अपनी नेपाली मित्र सुमनिमा उदास के विवाह समारोह में शामिल होने के बहाने नेपाल गए थे, लेकिन इस यात्रा के पीछे राहुल गांधी का मुख्य उद्देश्य डैनियल स्टीफन कॉर्नी से मिलना था। नेपाल यात्रा के दौरान राहुल गांधी अपने तीन साथियों के साथ मैरियट होटल में रुके थे और अपने साथ कोई सुरक्षाकर्मी नहीं ले गए थे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सीएनएन इंटरनेशनल की दिल्ली संवाददाता सुमनिमा उदास ने राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी के पक्ष में पक्षपातपूर्ण मीडिया कवरेज किया और इस तरह राहुल गांधी के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर वैसे ही हमला किया जैसे कोई नेता करता है।

सुमनीमा उदास के पिता भीम उदास की अमेरिकी खुफिया प्रतिष्ठान के साथ-साथ अमेरिकी षडयंत्रकारी पूंजीपति जॉर्ज सोरोस के साथ काफी घनिष्ठता है। खुफिया एजेंसियां बताती हैं कि डैनियल स्टीफन कॉर्नी अमेरिकी सेना की 111 टुकड़ी डेल्टा फोर्स में कंधार, काबुल में सीआईए ब्लैक ऑपरेशंस से जुड़ा रहा है। सीआईए का एक प्रशिक्षित ऑपरेटिव स्टीफन कॉर्नी इज़राइल रक्षा बल (आईडीएफ) के साथ भी विक्टोरिया नुलैंड की सुरक्षा टीम में काम कर चुका है। न्यूयॉर्क के मोहेगन लेक में पैदा हुआ डैनियल स्टीफन कॉर्नी के पास अमेरिकी, इजरायली और पेरू के पासपोर्ट हैं। कॉर्नी पहली बार 27 अगस्त 2009 को पर्यटक वीजा पर भारत आया था। उसे आंध्र प्रदेश के गुंटूर के एक पादरी ने अपने यहां ठहराया था। कुछ महीने बाद कॉर्नी ने अनुषा नाम की एक तेलुगु महिला से शादी कर ली। हालांकि इस शादी की जानकारी और फोटो डे स्प्रिंग चिल्ड्रन होम नामक वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी, लेकिन बाद में इसे हटा दिया गया। बाद में काफी खोजबीन करने के बाद खुफिया एजेंसियों को डैनियल स्टीफन कॉर्नी और उसकी तेलुगु पत्नी अनुषा की फोटो खोजने में कामयाबी मिली। उसकी पत्नी अनुषा के पास भी भारतीय और अमेरिकी दो पासपोर्ट हैं।कॉर्नी ने अगस्त 2023 के पहले सप्ताह में असम की यात्रा की। इस यात्रा की पूरी व्यवस्था पश्चिम बंगाल सरकार के अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद के संयुक्त सचिव ने की थी। डैनियल स्टीफन कॉर्नी बाकायदा पश्चिम बंगाल सरकार की (डब्लूबी 7ओएन 1889) पर असम समेत कई पूर्वोत्तर राज्य घूम रहा था और मोदी विरोधी अभियान संचालित कर रहा था। उसने हैदराबाद के एमएस कुमार नामक व्यक्ति के साथ मिलकर असम के गुवाहाटी रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर असमिया न्यू टेस्टामेंट की पचास प्रतियां वितरित की थीं। 5 अगस्त 2023 को कॉर्नी ने मणिपुर राज्य के सेनापति शहर का दौरा किया और भारत सरकार की आलोचना करते हुए एक लाइव वीडियो प्रसारित किया, जिसमें उसने भारत सरकार को कट्टरपंथी हिंदू सरकार कहा और राज्य में ईसाईयों के खिलाफ चल रही हिंसा के लिए मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराया। कॉर्नी ने यह भी अफवाह फैलाई कि मणिपुर में तीन महीने के दौरान 400 चर्चों को जला दिया गया और कम से कम 200 ईसाईयों को सुनियोजित तरीके से मार दिया गया। कॉर्नी ने घूम घूम कर बताया कि कुकी ईसाई महिलाओं को नग्न करके घुमाया जाता है और मैती हिंदू जनजाति द्वारा उनका बलात्कार किया जाता है और उनकी हत्या कर दी जाती है।डैनियल स्टीफन कॉर्नी अक्सर वीजा-मुक्त आवागमन के अवसर का फायदा उठा कर भारत-नेपाल सीमा से भारत में प्रवेश करता है। वह मणिपुर और भारत के अन्य पूर्वोत्तर राज्यों के साथ-साथ म्यांमार और बांग्लादेश में उग्रवादी समूहों को हथियारों, विस्फोटकों, परिष्कृत संचार उपकरणों और ड्रोन और रसद की आपूर्ति का समन्वय करता है। कॉर्नी पश्चिम बंगाल में इस्लामी दलों और उग्रवादी समूहों के साथ संबंध रखता है और वह मादक पदार्थों की तस्करी और नकली भारतीय मुद्रा (पाकिस्तानी आईएसआई द्वारा मुद्रित) के प्रचलन में भी शामिल है। नेपाल में वह अक्सर कुछ पाकिस्तानी नागरिकों से मिलता है। कॉर्नी कुख्यात हिंदू विरोधी, भाजपा विरोधी और नरेंद्र मोदी विरोधी है, वह नियमित रूप से सुरक्षा बलों पर हमलों की साजिश रचता रहता है।

डैनियल स्टीफन कॉर्नी मणिपुर और भारत के अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में मारिजुआना के उत्पादन और तस्करी की देखरेख और उसके ट्रांसपोर्टेशन में मदद करता है। इसी तरह, म्यांमार के रखाइन राज्य में अराकान आर्मी के साथ संबंध बनाए रखते हुए, वह यूरोप और अमेरिका के विभिन्न गंतव्यों में मेथ की तस्करी में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। वह कुकी उग्रवाद समूह के साथ-साथ अराकान आर्मी की मदद से चटगांव हिल ट्रैक्ट जिलों में भी लगातार घुसता रहा है और गुप्त बैठकें करता रहा है।

### ड्रग्स के धन से...

नमो शेतकरी महासम्मान निधि योजना के तहत महाराष्ट्र के 90 लाख से ज्यादा किसानों को करीब 19 सौ करोड़ रुपए दिए गए हैं।बंजारा विरासत म्यूजम के उद्घाटन पर पीएम मोदी ने बंजारा समान को बधाई दी। उन्होंने कहा, मैं आप सभी को बंजारा विरासत म्यूजियम की बधाई देता हूं। जिसको किसी ने नहीं पूछा, उसको मोदी पूजता है। हमारे बंजारा समाज ने भारत के सामाजिक जीवन में, भारत की निर्माण यात्रा में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। हमारे बंजारा समाज ने ऐसे कितने ही संत दिए, जिन्होंने भारत की आध्यात्मिक चेतना को असीम ऊर्जा दी। पीढ़ी दर पीढ़ी, सैकड़ों-हजारों वर्षों से ये समुदाय भारत की संस्कृति और परम्पराओं को सहेजता और संवारता आया है।रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस की सोच को विदेशी बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की सोच शुरू से ही विदेशी रही है। अंग्रेजी हुकूमत की तरह ही ये कांग्रेसी परिवार भी दलित, पिछड़ा और आदिवासियों को अपने बराबर नहीं मानते। उन्होंने कहा, इन्हें लगता है कि भारत पर सिर्फ एक परिवार की ही हुकूमत रहनी चाहिए। इसलिए उनलोगों ने बंजारा समाज के प्रति हमेशा अपमानजनक रवैया बनाए रखा। पीएम मोदी ने कहा, एनडीए की केंद्र सरकार ने ही घुमंतू और अर्ध घुमंतू समुदाय के लिए कल्याण बोर्ड का गठन भी किया। इस समाज की संस्कृति को सही पहचान मिले, इस दिशा में भी भाजपा और एनडीए सरकारें लगातार काम कर रही हैं।

### कांग्रेस ने उत्तर...

उपयोग कर युवाओं को ड्रग्स के दलदल में झोंकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हमारी सरकार, ड्रग्स के कारोबारियों का राजनीतिक पद या कद देखे बिना, ड्रग्स के पूरे तंत्र का विनाश कर नशामुक्त भारत बनाने के लिए संकल्पित है। इस मामले में कांग्रेस ने किसी भी प्रकार की संलिप्तता से इन्कार किया है। पार्टी का कहना है कि तुषार गोयल को अक्टूबर 2022 में पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते निष्कासित कर दिया गया था।केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में सत्ता संभालने के तुरंत बाद ड्रग्स मुक्त भारत अभियान शुरू किया था। दो दिन पहले दिल्ली में 5,600 करोड़ रुपए की ड्रग्स बरामद की गई। जब 2004 और 2014 के बीच कांग्रेस सत्ता में थी, तो देश भर में लगभग 1.52 लाख किलोग्राम ड्रग्स जब्त की गई थी। लेकिन हमारे नशा विरोधी अभियान की बदौलत हम 2014 से 2024 तक 10 वर्षों में 5.43 लाख किलो ड्रग्स जब्त कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के 10 वर्षों के दौरान 768 करोड़ रुपए की दवाएं जब्त की गईं, जबकि 2014 से भाजपा शासन के तहत इतने ही वर्षों में 27,600 करोड़ रुपए की दवाएं जब्त की गईं। शाह ने कहा कि मैं सोच रहा था कि इन सरकारों के कार्यकाल में की गई जब्तियों में इतना अंतर क्यों है? उन्होंने पूछा, क्या किसी राजनीतिक दल के लिए ड्रग्स को खत्म करना संभव है, अगर उसके अपने कुछ सदस्य नशीले पदार्थों के व्यापार में लिप्त हों? शाह ने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले, कांग्रेस ने पूरे उत्तर भारत को, चाहे वह जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा या दिल्ली हो, नशीली दवाओं के व्यापार का केंद्र बना दिया था। मोदी सरकार ने इस व्यापार के खिलाफ निर्णायक कदम उठाए। गुजरात में भी हमारी भाजपा सरकार ने सिर्फ तीन साल में 8500 करोड़ रुपए की ड्रग्स जब्त की।

इस ड्रग्स रैकेट के मास्टरमाइंड के तौर पर वीरेंद्र बसोया का नाम सामने आया है, जो वर्तमान में दुबई में रह रहा है। वीरेंद्र बसोया पहले भी भारत में ड्रग्स के कई मामलों में संलिप्त रहा है। पिछले साल पुणे पुलिस द्वारा पकड़ी गई 3,000 करोड़ रुपए की म्याऊं म्याऊं ड्रग्स खेप में भी बसोया का नाम सामने आया था। इस केस में भी बसोया की संलिप्तता की पुष्टि की गई है। बसोया ने तुषार गोयल को अपने ड्रग्स नेटवर्क से जोड़ा था, और उसने कोकीन की खेप की डिलीवरी के बदले तुषार को हर कन्साइनमेंट के लिए 3 करोड़ रुपए देने की डील की थी। दुबई से बसोया ने यूके में रहने वाले जितेन्द्र गिल को भारत भेजा था, जो तुषार से मिलने दिल्ली आया था। दिल्ली पुलिस ने जितेन्द्र गिल को भी इस मामले में अमृतसर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। जितेन्द्र गिल पिछले 17 साल से यूके में रह रहा है और उसके पास यूके का ग्रीन कार्ड है।

वीरेंद्र बसोया का कनेक्शन केवल भारत तक सीमित नहीं है। वह दुबई में रहकर इंटरनेशनल ड्रग्स सिंडिकेट चलाता है, जिसके तार यूके, मुंबई और अन्य देशों से जुड़े हुए हैं। दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर बसोया के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है, ताकि उसे दुबई में गिरफ्तार किया जा सके। इसके अलावा, बसोया के डी-कंपनी से संबंधों की भी जांच हो रही है। इस ड्रग्स रैकेट में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें तुषार गोयल के अलावा हिमांशु कुमार, औरंगजेब सिद्दीकी, भरत कुमार जैन, और जितेन्द्र गिल शामिल हैं। यह ड्रग्स सिंडिकेट पैन-इंडिया स्तर पर फैला हुआ था, और इसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न मेट्रो शहरों में कोकीन की आपूर्ति करना था।

इस ड्रग्स मामले में कांग्रेस और भाजपा के बीच सियासी घमासान तेज हो गया है। भाजपा ने इस मामले को लेकर कांग्रेस पर सीधा हमला बोला है। इस बड़े ड्रग्स रैकेट से जुड़े तमाम पहलू अभी भी खुल रहे हैं। कांग्रेस का इससे जुड़े होने का आरोप जहां सियासी बवाल मचा रहा है, वहीं पुलिस की जांच में इंटरनेशनल लिंक और डी-कंपनी से संभावित संबंध सामने आ रहे

### एससी-एसटी...

सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि फैसले में रिकॉर्ड को देखते हुए कोई त्रुटि नहीं दिखती है।

सुप्रीम कोर्ट के नियमों के अनुसार, समीक्षा याचिका पर दस्तावेज के माध्यम से वकील की उपस्थिति के बिना न्यायाधीशों के कक्ष में विचार किया जाता है। मामले में एक अलग असहमति वाला फैसला लिखने वाली जस्टिस त्रिवेदी भी बहुमत से सुनाए गए फैसले पर पुनर्विचार का मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज करने वाली पीठ का हिस्सा थीं। पीठ ने पुनर्विचार याचिकाओं को खुली अदालत में सुनवाई करने के आवेदन को भी खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने मामले में खुली अदालत में सुनवाई के आवेदन को भी खारिज कर दिया।सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने अपने फैसले में कहा था कि राज्यों के पास अधिक वंचित जातियों के उत्थान-कल्याण के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लिए निर्धारित आरक्षण में उपवर्गीकरण करने का सांविधानिक अधिकार है। एससी/एसटी के बीच भी क्रीमी लेयर के सिद्धांत को लागू करने का समर्थन किया था। पीठ ने 6:1 के बहुमत से ई.वी. चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के 2004 के फैसले को खारिज कर दिया था। इसमें कहा गया था कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समरूप समूह हैं और इसलिए राज्य इन समूहों में अधिक वंचित तथा कमजोर जातियों के लिए कोटा के भीतर कोटा देने के लिए उन्हें उप-वर्गीकृत नहीं कर सकते।

अपने 85 पेज के असहमति वाले आदेश में जस्टिस बेला एम त्रिवेदी ने कहा था कि राज्य संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत अधिसूचित अनुसूचित जाति सूची के साथ छेड़छाड़ नहीं कर सकते। राज्यों की सकारात्मक कार्यवाही संविधान के दायरे के भीतर होनी चाहिए। उन्होंने कहा था कि आरक्षण प्रदान करने के राज्य के नेक इरादों से उठाए कदम को भी अनुच्छेद 142 के तहत शक्तियों का इस्तेमाल करके सुप्रीम कोर्ट की ओर से उचित नहीं ठहराया जा सकता है।

### तनाव कम करने में...

इज़राइल से तनाव कम करने के लिए कहें।इलाही ने कहा, हम मानते हैं कि क्षेत्र को शांति और स्थिरता की आवश्यकता है। हम, ईरान के रूप में, एक शक्तिशाली देश के बजाय एक शक्तिशाली क्षेत्र चाहते हैं। किसी देश के विकास के लिए शांति और स्थिरता पूर्व शर्त है। लेकिन फलस्तीन में जो हो रहा है उसके प्रति हम उदासीन नहीं रह सकते। फलस्तीन में चल रहा रक्तपात एक ऐसी चीज है जिसकी हम अनदेखी या उपेक्षा नहीं कर सकते।ईरान और इज़राइल की तरफ से हालिया सैन्य कार्रवाइयों पर उन्होंने कहा कि इज़राइल के सैन्य और खुफिया ठिकानों पर मिसाइल हमला करने के पीछे हमारी मंशा इज़राइल को स्पष्ट संदेश देना था। हमारे सर्वोच्च सैन्य कमांडर ने स्पष्ट रूप से यह बता दिया है कि ईरानी हितों और बुनियादी ढांचे पर किसी भी हमले का करारा जवाब दिया जाएगा।

### कश्मीर मसला यूएन...

सरदार पटेल का भी यही मानना था कि यथार्थवाद हमारी नीति का आधार होना चाहिए।विदेश मंत्री ने सार्क सम्मेलन का आयोजन न होने की वजह बताते हुए कहा, अभी सार्क आगे नहीं बढ़ रहा है इसलिए इसकी बैठक नहीं बुलाई गई। सार्क देशों का एक सदस्य सीमापार आतंकवाद को बढ़ावा अभी भी दे रहा है। आतंकवाद अस्वीकार्य है, लेकिन इस वैश्विक मान्यता के बावजूद हमारे पड़ोसी देश ऐसा कर रहे हैं। यही वजह है कि सार्क की बैठक हाल के वर्षों में नहीं हुई है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि क्षेत्रीय गतिविधियां बंद हैं बल्कि बीते पांच-छह वर्षों में तो भारतीय उपमहाद्वीप में क्षेत्रीय एकता और ज्यादा बढ़ी है।पश्चिम एशिया में तनाव के हालात पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, पश्चिम एशिया की स्थिति कोई अवसर नहीं है बल्कि यह गहरी चिंता का विषय है। संघर्ष बढ़ता जा रहा है। हमने देखा कि आतंकी हमला हुआ और फिर उसका जवाब दिया गया। हमने देखा कि गाजा में क्या हुआ। अब हम देख रहे हैं कि संघर्ष लेबनान तक पहुंच गया है और इज़राइल और ईरान के बीच तनाव है। लाल सागर से हूती विद्रोही हमले कर रहे हैं। हमें भी इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है। अगर आप निष्पक्ष हैं तो आपको फायदा मिलेगा, ऐसा नहीं है। कुछ स्थितियों में संघर्ष फायदेमंद हो सकता है, लेकिन अभी जो परिस्थितियां हैं, उनमें दुनिया में कहीं भी संघर्ष समस्याएं बढ़ा रहा है। इससे आपूर्ति प्रभावित हो रही है। ईमानदारी से कहें तो चाहे रूस यूक्रेन युद्ध हो या फिर पश्चिम एशिया का संघर्ष, इससे अस्थिरता बढ़ रही है और ये चिंता का विषय है। मुझे लगता है कि हमारे समेत पूरी दुनिया इन्हें लेकर चिंतित है।

### तिरुपति में सीएम...

कोर्ट के अनुसार, एसआईटी में सीबीआई के दो अधिकारी, आंध्र प्रदेश पुलिस के दो अधिकारी और एफएसएसएआई का एक वरिष्ठ अधिकारी होगा। सीबीआई निदेशक एसआईटी जांच की निगरानी करेंगे।

आंध्र प्रदेश में जून में सत्ता परिवर्तन हुआ था। जिसके बाद चंद्रबाबू नायडू की पार्टी सत्ता में वापस आई है। मुख्यमंत्री का पद संभालने के बाद चंद्रबाबू नायडू ने मंदिर के लड्डुओं में मिलावट की आशंका जाहिर की थी। जिसके बाद मंदिर प्रशासन ने सप्लाई किए गए घी के सैंपल लेकर जांच के लिए गुजरात स्थित डेयरी विकास बोर्ड की लैब सेंटर ऑफ एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइव स्टॉक एंड फूड भेजे थे। जिसके बाद लैब की रिपोर्ट में चौंकाने वाले खुलासे हुए।

एनडीडीबी लैब की रिपोर्ट से पता चला कि शुद्ध घी में शुद्ध दूध में वसा की मात्रा 95.68 से लेकर 104.32 तक होना चाहिए था। लेकिन सैंपल्स में मिल्क फैट की वेल्यू 20 ही पाई गई थी। जिससे इस मिलावटी घी के बारे में खुलासा हुआ। लैब की रिपोर्ट के मुताबिक इन सैंपल में सोयाबीन, सूरजमुखी, जैतून का तेल, गेहूं, मक्का, कॉटन सीड, मछली का तेल, नारियल, पाम ऑयल, बीफ टैलो, लार्ड जैसे तत्व पाए गए। इस घी को चेन्नई की एआर डेयरी एंड एग्रो प्रोडक्ट्स नाम की कंपनी ने सप्लाई किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दिया है।

### कश्मीर के ...

बल्कि उन्हें ट्रेस करना भी मुश्किल हो रहा था। सीमा पार बैठे आतंकियों के आका और पाकिस्तानी सेना चीन में बने कम्युनिकेशन सेट अल्ट्रा सेट से आतंकियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। सूत्रों का कहना है कि दरअसल ये कम्युनिकेशन सेट चीन ने पाकिस्तानी सेना के लिए भेजे थे। लेकिन पाकिस्तानी सेना ने इन्हें आतंकियों को थमा दिया, क्योंकि वे जानते थे कि आम वाकी-टॉकी हैंडसेट को भारतीय सेना आसानी से ट्रेस कर लेगी और आतंकी मारे जाएंगे। इसलिए उन्होंने आतंकियों को ये अल्ट्रासेट दिए थे। अल्ट्रासेट को सैटेलाइट फोन के अलावा रेडियो सेट की तरह भी इस्तेमाल किया जा सकता है।इन खास हैंडसेट्स को पिछले साल 17-18 जुलाई की रात को जम्मू क्षेत्र के पुंछ जिले के सुरनकोट के सिंदराह टॉप क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के बाद और इस साल 26 अप्रैल को उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर के चेक मोहल्ला नौपोरा क्षेत्र में मुठभेड़ में मारे आतंकियों से ये हैंडसेट बरामद किए गए थे। सुरनकोट मुठभेड़ में चार और सोपोर में दो विदेशी आतंकवादी मारे गए थे। इसके अलावा ये हैंडसेट पीर पंजाल क्षेत्र के दक्षिण में भी आतंकियों से बरामद हुए थे। यह हैंडसेट रेडियो तरंगों की मदद से बिल्कुल सेलफोन की तरह काम करते हैं। लेकिन इनमें जीएसएम या सीडीएमए जैसी मोबाइल टेक्नोलॉजी नहीं होती है, बल्कि ये सीमा पार पाकिस्तान में बने कंट्रोल सेंटर से जुड़े होते हैं। पाकिस्तान में मास्टर सर्वर तक कनेक्ट करने के लिए चीनी सैटेलाइटों का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं खास बात यह होती है कि दो अल्ट्रासेट सीधे एक-दूसरे से कनेक्ट नहीं हो सकते, बल्कि मास्टर सर्वर से ही कनेक्ट हो सकते हैं। अल्ट्रा हैंडसेट इतने अत्याधुनिक हैं कि ये आम मोबाइल की तरह काम नहीं करते हैं। इसलिए ये रडार की पकड़ में भी नहीं आते हैं। वहीं इसकी खूबी यह भी है कि कम्युनिकेशन सिस्टम ऑन होने पर न कोई सिग्नलों का पता चलता है, बल्कि लोकेशन भी पता नहीं चलती। पहले सिक्योरिटी एजेंसियां आतंकवादियों के कम्युनिकेशन को डीकोड कर उनके मंसूबों का पता लगा लेती थीं। लेकिन अल्ट्रासेट के चलते यह संभव नहीं हो पा रहा था। सूत्रों का कहना है कि अगर आतंकी अल्ट्रासेट को ऑन रखते हैं, और उसका इस्तेमाल कर रहे हैं, तो लोकेशन का पता लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि अल्ट्रा सेट का पता लगाने के लिए एरिया मैपिंग भी की गई और पता लगाया गया कि अल्ट्रा सेट कहां एक्टिव है।अल्ट्रासेट सेटेलाइट से कनेक्टेड हैं। इससे मैसेजिंग भी की जा सकती है। हर सेट का अलग कोड होता है। अगर आतंकियों के दो ग्रुप हैं और दोनों के पास इस तरह के सेट हैं तब भी एक ग्रुप दूसरे ग्रुप से कॉन्टैक्ट नहीं कर सकता। बिना कोड के अल्ट्रासेट सिस्टम बेकार है। लेकिन पाकिस्तान में मास्टर सर्वर होने की वजह से पाकिस्तानी सेना आसानी से न केवल आतंकियों की बातचीत को ट्रैक कर सकती है, बल्कि गाइड भी कर सकती है। क्योंकि इस सैटेलाइट का कोड उसके पास ही है। वहीं पाकिस्तान और चीन अमेरिकी सैटेलाइट का इस्तेमाल नहीं करते, बल्कि वे चीनी बाइदू जीपीएस का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन चीन के साथ भारत का सूचनाओं के आदान-प्रदान को लेकर कोई समझौता तो नहीं है। इसके अलावा आतंकी एक और तरीका कम्यूनिकेशन के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। वे अपने आकाओं से संपर्क के लिए अल्ट्रासेट का इस्तेमाल करते हैं, तो वहीं वे पनाहगारों के मोबाइल सेट का इस्तेमाल करते हैं और दूसरे ओजीडब्लू से संपर्क साधते हैं। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियां हर मोबाइल को ट्रैक पर नहीं रख सकती, जिसका आतंकी फायदा उठाते हैं। आतंकवादी सैमसंग फोन और आईकॉम रेडियो सेट के माध्यम से वाई एसएमएस का भी इस्तेमाल कर रहे हैं।

जम्मू क्षेत्र में आतंकियों पर लगाम कसने के लिए पूर्वी लद्दाख में तैनात यूनिफॉर्म फोर्स को जम्मू स्थित 16वीं कोर में वापस भेजा जा रहा है। अगले साल मई-जून तक यूनिफॉर्म फोर्स की वापसी हो सकती है। 2020 में गलवान हिंसा के बाद जब भारत और चीन में गतिरोध चरम पर था, तो जम्मू के रियासी में तैनात यूनिफॉर्म फोर्स को काउंटर टेररिज्म की ड्यूटी से हटाकर बतौर बैकअप फोर्स एलएसी पर तैनात कर दिया गया था। वहीं, जैसे ही जम्मू से विशेष आतंकवाद रोधी राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) की यूनिफॉर्म फोर्स को वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तैनात किया गया, तो जम्मू डिविजन में आतंकी हमलों में तेजी देखी गई। जम्मू डिवीजन में जिस तरह से आतंकी ताबड़तोड़ आतंकी वारदातों को अंजाम दे रहे थे, उसके बाद से रियासी क्षेत्र में यूनिफॉर्म फोर्स को फिर से तैनात किए जाने की मांग जोरशोर से की जा रही थी। जम्मू-कश्मीर में साल 2014 के मुकाबले 2024 में आतंकी घटनाओं में गिरावट दर्ज की गई है। 2014 में जहां 222 आतंकी वारदातें हुई थीं, तो इस साल अब तक केवल 23 घटनाएं ही हुई हैं, इनमें से 15 जम्मू में और 8 कश्मीर में हुईं। इसके अलावा सुरक्षाबलों और आम लोगों की जानें भी कम गईं।

इस साल 27 सितंबर तक जम्मू में 15 आतंकी हमलों और मुठभेड़ों में 11 नागरिकों और 17 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई है। 2014 में जहां 47 सुरक्षा बलों के जवानों की शहादत हुई, जो इस बार घटकर 25 रह गई है, जिनमें से 17 अकेले जम्मू में शहीद हुए। वहीं आतंकियों की मौत की बात करें, तो 2014 में सुरक्षा बलों ने 45 आतंकवादियों को मार गिराया था, जबकि 2024 में यह संख्या 110 रही। इनमें से 18 विदेशी और 17 स्थानीय आतंकवादियों सहित 35 को कश्मीर में मार गिराया गया, जबकि जम्मू में 10 आतंकवादियों को मौत के घाट उतारा गया।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 06 अक्टूबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# श्री अग्रसेन महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई



**हैदराबाद, 05 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महाराजा श्री अग्रसेन जी की 5148वी जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा तथा क्वालिटी लाइफ़स्टाइल अपार्टमेंट सैदाबाद के तत्वावधान में अग्रसेन महाराज शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा क्वालिटी लाइफ़ स्टाइल अपार्टमेंट्स,सैदाबाद से प्रारंभ होकर मलकपेट के विभिन्न मार्गों से गुज़रते हुए पुनः क्वालिटी लाइफ़ स्टाइल अपार्टमेंट पहुंची। इस बीच रास्ते में दीपक कुमार पचेरिया के निवास के पास एवं सैलेश कुमार अग्रवाल के निवास के पास उनके परिवार ने पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर सभी के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की। सभी अग्रबंधुओं ने नाचते, गाते हुए हर्षोल्लास से इस शोभायात्रा में भाग लिया। अवसर पर अग्रवाल समाज मलकपेट शाखा के अध्यक्ष पंकज कुमार संघी, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, मंत्री प्रदीप बंसल, सह मंत्री शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मोदी, परामर्शदाता महावीर प्रसाद अग्रवाल, हरिश्चंद्र बजाज, नितिन अग्रवाल, नितेश अगवाल, पियूष अग्रवाल, क्वालिटी लाइफ़ स्टाइल अपार्टमेंट से नवीन अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सुरेश गोयल, अर्चना बंसल, कविता अग्रवाल, शीतल, संतोष, दीपा गोयल, सरोज, नेहा गोयल, ख़ुशी बंसल, औषिता अग्रवाल, ख़ुशी गोयल तथा युवा मोर्चा से निश्चित अग्रवाल, हर्ष बंसल, राहुल, जितेंदर, पीयूष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।




# अग्रवाल समाज कोत्तापेट शाखा का डांडिया धमाल 13 को

**हैदराबाद, 05 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना की कोत्तापेट शाखा द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में डांडिया धमाल कार्यक्रम का आयोजन आगामी 13 अक्टूबर को किया जा रहा है। चैतन्यपुरी, कोत्तापेट स्थित भाग्यश्री फंक्शन हॉल में किए जा रहे इस रंगारंग कार्यक्रम के आकर्षक आयोजन के लिए आज शनिवार को कोत्तापेट शाखा की कार्यकारिणी बैठक में यह निर्णय लिया गया।



इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी भक्त स्वादिष्ट भोजन के साथ रोमांचक संगीत, डांडिया-गरबा में झूमेंगे और साथ ही आकर्षक पुरस्कार जीतने का अवसर भी पाएंगे जिसमें, चांदी के सिक्कों का लकी ड्रॉ भी शामिल है।

शाखा अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने सभी आयोजनकर्ताओं से अपील की है कि वे तन-मन-धन से इस कार्यक्रम को सफल एवं आने वाले अतिथियों के लिए यादगार बनाने की भरपूर कोशिश करें। सभा में उपस्थित अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरुण गोयल, मंत्री सीए राजगोपाल अग्रवाल, केंद्रीय समिति सदस्य अशोक जिंदल, कार्यकारिणी सदस्य दीपक बंसल ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए संपूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# नुमाइश मैदान में डांडिया कार्यक्रम आज से, तैयारियों का लिया जायजा

**हैदराबाद, 05 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्थानी प्रगति समाज एवं एग्जिबिशन समिति तथा इकोनामिक कमेटी द्वारा आयोजित डांडिया कार्यक्रम जो रविवार छह 6 से 10 अक्टूबर तक नुमाइश मैदान में होगा। डांडिया कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेते हुए प्रधान संयोजक गोविंद राठी, एग्जीबिशन समिति के उपाध्यक्ष के निरंजन, मंत्री बि सुरेंद्र रेड्डी, मेला कोषाध्यक्ष गिरधारी लाल डागा, संयोजक मनोज जायसवाल एवं सुमित राठी। प्रधान संयोजक गोविंद राठी ने बताया की छह अक्टूबर को होने वाले डांडिया कार्यक्रम में मुंबई से गूंज गुजरात बिट के किशोर राठौड़ द्वारा म्यूजिकल आर्केस्ट्रा होगा तथा साउंड विध्या ओके का रहेगा।

गोविंद राठी ने आगे बताया कि डांडिया के प्रवेश द्वार पर तिलक लगा कर प्रवेश दिया जाएगा। इसमें किसी प्रकार की छूट न दी जाएगी तथा मात्र 200 रुपए का टिकट लेना अनिवार्य है। बगैर उसके प्रवेश नहीं दिया जाएगा तथा कंप्लीमेंट्री पास के साथ 50 रुपए का बैच लेना अनिवार्य रहेगा। डांडिया प्रांगण में खानपान की वस्तु अंदर लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह डांडिया कोई कमर्शियल डांडिया नहीं है एक पारिवारिक डांडिया है और सभी डांडिया प्रेमियों से शांति बनाए रखने के लिए कहा गया। पंडाल की व्यवस्था एग्जिबिशन समिति जिलानी द्वारा किया जाएगा और खाने की व्यवस्था सुधाकर द्वारा की जाएगी।



# सीताक्का ने की राज्य सरकार के खिलाफ टिप्पणी के लिए मोदी की आलोचना

**हैदराबाद, 05 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना की पंचायत राज मंत्री दानसारी अनसूया सीताक्का ने महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से हालिया राज्य सरकार के खिलाफ टिप्पणी किए जाने को लेकर उनकी (श्री मोदी) की कड़ी निंदा की है। श्रीमती सीताक्का ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री के पास किसानों से संबंधित मुद्दों पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, जिन्होंने किसानों के एक भी रुपये के कर्ज को माफ किए बिना एक दशक तक शासन किया है, उनके लिए तेलंगाना सरकार के प्रयासों की आलोचना करना बेतुका है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी द्वारा शुरू किये गये विवादास्पद कृषि कानूनों ने कई किसानों को संकट में डाल दिया है।



उन्होंने दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के दौरान 700 किसानों की मौत के लिए श्री मोदी को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा, भाजपा सरकार किसानों से किए गए अपने वादों को पूरा करने में बार-बार विफल रही है, जिसमें 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए पेंशन योजना भी शामिल है, जिसका उल्लेख भाजपा के 2019 के चुनाव घोषणापत्र के पेज 13 पर किया गया था। उन्होंने प्रधानमंत्री पर किसान सम्मान निधि बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया और ईंधन की कीमतें बढ़ाने के सरकार के फैसले की आलोचना की, जिससे किसानों के लिए फसल उत्पादन की लागत बढ़ गई। उन्होंने कहा, मोदी प्रशासन लगातार प्रति फसल लागत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाने में विफल रहा है और उर्वरकों और कीटनाशकों के लिए सब्सिडी में कटौती की है। उन्होंने आठ किस्तों में कृषि ऋण माफी के आंशिक कार्यान्वयन के लिए भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की भी आलोचना की और इसकी तुलना कांग्रेस सरकार के एक ही चरण में 23 लाख किसानों के ऋण माफ करने के रिकॉर्ड से की।

श्रीमती सीताक्का ने कहा, भाजपा और बीआरएस दोनों ही महाराष्ट्र चुनाव से पहले राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए कांग्रेस पार्टी को निशाना बना रहे हैं।

# कामगारों को वस्त्र किए गए वितरित



**हैदराबाद, 05 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजेंद्र नगर विधानसभा क्षेत्र के मानिकोंडा नगर पालिका अध्यक्ष कस्तूरी नरेंद्र ने शनिवार को अपने क्षेत्र के सभी कामगारों को वस्त्र वितरण किए।

उन्होंने 350 सफाई कर्मियों एवं जलदाय विभाग, बिजली विभाग एवं मंदिर में काम करने वाले लोगों को तथा अन्य तरह की क्षेत्र में सेवा देने वाले करीब 500 लोगों को वस्त्र वितरण किए। जिसमें महिलाओं को साड़ी एवं पुरुष जनों को पेंट शर्ट दिए गए इस वितरण समारोह में क्षेत्र के अनेक अधिकारी गण भी मौजूद थे ।

# भगवत ज्ञान एवं भजन कीर्तन का आयोजन





**हैदराबाद, 05 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन वसुधैव कुटुंबकम की गीता अग्रवाल के निवास स्थान हिल रिज स्प्रिंग्स गच्चीबोली में भगवत ज्ञान एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमे भक्तों ने भजन कीर्तन का आनंद एवं भगवत ज्ञान प्राप्त किया। इस अवसर पर के पी अग्रवाल, गीता अग्रवाल, भगवान लोहिया, जय श्री लोहिया, राजेश अग्रवाल, आशा अग्रवाल, श्रीदेवी, विश्वनाथ राजू, विनोद वशिष्ट, अंजना वशिष्ठ, डॉ. प्रमोद गर्ग, रोशन मदान, वीना मदान, वेद प्रकाश गुलाटी, नीता गुलाटी, सुंदरी, पदमा, नेहा, सुधा, ज्योत्सना नादुल, मृदुल भनोट, रश्मि, जयालक्ष्मी, अंकित अग्रवाल, रानी, आरव अग्रवाल, टी एन माथुर, डी एन मिश्रा, नीरज मिश्रा, मंजू शर्मा, राजेंद्र कुमार रुंगटा, प्रणवती, श्रीदेवी कोटा, अंकिता गर्ग, सरिता, वेदा, लक्ष्मी बालाजी, गायत्री, मैत्री, जय श्री, पुष्पा जैन आदि ने पूजा अर्चना की।

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, P YASHWANTH, S/O PAVULURI RAVI KUMAR Service, No:10329880A, Rank: LINK, Name: PAVULURI YASHWANTH, Unit: 125 Inf Bn (TA) THE GUARDS C/O. 56 APO, Residing at H.No. 6-2-419, Vill: NIZAMABAD, PO: NIZAMABAD, Teh: NIZAMABAD, Dist: NIZAMABAD, State: TELANGANA, Pin:503002, I have changed my name from: P YASHWANTH, to PAVULURI YASHWANTH, and My Date of Birth is 30/08/1990 Affidavit Singed By Advocate and Notary B Yadagiri, MMCP, BA, LLB

**ज्योतिष ASTROLOGY**

नाकोड़ा भैरव ज्योतिष

(जय जिनेन्द्र) मारवाड़ी, गुजराती महाराज, माजिशा भक्त हस्तरेखा, जन्माक्षर, पूजा-पाठ, संतान प्राप्ति, शारीरिक पीड़ा, मानसिक पीड़ा, व्यापार, सगाई, लग्न विलंब, शत्रुनिवारण, प्रेम समस्या, कर्ज मुक्ति, गृहक्लेश आकर्षण प्रयोग, पतिवश, सास-बहू झगड़ा, एकतरफा प्रेम (वशीकरण के जानकार) जीवन की जटिल समस्याओं का A+Z समाधान। बेगम बाजार, हैदराबाद.
संपर्क : 9032460847.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, MALA DEVI is legally wedded spouse of Mukesh Kumar R/o Vill & PO-Kuria,PS-Pipra,Dist-East Champaran, PIN-845416 State-Bihar have changed my name from MALA DEVI to MALA KUMARI and date of birth from 06/06/1985 to 16/12/1984 add in my husband service documents vide affidavit date 03/10/2024 before Notary G Ramchaander Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, KP MANICKAM is legally father of Sunil Kumar M presently residing at Qtr No-253/2,Trishul Line, Secunderabad,State-Telangana,PIN-500010 have changed my name from KP MANICKAM to MANICKAM KP and DOB from 01/07/1957 to 10/10/1952 add in my son service documents vide affidavit date 01/10/2024 before Notary G Ramchaander Advocate Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, P SWARNA KUMARY is legally Mother of Sunil Kumar M presently residing at Qtr No-253/2, Trishul Line, Secunderabad,State-Telangana,PIN-500010 have changed my name from P SWARNA KUMARY to SORNA KUMARI SANKARANKUTTI and DOB from 01/07/1961 to 04/03/1963 add in my son service documents vide affidavit date 01/10/2024 before Notary G Ramchaander Advocate Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, Service No- JC-424499A, Rank NB SUB, Name CH VENKATEWRLU, residing at H.No-1-91/A, Thurimella Village, Teh- Cumbum, Prakasam, A.P, I have to changed my Son Name from - CHANNAKESULA VIVEK to CH VIVEK for all purpose vide affidavit dated: 03/10/2024.

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ रूट्स कॉलेज का दीक्षांत समारोह और फ्रेशर्स डे समारोह सम्पन्न




**हैदराबाद, 05 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विद्यार्थियों ने अपनी डिग्री प्राप्त करने की खुशी अपने अभिभावकों के साथ साझा की। रूट्स कॉलेज का दीक्षांत समारोह शनिवार को जुबली हिल्स स्थित दासपल्ला होटल में भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद वाविराजू रविचंद्र ने छात्रों को डिग्री प्रदान की। इस मौके पर उन्होंने छात्रों के भविष्य के लिए सरकार के कौशल विकास पर सुझाव दिए। इसके बाद रूट्स कॉलेज ने फ्रेशर डे समारोह का आयोजन किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत खेलों तथा अनेक शिक्षाप्रद नाटकों ने विद्यार्थियों के परिजनों को प्रभावित किया। कार्यक्रम में आईआरएस अधिकारी बत्तुला बालकृष्ण ने कहा कि छात्रों की शिक्षा में माता-पिता का सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है और छात्रों को आगे बढ़ने के लिए धैर्य और एकाग्रता की आवश्यकता है।

बोंडाडा इंजीनियरिंग लिमिटेड के अध्यक्ष राघवेंद्र राव ने कहा कि 30 साल पहले रूट्स कॉलेज की शुरुआत 30 छात्रों के साथ कालेज के चेयरमैन बी पी पडाला ने की थी और आज हर साल 1500 से अधिक छात्रों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण दिया जाता है और उन्होंने उज्ज्वल भविष्य की शुरुआत की है।

अपनी मेहनत और लगन से आज सैकड़ों छात्र देश-विदेश में स्वतंत्र रूप से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने इसके लिए कॉलेज के सभी प्रोफेसरों के कौशल की सराहना की। इस अवसर पर डिग्री कॉलेज की प्राचार्या जी.विद्या, जूनियर कॉलेज की प्राचार्या सुप्रिया, सभी प्राध्यापक एवं कार्यकारी स्टाफ ने भाग लिया।

# राधे राथे ग्रुप का नियमित अन्नदान जारी



**हैदराबाद, 05 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के सौजन्य से पब्लिक गार्डन नामपल्ली पर नियमित अन्नदान किया गया। शनिवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शारदीय नवरात्रि तृतीया पर स्वर्गीय सरोज देवी अग्रवाल (फर्म: श्री श्यामलालजी रोहितकुमारजी अग्रवाल, बशीरबाग श्यामलाल अग्रवाल) के सौजन्य से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर रोहित अग्रवाल, राम प्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सतीश गुप्ता, महेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सुशील गुप्ता, संजय अग्रवाल, जगत नारायण अग्रवाल, नयन संघी, दिनेश गोयल, डॉ चंद्रकला, दीपा, ख्याति अग्रवाल, अवतार गोयल, कृशिव गुप्ता, आराध्या गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल मेसर्स एसजीएनएल इन्फ्रा एलएलपी, जिनका पंजीकृत कार्यालय, प्लाट नं. 8, सर्वे नं. 74, धन लक्ष्मी सोसाइटी, ईस्ट मारेड़पल्ली, हैदराबाद, सिकन्दराबाद, तेलंगाना में स्थित है, यह रोड नं. 10, बंजारा हिल्स, हैदराबाद, तेलंगाना में स्थित म्यु. नं. 8-2-603 धारित सम्पत्ति का भाग, अधिमापन 2985 वर्ग गज, जो कि उत्तर में : ज्वेल अपार्टमेंट्स, दक्षिण में : फार्च्यून अपार्टमेंट्स, पूर्व में : सड़क तथा श्री नवीन गोयल एवं श्रीमती अर्चना गोयल की म्यु. नं. 8-2-603 धारित सम्पत्ति का भाग, पश्चिम में : फार्च्यून अपार्टमेंट्स से सीमाबद्ध है, को मेसर्स नवीन कुमार गोयल एचयूएफ, जिसका प्रतिनिधित्व उसके कर्ता श्री नवीन कुमार गोयल, सुपुत्र श्री कमला प्रसाद गोयल, डेवलपमेंट पर कर रहे हैं। जो कि रॉबर्ट अरबिन्दो पॉल, सुपुत्र स्व. डब्ल्यू.डी. पॉल का है, से प्राप्त करने के इच्छुक हैं।

ऐसे सभी व्यक्ति जो उक्त सम्पत्ति या उसके किसी भाग में बिक्री, उपहार, पट्टा, विरासत, एक्सचेंज, गिरवी, प्रभार, गृहणाधिकार, आसरा, कब्जा, भोगाधिकार, संलिप्तता या किसी और तरह का कोई हित या अधिकार का दावा रखते हों, उन्हें एतद्वारा इसे इस तिथि से 15 (पंद्रह) दिनों के भीतर सभी समर्थित दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरी की जानकारी में लाना होगा, अन्यथा ऐसे किसी दावे के किसी संदर्भ के बिना इस बिक्री व्यवहार को पूरा कर लिया जाएगा, और यदि कोई आपत्ति रहती हो तो भी उसे स्वेच्छा से छोड़ दिया गया माना जाएगा।

हस्ता/- मेसर्स पुरुषोत्तमलाल,
एडवोकेट्स एण्ड असोसिएट्स
# 104, एलबीके (लक्ष्मी बाला कृष्णा) निवास,
मकान नंबर 3-4-758,
बरकतपुरा, हैदराबाद, तेलंगाना
(मो.) 92463 49717

# एक शाम माताजी के नाम भव्य विशाल जागरण सम्पन्न

**हैदराबाद, 05 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कापरा मंडल बालाजी नगर स्थित श्री आईमजी गौशाला के तत्वावधान में एक शाम गो माता के नाम माँ भगवती के ग्यारहवां विशाल जागरण का आयोजन किया गया। अवसर पर रंगारंग डांडिया नृत्य भी आयोजित किया गया।

यहाँ प्रेस को जारी विज्ञप्ति में अध्यक्ष मंगलाराम पंवार व सचिव हुक्माराम सानपुरा ने बताया कि गोसेवार्थ विशाल जागरण आयोजित किया गया। इस अवसर पर जागरण के साथ-साथ गौशाला प्रांगण में माँ भगवती का विशाल पंडाल सजाकर पुरुष व महिलाओं द्वारा रंगारंग डांडिया किया गया। तत्पश्चात पूजा-अर्चना व ज्योत प्रज्वलित कर जागरण प्रारंभ। गणेश वंदना के साथ भजन गायक राम कुंवर सैनी रामकुमार मालूणी ने राजस्थानी शैली में भजनों के पुष्प अर्पित किये।

कार्यक्रम में पधारे सीरवी समाज पारसीगुटा बडेर अध्यक्ष मोहनलाल हाम्बड़, कोरेमुला बडेर अध्यक्ष कालुराम काग, सचिव डायाराम लचेटा, मल्लापुर बडेर अध्यक्ष तुलसाराम सिन्दडॉ, श्री आईजी सेवा संघ अध्यक्ष भगाराम मुलेवा, विशव मंगल गौशाला से शांतिलाल सुथार, मदनलाल शर्मा, दुलीचन्द शर्मा, आनंद शर्मा, अखिल भारतीय युवा संघठन से केसाराम सीरवी, भंवरलाल सीरवी, पुनाराम सीरवी,भ ोजन-प्रसादी के लाभार्थी किशनलाल राठौड़ सरस्वती ज्वेलर्स पॉट मार्केट, सिकंदराबाद ग्रुप द्वारा परिवार व अतिथियों का गौशाला के पदाधिकारियों व गोभक्तों ने शॉल, दुपट्टा से विशेष सम्मान किया। गोभक्तों ने दान-पुण्य राशि में बढ़-चढ़कर भाग लिया। भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। अध्यक्ष मंगलाराम पंवार ने गोभक्तों को नवरात्रि की शुभकामनाएँ देते हुए दान-पुण्य करने वाले भामाशाहों का आभार जताया।

कार्यक्रम में मंगलाराम पंवार, उपाध्यक्ष कालुराम काग, सचिव हुक्माराम सानपुरा, सहसचिव ढगलाराम सेपटा, कोषाध्यक्ष नारायणलाल परिहार, चोलाराम हाम्बड़, डायाराम लचेटा, मोहनलाल हाम्बड़, भंवरलाल मुलेवा, बाबूलाल मुलेवा, मोतीलाल काग, पारसमल शर्मा, माधुराम चोयल, गणेशराम बर्फा, शंकरलाल बर्फा, गोपाराम मुलेवा, गीरधारीलाल चोयल, कालुराम काग चितल, समस्त कार्यकारिणी सदस्य, नवयुवक मंडल के कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का विशेष कवरेज पत्रकार जगदीश सीरवी ने किया। यू-ट्यूब पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण बी आर एस राजस्थानी मीडिया भगवान राम राठौड़, बबलू ने किया। महाआरती व सचिव हुक्माराम सानपुरा के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन हुआ।







चारमीनार स्थित भाग्यलक्ष्मी मंदिर के पास भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा द्वारा आयोजित बतुकम्मा पर्व में भाग लेती हुईं मोर्चा अध्यक्ष शिल्पा, वरिष्ठ भाजपा नेता सपना गुप्ता व अन्य।



श्री महांकालेश्वर मंदिर, मीरआलम मंडी में प्रारंभ हुए नवरात्रि उत्सव के तहत माता का श्रीबाला त्रिपुर सुंदरी देवी के रूप में अलंकार किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मंदिर समिति के चेयरमैन गजुला अंजय्या।



# गुरु नानक शिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय स्तर का अंडर-25 समिट आयोजित



**हैदराबाद, 05 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राष्ट्रीय स्तर का अंडर-25 समिट में गुरु नानक शैक्षणिक संस्थानों और विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऐसा मंच बनाना है जहां छात्र अपने विशिष्ट क्षेत्र तक ही सीमित न रहें बल्कि एक आदर्श व्यक्तित्व विकसित करें और उन्हें प्रौद्योगिकी के माध्यम से नवीनता प्रदान करें।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रख्यात अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी और फिल्म अभिनेता अरविंद कृष्णा और उभरते युवा पार्श्व गायकों में से एक कुणाल किशोर ने अपनी आवाज से छात्रों का मनोरंजन किया, उनकी शंकाओं को दूर किया और बताया कि एक सफल करियर के लिए रणनीति कैसे बनाई और लागू की जाए। इस अवसर पर गुरु नानक विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष और चांसलर जी.एस. कोहली और गुरु नानक विश्वविद्यालय के प्रबंध निदेशक और कुलपति डॉ. एच.एस. सैनी ने खेल और सिनेमा के क्षेत्र से जुड़े अतिथियों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान छात्रों को उनके करियर में उच्च सफलता दिलाने और उनके व्यक्तित्व विकास को निखारने तथा भविष्य में कुछ नया करने के लिए अनुभवी शिक्षकों की देखरेख में प्रशिक्षण कक्षाएं आयोजित कर रहा है।

उन्होंने छात्रों को इस सम्मेलन के माध्यम से एक और मील का पत्थर छूने और अपने लक्ष्य हासिल करने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. श्रीनाथ रेड्डी, डॉ. संजीव श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ. के. वेंकट राव, संयुक्त निदेशक डॉ. पार्थसारधे, विनय चोपड़ा, निदेशक कॉर्पोरेट रिलेशंस और अन्य विभाग प्रमुखों और स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

# भारत-चीन युद्ध के शहीदों को याद किया जाएगा

## 17 अक्टूबर को मनेगा वालोंग दिवस

वालोंग, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय सेना इस बार 62वां वालोंग दिवस 17 अक्टूबर को मनाएगी। इस दिन 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान वालोंग की लड़ाई में बहादुरी से लड़ने वाले सैनिकों के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। समारोह 17 अक्टूबर को वालोंग युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण के साथ शुरू होगा, जो उन बहादुर दिलों की याद में है जिन्होंने हमारी मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी।भारतीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि 62वां वालोंग दिवस न केवल अतीत को श्रद्धांजलि देने वाला होगा, बल्कि भारतीय सेना की साहसी आत्मा का एक जीवंत उत्सव भी होगा। यह दिवस अतीत को स्मरण करने के साथ-साथ स्थानीय समुदाय को शामिल करने और राष्ट्र निर्माण को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। इस महीने भर के उत्सव में युद्धभूमि पर ट्रैकिंग, कार रैली, चिकित्सा और पशु चिकित्सा कैंप, साहसिक ट्रेकिंग, साइकिल और मोटरसाइकिल अभियान और वालोंग में समाप्त होने वाली हाफ मैराथन शामिल है।

प्रत्येक कार्यक्रम भारतीय सेना की अदम्य आत्मा और शहीदों की याद को जीवित रखने की उनकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।रावत ने बताया कि वालोंग की लड़ाई में भारतीय सेना की भागीदारी उसके सैनिकों के साहस, समर्पण और अडिग आत्मा का प्रमाण है। अरुणाचल प्रदेश की कठिन भौगोलिक चुनौतियों का सामना करते हुए, 6 कुमाऊं, 4 सिख, 2/8 गोरखा राइफल्स, 3/3 गोरखा राइफल्स और 4 डोगरा के सैनिकों ने अपार साहस के साथ लड़ाई लड़ी, जिससे दुश्मन को हर इंच भूमि के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी। विपरीत परिस्थितियों में भी उनके साहस ने भारतीय सैन्य इतिहास में एक अमिट छाप छोड़ी है।

आने वाली गतिविधियां सेना की इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि न केवल अतीत के बलिदानों को याद किया जाए, बल्कि स्थानीय समुदाय के साथ जुड़कर एकता, सहनशीलता और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा दिया जाए। भारतीय सेना सभी को आमंत्रित करती है कि वे ऊर्जा के साथ उनके साथ मिलकर उनके परिश्रम का जश्न मनाएं, उन लोगों की विरासत को सम्मान दें जिन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को स्मरण करें। 62वां वालोंग दिवस वालोंग के नायकों को एक दिल से श्रद्धांजलि देने का वादा करता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि उनकी साहस की कहानियां राष्ट्र को प्रेरित करती रहेंगी।

# आज से सिकंदराबाद-वास्को-डी-गामा के मध्य दौड़ेगी साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन

## केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

**हैदराबाद, 05 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी आगामी 6 अक्टूबर को सिकंदराबाद स्टेशन से सिकंदराबाद-वास्को-डी- गामा उद्घाटन एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर गंतव्य के लिए रवाना करेंगे। इस अवसर पर पोन्नम प्रभाकर,परिवहन मंत्री तेलंगाना सरकार, विजयालक्ष्मी आर. गडवाल, महापौर, ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम, एम. अनिल कुमार यादव, सांसद राज्यसभा, एस वाणी देवी, एमएलसी, एवीएन रेड्डी, एमएलसी, एम. एस. प्रभाकर राव एमएलसी, मिर्ज़ा रहमत बेग एमएलसी, मो. महमूद अली एमएलसी, मिर्ज़ा रियाज़ुल हसन इफ़ेंडी एमएलसी, डॉ. बी. वेंकट नरसिंग राव एमएलसी, आमेर अली खान एमएलसी, प्रो. एम. कोदंडा राम रेड्डी एमएलसी, तलसानी श्रीनिवास यादव विधायक सनथनगर के इस अवसर पर उपस्थित रहने की संभावना है।

अरुण कुमार जैन, महाप्रबंधक, दक्षिण मध्य रेलवे और अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।


DAILY
खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिंदी दैनिक समाचार पत्र
में
दुःखद समाचार जैसे
स्वर्गवास, उठावना, पगड़ी रस्म, श्रद्धांजलि, पुण्यतिथि का विज्ञापन
अब मात्र रू.500/- में
साईज : 12 X10 cm
विज्ञापन एवं अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
77991 44471, 8688868345


# एग्जिट पोल में हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में गठबंधन सरकार के आसार

**नई दिल्ली, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।** हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के विभिन्न एजेन्सियों के एग्जिट पोल में हरियाणा और जम्मू कश्मीर में कांग्रेस और उसके गठबंधन को सबसे अधिक सीटें मिलती दिखाई दे रही हैं लेकिन वह बहुमत के आंकड़े से दूर है इसलिए दोनों राज्यों में गठबंधन सरकार बनने के आसार नजर आ रहे हैं। एग्जिट पोल के अनुसार हरियाणा में निर्दलीय प्रत्याशी और छोटे दल किंग मेकर की भूमिका में होंगे। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव की 90 सीटों के लिए हुए चुनाव के एग्जिट पोल में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलता दिखाई दे रहा है और केन्द्र शासित प्रदेश में गठबंधन की सरकार बनती दिख रही है। सभी एग्जिट पोल में कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेन्स गठबंधन को सबसे आगे दिखाया गया है, लेकिन वह स्पष्ट बहुमत से दूर दिखायी दे रही है। ज्यादातर एग्जिट पोल में भाजपा को अकेले अपने दम पर 30 के करीब सीट मिलती दिख रही हैं।

# तेलंगाना में अगले पांच दिनों में बिजली चमकने, आंधी आने का अनुमान

**हैदराबाद, 05 अक्टूबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना में अगले पांच दिनों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली चमकने के साथ-साथ आंधी आने का अनुमान है।मौसम विभाग ने यहां दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा कि अगले सात दिनों के राज्य में कुछ स्थानों पर या अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है। तेलंगाना में दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कामारेड्डी जिले में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश हुई। रिपोर्ट के अनुसार, इसी अवधि के दौरान तेलंगाना में एक या दो स्थानों पर भी बारिश हुई।




अग्रवाल समाज मलकपेट के तत्वावधान में प्रतिमाह के अनुसार मासिक अन्नाप्रसाद का आयोजन गंज स्थित अग्रसेन हॉल के पास किया गया, जिसमें 650 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शाखा के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल,मानद मंत्री प्रदीप बंसल, संयुक्त मंत्री शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण मोदी,परामर्शदाता महावीर प्रसाद अग्रवाल,हरिश्चंद्र बजाज, गोविंद मोदी, सुरेश पटवारी,नितिन अग्रवाल ने अपनी सेवा प्रदान करी




क्लासिक कन्वेंशन-3 में आयोजित सौभाग्य इन्फ्रा डेवेलपर्स प्रा.लि. द्वारा प्रजेंट्स रंगताली नवरात्रि महोत्सव के दूसरे दिन माता की आरती करते हुए आयोजक एवं श्री सिद्धिविनायक प्रकाशन समूह के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल-पुष्पा अग्रवाल व अन्य। इस अवसर पर नवरात्रि उत्सव में भाग लेने पहुंचे समाज सेवी एवं महेश बैंक की निदेशक भगवती बल्दवा, महेश बल्दवा, कैलाश नारायण भांगडिया, मनोज इन्नानी, पूजा इन्नानी, अरुण बांगड का आयोजकों द्वारा सम्मान किया गया। अवसर पर समिति सदस्य भरत तायल, आशीष शर्मा, संचालिका एमसी कोमल शर्मा व अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों ने गरबा-डांडिया का आनंद लिया।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरु में विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया

**बेंगलुरु, 05 अक्टूबर (एजेंसियां)।**

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का शनिवार को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने गर्मजोशी से स्वागत किया। बाद में उन्होंने केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा रेलवे स्टेशन (हॉल्ट) बेंगलुरु छावनी के बीच विंडो-ट्रेलिंग निरीक्षण किया और कई प्रमुख परिचालन और सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा की। इस दौरान रेल राज्य मंत्री वी. सोमन्ना उनके साथ थे। बाद में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वी. सोमन्ना के साथ बेंगलुरु छावनी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। बेंगलुरु छावनी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों के संबंध में रेलवे अधिकारियों के साथ बेंगलुरु छावनी में एक समीक्षा बैठक भी की। बेंगलुरु छावनी रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान सांसद पी. सी. मोहन भी उपस्थित थे।बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए अश्विनी वैष्णव ने परिवहन प्रणाली में रेलवे के महत्व पर जोर दिया।



श्री जगन्नाथ मठ माधवदास झीरा में भक्तों द्वारा माता लक्ष्मी की 21 दीप आरती कर गरबा-डांडिया का आयोजन किया गया। जिसमें महंत अच्युत रामानुजाचार्य ने भक्तों को आशीर्वाद प्रदान किया।










स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.